

महिलाएं तय करें कि राजद व उसके सहयोगी सत्ता में न लौटें - 12



भारत-रूस के कारोबारी रिश्तों को उड़ान यूपी अहम किरदार- 12



यूएन में नेतन्याहू ने दिखाए तेवर बोले-गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करके रहेंगे - 13



यह दबाव लिए बिना परिस्थितियों का लुत्फ उठाने के बारे में है : हरमनप्रीत - 14


आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.00

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 12:04 षष्ठी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 27 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 46, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### स्वदेशी 4जी का आज लोकार्पण करेंगे मोदी

**भोपाल।** बीएसएनएल अपने रजत जयंती वर्ष में स्वदेशी 4जी युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 27 सितंबर को ओडिशा के झारसुगुड़ा से देश को बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सेवा राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 97,500 मोबाइल टावरों का उद्घाटन किया जाएगा। यह सेवा टीसीएस और तेजस नेटवर्क के साथ सी-डॉट कोर पर आधारित है। यह तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी है और 5जी में अपग्रेड करने की क्षमता भी रखती है।

### प्रदूषण निधि का 75 % उपयोग करना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत शामिल शहरों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे अब तक वितरित की गई राशि का कम से कम 75 प्रतिशत उपयोग करें, तभी उन्हें वित्त वर्ष 2025-26 के लिए धन आवंटित किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रियान्वयन की निगरानी कर रही समिति ने 29 अगस्त को बुलाई गई एक बैठक में कहा कि एनसीएपी के तहत 130 शहरों को वितरित कुल 13,236 .80 करोड़ में से केवल 769 .83 करोड़ रुपये (74%) का ही उपयोग किया गया है।

### प.बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ को दी जमानत

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती अनियमितता मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को शुक्रवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में नौकरी के लिए नकदी मामले के मुख्य आरोपी चटर्जी को प्राथमिक स्कूल भर्ती में अनियमितताओं के मामले में जमानत दी गई। सीबीआई ने पिछले साल 27 दिसंबर को आरोप-पत्र दायर किया था। यह घोटाला हजारों करोड़ रुपये का है।

### कैदी के दिल से निकाली गईं तीन सुइयां

**इंदौर।** इंदौर के एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने 29 वर्षीय कैदी के दिल में धंसी तीन सुइयों को जटिल सर्जरी से निकालकर उसे नया जीवन दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये सुइयां एयरगन से दागी गई थीं। उसका अब तक जिंदा रहना करिश्मे से कम नहीं है। शल्य चिकित्सक डॉ. सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि मरीज को छाती के बाईं तरफ चुभन और दर्द की शिकायत थ।

# निकायों में होगी तीन हजार भर्ती, महिलाओं को दिवाली पर फ्री सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यूपी कैबिनेट के फैसले**

- स्कॉलरशिप से वंचित छात्रों के लिए 647.38 करोड़ रुपये



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्तावों को पेश किया गया। इन प्रस्तावों में पर्यटन, शिक्षा, खनन, कृषि, बुनियादी ढांचा, और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों को मजबूत करने की योजनाएं शामिल रहीं।

शुक्रवार शाम लोक भवन में हुई इस बैठक में राज्य के निकायों में तीन हजार कर्मियों की भर्ती का रास्ता भी साफ किया गया। निवेशकों को प्रोत्साहन देने की योजनाओं के साथ दिवाली में उज्जवला योजना के तहत लगभग 1.85 करोड़ महिलाओं को फ्री में सिलेंडर और साल 2024 में विभिन्न कारणों से छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह गए लगभग पांच लाख बच्चों को छात्रवृत्ति देने को मंजूरी दी गई। इस हेतु 647.38 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

कैबिनेट ने स्थानीय निकायों में लगभग तीन हजार पदों पर भर्ती नीति को मंजूरी दी है। निकायों में कॉडर पुनर्गठन के बाद बढ़े इन पदों के लिए मानक तय करने का प्रस्ताव भी पारित किया है। इससे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों को अनुदान प्रदान करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई। विभिन्न विभागों के निवेश प्रोत्साहन योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

### मोटा अनाज खरीद नीति को मंजूरी

खरीफ विपणन साल 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान क्रय नीति निर्धारण को स्वीकृति दी गई। 1 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक पश्चिमी उप्र. में, 15 अक्टूबर से 28 फरवरी 2026 तक पूर्वी उप्र. में, धान क्रय किया जाएगा। इस साल कॉमन धान का क्रय मूल्य 2369 रु./क्विंटल तथा ग्रेड ए धान के लिए 2389 रु./क्विंटल तय किया गया है। 60 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। मक्का क्रय 2400 रुपये क्विंटल, बाजरा 2775 रुपये क्विंटल, ज्वार (हाइब्रिड) 3699 रुपये तथा ज्वार का खरीद मूल्य 3749 रुपये क्विंटल तय किया गया है।

### मृतक आश्रित को उसी कैडर में नौकरी

सुप्रीम कोर्ट में दायर मृतक आश्रित संबंध में अपील ''प्रेमलता बनाम उप्र. सरकार'' के आधार पर मृतक आश्रित योजनांतर्गत जो व्यक्ति जिस कैडर अंतर्गत मृत होगा उसके आश्रित को उसी कैडर अंतर्गत नौकरी मिलेगी, उदाहरण के तौर पर समूह ग आश्रित को उसी श्रेणी में, समूह घ आश्रित को उसी श्रेणी में नौकरी मिलेगी। इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे का प्रस्ताव पास

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस वे तक लिंक एक्सप्रेस वे वाया फर्रुखाबाद 90 किमी का ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नए शहर प्रोत्साहन परियोजना अंतर्गत रामपुर, अयोध्या, लखनऊ, बागपत विकास प्राधिकरण को धनराशि प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।

### तीन नए निजी विवि की स्थापना को मंजूरी

**लखनऊ।** कैबिनेट ने प्रदेश में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ बनाने के लिए तीन नए निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने का निर्णय लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि संभल के चन्दौसी क्षेत्र में राधा गोविंद विवि की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए, उप्र. निजी विवि (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2025 लाने का निर्णय लिया गया। यह विश्वविद्यालय 22 .05 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा। झांसी में गांधी विवि की स्थापना के लिए आशय-पत्र निर्गत किया गया है। यह विवि 20 .21 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा। फतेहपुर में ठाकुर युगराज सिंह विवि की स्थापना को आशय-पत्र जारी किया गया है।

# बरेली में बवाल, पुलिस पर पथराव और फायरिंग के बाद लाठी चार्ज

## आई लव मोहम्मद के पोस्टर पर कार्रवाई के विरोध में जुटी थी भीड़

- शरारती तत्वो ने गलियों और छतों से पुलिस पर किया पथराव
- उपद्रवियों पर काबू पाने को पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले
- पथराव-फायरिंग में पुलिस कर्मियों को लगे छर्रे, 10 घायल
- बवाल के बाद शहर के तमाम बाजार हुए बंद, कई गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली में जिला पंचायत रोड पर लाठीचार्ज के बाद मची भगदड़ में सड़क पर छूटे लोगों के जूते-चप्पल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाने पर कानपुर में हुई कार्रवाई के विरोध में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद जुटी भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने शहर में पांच जगहों पर भारी बवाल किया।

उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर फायरिंग की। दुकानों में तोड़-फोड़ और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिए। बिहारीपुर पुलिस चौकी के पास पुलिस पर फायरिंग की। पथराव और छर्रे लगने 10 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ लाठी चार्ज किया। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बवालियों से कई असलहे भी बरामद किए गए हैं। घटना के बाद आधे से ज्यादा शहर के बाजार बंद हो गए। कानपुर की घटना के विरोध में मौलाना तौकीर रजा खां ने जुमे की नमाज के बाद समुदाय के लोगों के साथ इस्लामिया इंटर स्कूल के ग्राउंड पर धरना प्रदर्शन का एलान किया था। इसकी अनुमति पुलिस-प्रशासन ने नहीं दी थी। जिले में धारा 163 लागू होने के बावजूद शुक्रवार दोपहर लोगों का हुजूम इस्लामिया पहुंचने लगा। इसी बीच भीड़ की शक्ल में उपद्रवियों ने पुलिस के सामने नारेबाजी और तकरीर शुरू कर दी। उपद्रवी बेकाबू होते दिखे तो पुलिस ने उन्हें रोकने-समझाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया गया। कई दुकानों में तोड़-फोड़ भी की। हालात काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। उपद्रवियों ने गली और छतों से पुलिस पर पथराव किया।

> उपद्रवियों ने पथराव और फायरिंग कर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की। बवाल में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने लाठी चार्ज करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे भीड़ तितर-बितर हुई। घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई गई है। उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है। कई लोगों को गिरफ्तार किया है। असलहे बरामद किए हैं। इस घटनाक्रम में शामिल किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।
> **-अजय कुमार साहनी**, डीआईजी बरेली

# ट्रंप ने अब दवाओं पर लगाया 100 % टैरिफ

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

- दवाओं पर शुल्क उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में लगा रहीं संयंत्र
- किचन कैबिनेट, फर्नीचर और भारी ट्रकों पर भी आयात कर लगाने की घोषणा की



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह एक अक्टूबर से आयातित वस्तुओं पर भारी कर लगाएंगे, जिनमें दवाइयों पर 100 प्रतिशत, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी (सिंक और सामान रखने के लिए उसके साथ बनी हुई अलमारी) पर 50 प्रतिशत, अपहोल्स्टर्ड फर्नीचर पर 30 प्रतिशत और भारी ट्रकों पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक पोस्ट में यह घोषणा की। ट्रंप ने इन शुल्कों को लगाने का कोई कानूनी आधार नहीं दिया। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि आयातित किचन कैबिनेट और सोफों पर कर राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य कारणों से जरूरी है।

ट्रंप ने कहा कि दवाओं पर शुल्क उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में संयंत्र लगा रही हैं। लेकिन यह स्पष्ट नहीं कि पहले से मौजूद कारखानों पर कर कैसे लागू होगा। अमेरिका ने 2024 में लगभग 233 अरब डॉलर की दवाएं आयात कीं। ऐसे में दवाओं की कीमत दोगुनी होना स्वास्थ्य खर्च और इलाज की लागत को बढ़ा सकता है। इस घोषणा ने सभी को चौंकाया है क्योंकि पहले ट्रंप ने कहा था कि दवाओं पर कर धीरे-धीरे लागू होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस का कहना है कि इस साल की शुरुआत में शुल्क की धमकी से जॉनसन एंड जॉनसन, एस्ट्राजेनेका, रोशे, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब और एली लिली जैसी कंपनियों ने अमेरिका में निवेश का एलान किया। कनाडाई चेंबर ऑफ कॉमर्स ने चेतावनी दी है कि शुल्क से दवाओं की कीमत तुरंत बढ़ेगी, बीमा व्यवस्था और अस्पतालों पर दबाव बढ़ेगा और मरीजों को दवाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

### भारतीय दवा कंपनियों पर होगा सबसे ज्यादा असर

उल्लेखनीय है कि भारत से बड़ी मात्रा में अमेरिका को दवाओं का निर्यात होता है। अमेरिका में अधिकांश सस्ती और जेनेरिक दवा भारत से ही जाती हैं। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का सबसे अधिक असर भारतीय दवा कंपनियों पर पड़ेगा। इससे पहले अमेरिका ने अगस्त में दो बार में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था।

# आसमान में आखिरी बार गरजा मिग-21



मिग-21 के सेवामुक्ति समारोह के दौरान संबोधन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

चंडीगढ़, एजेंसी

- छह दशक सेवा के बाद वायुसेना से गौरवपूर्ण विदाई
- रक्षामंत्री राजनाथ ने इसे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया

छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध लड़ाकू विमान मिकोयान-गुरेविच मिग-21 ने शुक्रवार को अंतिम बार भारतीय आकाश में उड़ान भरी और इसकी विदाई इतिहास और स्मृतियों में दर्ज हो गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिग-21 को एक शक्तिशाली विमान और राष्ट्रीय गौरव बताते कहा कि इस विमान ने हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया है।

मंत्री ने कहा कि मिग-21 केवल एक विमान या मशीन ही नहीं, बल्कि यह भारत-रूस के मजबूत संबंधों का प्रमाण भी है। सिंह ने समारोह में कहा कि मिग-21 ने हमारी सैन्य विमानन यात्रा में कई गौरवपूर्ण क्षण जोड़े। उन्होंने कहा कि विश्व के सैन्य विमानन के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में कोई लड़ाकू विमान नहीं बनाया गया है। कहा कि 11,500 से अधिक मिग-21 विमान बनाए गए और उनमें से 850 लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने। यह संख्या इसकी लोकप्रियता, विश्वसनीयता और बहुआयामी क्षमता का प्रमाण है।

उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध, 1999 के कारगिल संघर्ष और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों में इस विमान की भूमिका को याद किया। कहा कि इतिहास में ऐसे कई मौके आए हैं जब मिग-21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की है। इस मौके पर राजनाथ सिंह के अलावा वायुसेना के पूर्व प्रमुख एवाई टिपनिस, एसपी त्यागी और बीएस धनोआ तथा वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद थे।

# जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक गिरफ्तार

लेह, एजेंसी



- सुरक्षा कारणों से लेह में बंद की गईं मोबाइल इंटरनेट सेवाएं

लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर केंद्र शासित प्रदेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के दो दिन बाद शुक्रवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 अन्य घायल हो गए थे।

लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने अपराह्न 2.30 बजे वांगचुक को हिरासत में ले लिया। वांगचुक पर लगाए गए आरोपों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन प्रशासन के सूत्रों ने संकेत दिया है कि जलवायु कार्यकर्ता के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लेह क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से मुखर रूप से बोलने वाले वांगचुक, (लद्दाख को) राज्य का दर्जा तथा लेह और कारगिल के निवासियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के वास्ते पांच साल से चल रहे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

### लेह में लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू लागू

**लेह।** लेह शहर में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी कर्फ्यू जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। स्थिति शांतिपूर्ण रही। गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय टीम ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एलएबी के प्रतिनिधियों, उपराज्यपाल, नागरिक और पुलिस अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं।

# सुप्रीम कोर्ट ने दी हरित पटाखे बनाने की मंजूरी

- दिल्ली एनसीआर में बिक्री पर रहेगी रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रमाणित विनिर्माताओं को इस शर्त पर हरित पटाखे बनाने की शुक्रवार को अनुमति दे दी कि उनकी बिक्री दिल्ली-एनसीआर में बिना मंजूरी के नहीं की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों के विनिर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध पर नए सिरे से विचार करने को भी कहा। पीठ ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अंतिम निर्णय से पहले दिल्ली सरकार, सभी हितधारकों से परामर्श का निर्देश दिया।

# यूपीईएसएससी अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय का इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीईएसएससी) की अध्यक्ष प्रोफेसर कीर्ति पांडेय ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। शासन ने त्यागपत्र स्वीकार करते हुए आयोग के वरिष्ठ सदस्य रामसूचित को वैकल्पित कार्यभार सौंपा है। प्रो. पांडेय ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। हालांकि, उनके निर्णय पर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं।

ऐसे समय में जब कई परीक्षाएं संभावित हैं। आयोग के अध्यक्ष के त्यागपत्र देने से परीक्षा संबधी तैयारियों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी के अनुसार एक सितंबर 2024 को प्रो. कीर्ति अध्यक्ष नियुक्त हुई थीं।

**जवाबदेही तय होगी** | मुख्यमंत्री ने 3,96,602 छात्र-छात्राओं को वितरित की 89 .96 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति

# बख्शे नहीं जाएंगे छात्रवृत्ति रोकने वाले अफसर : योगी

- पांच लाख छात्रों को दिवाली से पहले मिलेगी स्कॉलरशिप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सख्त चेतावनी दी कि छात्रवृत्ति रोकने वाले अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थानों की लापरवाही से अनुसूचित जाति-जनजाति के पांच लाख से अधिक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए।

डाटा अपलोड न होने के कारण स्कॉलरशिप रोक दी गई थी, मगर अब सरकार ने दिवाली से पहले सभी के खाते में छात्रवृत्ति भेजने का फैसला किया है। आईजीपी में शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने 3,96,602 छात्र-छात्राओं को 89.96 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप वितरित की। उन्होंने साफ कहा कि जिन अफसरों की वजह से बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिली, उनकी जवाबदेही तय होगी। भविष्य में ऐसी गलती दोहराने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। योगी ने कहा कि 2017 से पहले छात्रवृत्ति में भारी गड़बड़ियां होती थीं। राशि समय पर नहीं मिलती थी और भेदभाव भी होता था। लेकिन 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद 2016-17 और 2017-18 की छात्रवृत्ति हर बच्चे तक पहुंचाई गई। सीएम ने जोर देकर कहा कि अब डीबीटी से पैसा सीधे खाते में जाता है, न कोई बिचौलिया, न भ्रष्टाचार। सीएम ने बताया कि 2017-18 से 2024-25 तक एससी-एसटी वर्ग के 1.23 करोड़ छात्रों को 9,150 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। सामान्य वर्ग के 58.90 लाख छात्रों को 5,945 करोड़ रुपये और पिछड़े वर्ग के 2.07 करोड़ छात्रों को 13,535 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। मंत्री नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, अनुसुचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में एक छात्रा को छात्रवृत्ति देते मुख्यमंत्री योगी।

### स्कॉलरशिप दोगुनी बजट की कमी नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017-18 में 1,648 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती थी, 2025-26 में यह बढ़कर 3,124 करोड़ रुपये हो गई है। यानी स्कॉलरशिप दोगुनी हो चुकी है। 2017 से अब तक 2 करोड़ से ज्यादा छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### महाकुंभ की टीम को एक्सीलेंस अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज महाकुंभ का फायर एंड सेफ्टी मॉडल देशभर के अन्य राज्यों में बड़े आयोजनों के लिए एक रोल मॉडल बनता जा रहा है। अपने कौशल, रणनीति और क्विक रेस्पॉन्स से प्रयागराज महाकुंभ को आग की बड़ी दुर्घटनाओं और जन हानि से बचाने वाली इस टीम को महाराष्ट्र में सम्मान से नवाजा गया है। महाराष्ट्र तीसरा राज्य है, जिसने प्रयागराज के फायर सेफ्टी मॉडल पर टीम को सराहा और सम्मानित किया है। महाराष्ट्र के मुंबई में गोरेगांव में इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया की ओर से आयोजित इंटरनेशनल स्तर के समारोह में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान अगुवाई करने वाली अग्निशमन और आपात सेवा की टीम को फायर सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनीयर्स इंडिया के डायरेक्टर जनरल यू.एस छिल्लर ने यह अवॉर्ड टीम को दिया। टीम में जिन लोगों को सम्मानित किया गया, उसमें महाकुंभ में टीम की अगुवाई करने वाले आईपीएस पद्मजा चौहान, महाकुंभ के फायर सेफ्टी के नोडल अफसर प्रमोद कुमार शर्मा और चीफ फायर ऑफिसर अंकुश मित्तल शामिल हैं।

### रेलवे स्टेशनों पर चलाया क्लीन फूड अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर और उत्तर रेलवे प्रशासन ने शुक्रवार को प्रदेश के 25 से अधिक स्टेशनों पर क्लीन फूड अभियान चलाया। जिसमें स्टेशनों पर कैंटीन, स्टॉल, भोजनालयों, रसोईघर का अफसरों ने निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सामग्रियों की एक्सपायरी डेट, लाइसेंस आदि की जांच की गयी। वहीं क्वालिटी कंट्रोल के लिए खाद्य सामग्रियों के नमूने भी एकत्रित किये गये। मौजूदा समय में रेलवे स्वच्छता पखवारा मना रहा है। इसी के तहत स्टेशनों पर क्लीन फूड अभियान चलाया गया है।

### सिविल सेवा योजना की प्रवेश परीक्षा आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित सिविल सेवा परीक्षा योजना में शामिल होने के लिए रविवार को 450 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 850 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया था। यह प्रवेश परीक्षा बाबूगंज स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन छात्रों को मिलता है जिन्होंने सिविल सेवा में जाने के लिए संस्कृत साहित्य विषय का चयन किया है। उन्हें नि:शुल्क शिक्षा, अध्ययन सामग्री के साथ तीन हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है। यह जानकारी योजना के संयोजक डॉ. शीलवन्त सिंह ने शुक्रवार को दी।

### कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ सुरक्षित कार्यस्थल–सशक्त नारी अभियान और सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से संरक्षण संबंधी कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति प्रतिभागियों और आमजन को जागरूक करना था। अभियान के पहले दिन विभिन्न आयोजनों में प्रदेश की लगभग 50 हजार महिलाओं ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री योगी की महिला सशक्तिकरण मुहिम में कॉलेज छात्राएं, अधिवक्ता, श्रमिक संगठन और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे। मिशन शक्ति–5.0 का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।

### 8.25 लाख लोगों ने दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** समर्थ उत्तर प्रदेश–विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 अभियान के तहत शुक्रवार तक 8.25 लाख प्रदेशवासियों ने अपने सुझाव साझा किए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 6.3 लाख तो वहीं नगरीय क्षेत्रों से लगभग 1.75 लाख प्रदेशवासी जुड़ चुके हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्ध जनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघटनों, मीडिया एवं आमजन से संवाद किया। इस दौरान विगत 8 वर्षों की विकास यात्रा पर जानकारी साझा करने के साथ भविष्य की विकास रूपरेखा पर चर्चा की गई। सर्वाधिक 4.5 लाख सुझाव 31–60 आयु वर्ग के लोगों द्वारा दिए गए हैं, जबकि 3.5 लाख सुझाव 31 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों ने दिए हैं।

# छापेमारी में डाक विभाग का मेल ओवरसीयर घूस लेते गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को मऊ के मोहम्मदाबाद गोहना पोस्ट ऑफिस में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने विभाग के मेल ओवरसीयर त्रिभुवन यादव को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ लखनऊ में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया।

सीबीआई के अधिकारी के मुताबिक ग्रामीण डाक सेवा ब्रांच के पोस्टमाटर दीपक दास ने शिकायत की थी। आरोप था कि एक माह के अवकाश के लिए ऑन लाइन आवेदन किया था। जिसे ऑन लाइन मैसेज के माध्यम से स्वीकृत कर दिया गया था। इसके बाद भी सब डिविजनल इंस्पेक्टर (एसडीआई) अभिषेक राय ने अवकाश को स्वीकृति देने और ड्यूटी से मुक्त करने के बदले में 10 हजार रुपये की मांग की। यह रकम दीपक से मेल ओवरसीयर त्रिभुवन यादव के माध्यम से मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई मुख्यालय लखनऊ से टीम तैयार की गई। गुरुवार को टीम ने छापा मारकर आरोपी मेल ओवरसीयर त्रिभुवन यादव को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

# 2007 की भर्ती में घालमेल, 54 लैब टेक्नीशियन रडार पर

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने तैनात टैक्नीशियनों की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वास्थ्य विभाग की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में वर्षों पुरानी एक और भर्ती अब संदेह के घेरे में आ गई है। वर्ष 2007 में हुई 572 लैब टेक्नीशियन पदों की भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और भाई-भतीजावाद का खुलासा हुआ है। एक ही परिवार के नियुक्ति पाने वाले आठ टेक्नीशियन समेत 54 टेक्नीशियन प्रारंभिक जांच में संदेह के घेरे में आ चुके हैं। जांच रिपोर्ट शासकीय कार्यालय में पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं हैं, जांच रिपोर्ट देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अंतर्गत कार्यरत लैब टैक्नीशियनों की नियुक्ति संबन्धी जांच के दौरान कई खुलासे हुए। जिला फतेहपुर के जगनंदन सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, किरन कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, सोशल सिंह, संजय कुमार सिंह, रंजीत सिंह और सर्वेश सिंह कुल टेक्नीशियन को एक ही परिवार से जुड़ा माना गया है, इसके अलावा बस्ती जिले के




राकेश प्रताप मणि और चंद्रभान प्रताप मणि दो सगे भाइयों को भी संदेह के घेरे में रखा गया है। हरदोई में मल्लावां के राजेश कुमार व उपेन्द्र कुमार को भी संदेह की सूची में शामिल किया गया है।

इसके अलावा जिनके पिता का नाम या पता एक ही है यानी एक परिवार से कई लोगों के चयनित होने का प्रमाण मिले हैं। इनमें भगवती मिश्रा के दो पुत्र संतोष मिश्रा और अंबुज कुमार शुक्ल शामिल हैं यानी पिता मिश्र और पुत्र शुक्ल। संदेह सूची में शामिल विवेक कुमार मिश्र, जितेंद्र कुमार मिश्र और विरेन्द्र कुमार मिश्र, तीनों का गृह जनपद इलाहाबाद है, मगर पता केवल जितेन्द्र कुमार का ही है, पिता के नाम एक हैं। शंभू नाथ दिवेदी के दो पुत्र प्रकाश चंद्र द्विवेदी व विकास चंद्र द्विवेदी, एक ही घर के पते पर नागेन्द्र कुमार यादव व पंकज यादव, बस्ती निवासी मोती लाल के नौकरी पाए दो पुत्र महेन्द्र कुमार व अरूण कुमार, गोंडा निवासी कुंवर बहादुर सिंह के दो पुत्र सुनील कुमार सिंह और ध्रुव कुमार सिंह के पते बदले हुए हैं, हरदोई निवासी शिवराज सिंह के दो पुत्र संजीव कुमार व राजकुमार सिंह, कानपुर देहात के राम प्रकाश के दो पुत्र ज्ञान प्रताप व भानू प्रताप मणि के पते अलग-अलग हैं। कौशांबी जिले तैनात टेक्नीशियन धीरेन्द्र कुमार सिंह, रामबाबू सिंह, युवराज सिंह और शिव सिंह के अलावा फतेहपुर के गुलाब सिंह के चार पुत्र संतोष कुमार सिंह, जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह और अतुल कुमार सिंह को संदेह के दायरे में शामिल किया गया है।

# धान क्रय लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन सेमीकंडक्टर निवेश को हरी झंडी

## यूपी कैबिनेट ने लिए आर्थिक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे संबंधी फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में सभी 22 प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कैबिनेट के फैसलों की विस्तृत जानकारी साझा की। खन्ना ने बताया कि सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी मिली है, जो राज्य के आर्थिक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में नई दिशा प्रदान करेंगे।

**2025-26 के लिए धान क्रय नीति की घोषणा :** खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए मूल्य संवर्धन योजना के अंतर्गत धान क्रय नीति की घोषणा की गई है। इसके तहत पश्चिमी उप्र. में 1 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक और पूर्वी उप्र. में 15 अक्टूबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक धान की खरीद की जाएगी। गत वर्ष कॉमन धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2300 रुपये प्रति क्विंटल था, जो इस वर्ष बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसी प्रकार, ग्रेड ए धान के लिए पिछले वर्ष 2330 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले इस वर्ष 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कुल 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें वर्तमान में 3100 क्रय केंद्र कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इनकी संख्या बढ़ाकर 700 अतिरिक्त केंद्र जोड़े जाएंगे, ताकि किसानों को अधिक सुविधा मिल सके।

### मक्का का 2400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित

मोटा अनाज की खरीद नीति भी मंजूर की गई, जो 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। मक्का की खरीद के लिए 2400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 2225 रुपये प्रति क्विंटल से 175 रुपये की वृद्धि दर्शाता है। प्रदेशभर 75 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे और 15 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य है।

### बाजरा का 2775 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय

बाजरा की खरीद के लिए 2775 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किया गया है, जो पिछले वर्ष के 2625 रुपये से 150 रुपये अधिक है। बाजरा की खरीद 33 जिलों में होगी। 300 क्रय केंद्रों के माध्यम से 2 लाख 20 हजार मीट्रिक टन बाजरा खरीदा जाएगा।

### 50 हजार मीट्रिक टन ज्वार खरीद का लक्ष्य

ज्वार की खरीद नीति में भी वृद्धि की गई है। हाईब्रिड ज्वार के लिए 3699 रुपये प्रति क्विंटल तथा मालदांडी ज्वार के लिए 3749 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है। 80 क्रय केंद्रों से 50 हजार मीट्रिक टन ज्वार खरीद का लक्ष्य रखा गया है।

### खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर विशेष जोर

बैठक में ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने वाले फैसलों पर विशेष जोर दिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) न्यास तृतीय संशोधन नियमावली 2025 को मंत्रिपरिषद ने अपना अनुमोदन दे दिया है। इस संशोधन से राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। संशोधन के तहत जिला खनिज फाउंडेशन निधि (डीएमएफ) का 70 प्रतिशत हिस्सा प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में व्यय किया जाएगा।

### संत कबीर टेक्सटाइल और अपैरल पार्क योजना

रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाली संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजना को भी मंत्रिपरिषद ने अनुमोदित कर दिया है। प्रत्येक पार्क के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी, जिससे प्रति पार्क 1500 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह योजना टेक्सटाइल उद्योग को मजबूत बनाएगी।

### लेटर ऑफ कंफर्ट जारी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति 2024 के तहत मेसर्स वामासुंदरी इन्वेस्टमेंट्स (दिल्ली) प्राइवेट लिमिटेड को सेमीकंडक्टर परियोजना की स्थापना के लिए संशोधित लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया गया है। इस परियोजना में 2706.12 करोड़ रुपये के निवेश को केंद्र और राज्य सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना को बढ़ावा देगी, जिससे भारत को सेमीकंडक्टर उत्पादों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठेगा। साथ ही, यह परियोजना 3780 युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित करेगी।

# विकसित यूपी बनाने में पंचायतों की होगी बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री

## 57 हजार ग्राम प्रधानों व सदस्यों के साथ योगी ने किया वर्चुअल संवाद



विकसित उप्र-2047 अभियान को लेकर ग्राम प्रधानों के साथ वर्चुअल संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- गांव समृद्ध होंगे तो यूपी देश का नंबर एक प्रदेश बनेगा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वर्चुअल संवाद में प्रदेश के 57 हजार ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों से कहा कि विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में सबसे बड़ी भूमिका पंचायतों की होगी। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और यदि गांव समृद्ध होंगे तो यूपी देश का नंबर एक प्रदेश बनेगा।

मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधानों को 'विकसित यूपी @2047' संकल्प से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पंच प्रण' की शपथ भी दिलाई। इस दौरान अभियान से जुड़ी एक लघु फिल्म दिखाई गई और सुझाव देने के लिए समर्थ पोर्टल व क्यूआर कोड की जानकारी दी गई।

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अव्यवस्था का शिकार था। गरीबी और पलायन आम लोगों की नियति बन चुके थे। लेकिन बीते आठ वर्षों में यूपी की तस्वीर बदल गई है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 35 लाख करोड़ रुपये और प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि आपके सुझावों पर आधारित विजन डॉक्यूमेंट अगले 22 वर्षों का रोडमैप तय करेगा।

### सर्वोत्तम सुझावों को मिलेगा सम्मान

योगी ने ग्राम प्रधानों से पंचायत बैठकों में अभियान पर चर्चा करने और गांव–गांव लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले से 3 और प्रदेश स्तर पर 5 सर्वोत्तम सुझावों को पुरस्कृत किया जाएगा। कहा कि ग्राम प्रधानों से प्राप्त सुझावों पर आधारित विजन डॉक्यूमेंट बनेगा, जो 22 वर्षों का रोडमैप तय करेगा।

### ग्राम प्रधानों ने सुनाई बदलाव की कहानी

- **श्रावस्ती :** टड़वा महंत के प्रधान शिवकुमार राजभर ने कहा कि पूरा गांव अभियान से जुड़ गया है और मुख्यमंत्री के दौरे से हर घर में उत्साह है।
- **कौशांबी :** उखैया खास की प्रधान सीमा निर्मल ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों और बीसी सखी योजना ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है।
- **बरेली :** भरतौल की प्रधान प्रवेश ने गांव को मॉडल ग्राम बताते हुए कहा कि यहां सबसे पहले मॉडल राशन की दुकान खोली गई थी।
- **अलीगढ़ :** तलेसरा के प्रधान गजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव से 13 स्वतंत्रता सेनानी जुड़े हैं, जिनकी स्मृति में स्टेडियम और अमृत सरोवर बने हैं।
- **अयोध्या :** सनाहा की प्रधान रीना पांडेय ने कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को गांव की बड़ी उपलब्धि बताया।

# शिक्षकों ने बनाया संघर्ष मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संसद सत्र के दौरान जंतरमंतर पर करेंगे बड़ा प्रदर्शन
- टेट को लेकर शिक्षकों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सभी शिक्षक संगठनों को एक मंच पर लाने की मुहिम तेज कर दी गई है। नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय शिक्षक भवन पर बैठक का आयोजन कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष बासवराज गुरिकर, महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, संगठन सचिव अर्जुन सिंह, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी और अखिल भारतीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय, प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी शामिल रहे।

शिक्षकों ने अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चे का गठन कर सामूहिक रूप से शिक्षकों की लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट के टेट अनिवार्यता के संबंध में आए फैसले से शिक्षकों की सेवा सुरक्षित रखने की आगामी रणनीति पर हुई इस बैठक में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर ने भी अपनी सहमति प्रदान की।

बैठक में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध राज्य संगठन, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार 2017 में शिक्षा अधिकार अधिनियम में किए गए संशोधन को निरस्त कर देश के सभी शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि केंद्र सरकार देश के शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने की दिशा में कदम नहीं बढ़ाती है तो संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान देश के शिक्षक दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन करेंगे।

# प्रवेश द्वार पर ही मिलेंगे अनारक्षित रेल टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार स्टेशनों पर जल्द सुविधा देने की तैयारी
- लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज से होगी शुरुआत

**अमृत विचार :** प्रदेश के चार स्टेशनों पर रेलवे यात्रियों को प्रवेश द्वार पर ही अनारक्षित टिकट उपलब्ध करायेगा। इसका सबसे बड़ा फायदा ट्रेनों में रोजाना सफर करने वाले मुसाफिरों को मिलेगा। यात्रियों को टिकट खरीदने के लिए कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। बल्कि एक डिवाइस के जरिए रेलवे कर्मचारी स्टेशनों की एंट्री प्वाइंट पर ही लोगों को टिकट उपलब्ध करा देंगे। जिसका भुगतान नकद या फिर क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकेगा। वहीं टिकट काउंटर पर पूर्व की भांति व्यवस्था लागू रहेगी।

दरअसल, त्यौहारों के मौसम में प्रदेश के चार स्टेशनों लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में भारी संख्या में यात्री पहुंचते हैं। इनमें अनारक्षित टिकट से यात्रा करने वालों की संख्या काफी अधिक होती है। टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों की वजह से टिकट लेने में लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि लोग कई बार बिना टिकट ही ट्रेन की सवारी करते हैं। इन सब समस्याओं के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (एमयूटीएस) को एंट्री गेट पर संचालित करने का फैसला किया है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू कर दी जायेगी।

उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया है कि प्रदेश के चार बड़े स्टेशनों पर एमयूटीएस लागू किया जायेगा। इसमें एंट्री गेट पर ही कर्मचारी स्टेशन पर प्रवेश कर रहे यात्रियों का टिकट बना देंगे। जिससे यात्रियों को काउंटर पर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। महिलाओं और बुजुर्गों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। यात्री स्टेशन पर एंट्री से पहले टिकट लेंगे और ट्रेन से यात्रा करेंगे। इससे बिना टिकट यात्रा पर भी लगाम लगेगी।

### पुरानी व्यवस्था रहेगी लागू

रेलवे प्रशासन कर्मचारियों के जरिये मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली यानी मोबाइल अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है, लेकिन पहले से चल रहा मोबाइल यूटीएस एप और काउंटर पर टिकट लेने की व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा।

### पुरानी और नई व्यवस्था में अंतर

चार स्टेशनों पर शुरू होने जा रहा मोबाइल अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम कर्मचारियों के जरिये संचालित होगा, जबकि मोबाइल अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम एप लोग स्वयं संचालित किया करते थे।


मिशन शक्ति | 10 दिवसीय आयोजन के लिए एक करोड़ 45 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत

# 25 शक्तिपीठों व मंदिरों में होगा देवी गायन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति विशेष अभियान के छठे चरण में प्रदेश में 25 शक्तिपीठ स्थलों-देवी मंदिरों पर देवी गीतों की परम्परा पर आधारित देवी गीत गायन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ का आयोजन होगा। इस पर लगभग एक करोड़ 45 लाख रुपये का अनुमानित व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत शक्ति आराधना



का आयोजन कराया जायेगा। उनमें मां विंध्यवासिनी देवी (विंध्याचल), मिर्जापुर ज्वाला देवी सोनभद्र, सीता समाहित स्थल भदोही, आलोपी देवी प्रयागराज, कंदवासिनी देवी कौशाम्बी, पाटेश्वरी देवी-देवीपाटन बलरामपुर, ललिता देवी (नैमिषारण्य), सीतापुर, शाकुम्भरी देवी सहारनपुर, कात्यायनी देवी मथुरा, मां शीतला चौकिया धाम जौनपुर, बेलहा देवी जनपद प्रतापगढ़, विशालाक्षी देवी वाराणसी शामिल हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार चण्डिका देवी उन्नाव, देवकाली मंदिर औरैया, मां तरकुलहा देवी धाम गोरखपुर, मां शीतला माता स्थल मऊ, ललिता देवी प्रयागराज, शिवानी देवी चित्रकूट, गायत्री शक्तिपीठ हमीरपुर, बैरागढ़ माता कोंच जालौन, कुष्माण्डा देवी घाटमपुर कानपुर देहात, शीतला माता मंदिर मैनपुरी, चामुण्डा माता मंदिर जनपद फिरोजाबाद, चन्द्रिका देवी मंदिर व संकटा देवी मंदिर लखनऊ में देवी गीत गायन कराया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 25 स्थलों पर 10 दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं यात्रा व्यय पर एक करोड़ 25 लाख रुपये का व्यय अनुमानित है। वॉलिन्टियर पर ढाई लाख रुपये, अन्य व्यवस्थाओं पर 12 लाख 50 हजार रुपये तथा अभिलेखीकरण पर पांच लाख रुपये की धनराशि व्यय हेतु अनुमानित है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से 23 सितम्बर, 2025 को जारी करा दिया गया है।

# नवरात्र में कलाकार करेंगे सुर साधना

## प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों पर सरकार आज से कराएगी आयोजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के नेतृत्व में नवरात्र के दौरान कई जनपदों में स्थानीय कलाकार 'सुर साधना' करेंगे। यह आयोजन शनिवार से होगा। इसके जरिए योगी सरकार पंजीकृत कलाकारों को मंच मुहैया कराएगी।

यह आयोजन राजधानी लखनऊ, वाराणसी, झांसी, मथुरा, गोरखपुर, आगरा, सीतापुर, अयोध्या समेत अन्य जनपदों में होगा। लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क व कुड़िया घाट समेत प्रदेश के दो दर्जन से अधिक धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर यह आयोजन होगा। सरकार लोक नृत्य के कलाकारों को 15 हजार, लोकगायकों को 10 हजार और अन्य विधाओं के कलाकारों को पांच हजार रुपये पारिश्रमिक स्वरूप भी देगी। सुर साधना में कलाकारों द्वारा लोकगायन, भजन-कीर्तन, लोकनृत्य व लोकनाट्य प्रस्तुति, कठपुतली व जादू, शास्त्रीय गायन व वादन, किस्सागोई, दास्तानगोई व काव्य पाठ आदि होगा। इसमें स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### इन स्थानों पर होगा आयोजन

जनेश्वर मिश्र पार्क व कुड़िया घाट लखनऊ, कुसुमवन सरोवर मथुरा, झांसी का किला, रामघाट चित्रकूट, नया अस्सी घाट वाराणसी, त्रिवेणी घाट प्रयागराज, शिल्पग्राम व बटेश्वर धाम आगरा, डाइट ऑडिटोरियम विकास भवन बदायूं, नैमिषारण्य धाम सीतापुर, रामगढ़ताल गोरखपुर, राम की पैड़ी अयोध्या, सामौर बाबा धाम फिरोजाबाद, सीता समाहित स्थल भदोही, पाल्हमेश्वरी देवी मंदिर आजमगढ़, विंध्यवासिनी देवी मंदिर विंध्याचल, प्रेम मंदिर वृंदावन, शुक्र तीर्थ मुजफ्फरनगर, देवीपाटन मंदिर बलरामपुर, गढ़मुक्तेश्वर हापुड़, मां शाकुंभरी देवी मंदिर सहारनपुर, शीतला माता मंदिर मैनपुरी।

## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।**

# पंचवटी में भजन व कीर्तन का आनंद उठाएंगे श्रद्धालु


**राममंदिर परिसर में गेट नंबर तीन और 11 के बीच 10 एकड़ में बनाया जायेगा साधना स्थल**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर में खुले आसमान के नीचे पंचवटी नाम से साधना स्थल बनाया जायेगा। जहाँ श्रद्धालु वट वृक्षों के बीच बैठकर भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल का आनंद ले सकेंगे। इसके लिए गेट नंबर तीन और 11 के बीच 10 एकड़ की भूमि को चिन्हित किया गया है। जिसमें त्रेतायुगीन पेड़-पौधे लगाये जाएंगे।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि राम मंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण करने वाली संस्था जीएमआर पंचवटी को विकसित करने के लिए यहां रामायण कालीन लगभग 180 दुर्लभ प्रजाति के वनस्पतियों व पुष्पों के साथ भू-दृश्यों के जरिए पूरे क्षेत्र को हरियाली में परिवर्तित करने का काम रही है। इसके बीच में जहां वनचर व जलचरों के साथ विशेष प्रजाति के पक्षियों के लिए एक अभयारण्य भी विकसित हो रहा है, इसका निर्माण स्वीमिंगपूल की तरह ही होगा। इसमें मोटर पम्प के जरिए पानी भरने और फिर निकालने की व्यवस्था होगी। इसमें खूबसूरत ढंग से प्राकृतिक दृश्यों से साज सज्जा भी किया जाएगा।

कहा कि राममंदिर परिसर में एक भव्य भक्तिमय माहौल का गार्डन बनेगा। जहां कोई प्रतिमा नहीं होगी। जिसे दिसंबर के अंत तक पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भूमि पिकनिक स्पॉट न समझें बल्कि श्रद्धालु अपने लक्ष्य को लेकर एक स्थान पर बैठ कर ध्यान करना चाहते हैं और भगवान राम के बारे में पूजन-अर्चन और अपनी श्रद्धा को अर्पित करने के लिए पार्क होगा।




राम मंदिर का विहंगम दृश्य।

### मंदिर परिसर में पंचवटी का धार्मिक महत्व

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस योजना का धार्मिक महत्व बताते हुए कहा कि रामायण कालीन पंचवटी वहीं स्थान है जहां वनवास के दौरान भगवान राम ने माता सीता व भ्राता लक्ष्मण के साथ लंबा समय व्यतीत किया था। इसी स्थान पर शूर्पणखा की नाक कटी और खर-दूषण के वश के बाद रावण ने संन्यासी के वेश में माता सीता का हरण किया था। कहा कि लगभग 10 एकड़ में पंचवटी बन रही है और यह वन पक्षी, मोर और बंदरों के लिए एक घर जैसा होगा जहां पानी की भी सुविधा होगी।

### ध्वजारोहण के लिए परकोटा की छत पर आमंत्रित लोगों को बैठाने पर मंथन

25 नवंबर को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार कर ली गई है। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथि शिखर पर होने वाले आयोजन को देख सके इसके लिए परकोटा की छतों पर भी कुर्सियां लगाई जाएगीं। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन शुक्रवार को कार्यक्रमों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिसमें लगभग 10,000 अतिथि पहुंचेंगे। जिनकी सुविधा के अनुकूल परिसर में तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित लोगों को एक स्थान पर बैठाने को लेकर विचार किया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप पर कोटा की छत पर कुर्सियों को लगाए जाने पर छत पर कितना वजन बढ़ेगा और जिससे कोई समस्या न खड़ी हो इसके लिए रुड़की के संस्था को अध्ययन करने के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

### मंदिर के श्रृंगार का आभास कराएगी फसाड लाइटिंग

राम मंदिर के फसाड लाइटिंग की व्यवस्था पर भी निर्णय ले लिया गया। जिस्म परकोटा को जोड़ते हुए लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। जिससे आने वाले लोगों को आभास होगा कि बिजली के माध्यम से किस प्रकार से राम मंदिर का श्रृंगार किया गया। लाइटिंग की व्यवस्था को संपन्न करने के लिए तीन माह का समय दिया गया है। किसी भी परिस्थिति में लाइट की व्यवस्था के लिए प्रोजेक्टर नहीं लगाया जाएगा। एलईडी लाइटिंग से विशेष रूप से इथिनोग्राफी होगी। फसाड लाइटिंग को लेकर संबंधित कंपनी सात दिनों में डिजाइन के विकल्प दिल्ली में दिखाकर पुष्टि करेंगे।

## गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर खुलेगी अस्थायी जीआरपी चौकी

**गोसाईगंज, अमृत विचार:** यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर अस्थायी जीआरपी चौकी खोली जाएगी। पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। चौकी पर एक दरोगा, एक हेड कांस्टेबल, एक कांस्टेबल तैनात होंगे। चौकी को लेकर संबंधित अधिकारियों व अकबरपुर जीआरपी पोस्ट प्रभारी को आदेश भेज दिया गया है। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्रा ने अस्थायी जीआरपी चौकी खोल जाने की पुष्टि की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि चौकी खुलने से यात्रियों की सुरक्षा और निगरानी में सुधार होगा।

## घाटों पर 15 अक्टूबर से पहुंचेगे दीए, 16 से बिछाए जाएंगे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा दीपोत्सव को लेकर शुक्रवार को स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण शुरु हुआ।

वाणिज्य व प्रबंधन संकाय के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा ने पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन एवं वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इसमें दीपकों के संयोजन एवं उसको जलाने से संबंधित सावधानी को बताया गया। बताया गया कि दीपों को घाटों पर नियत ब्लॉक (4.5X4.5 वर्ग फीट) में 16X16 संख्या में सज्जित करना है। विशेष परिस्थिति में दीपों की संख्या बढ़ाने एवं स्पेस प्रबंधन की दृष्टि इसे कुछ स्थानों पर 14x14 अथवा 12x12 किया जा सकता है। स्वयंसेवकों को ढीले कपड़े नहीं पहनने और सूती पहनने को सजग किया गया। नोडल अधिकारी प्रो. एसएस मिश्र ने कहा कि इस बार दियों को लगाने का कार्य 16 अक्टूबर से ही प्रारम्भ हो जाएगा। घाटों पर दीपक पहुंचने का कार्य 15 अक्टूबर से ही प्रारंभ हो जाएगा। दीपोत्सव प्रशिक्षण समिति के सदस्य अनुराग सोनी, आलोक तिवारी एवं गायत्री वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

**स्वयं सेवकों का प्रशिक्षण शुरू**

# हनुमानगढ़ी से कनक भवन तक 41 मंदिरों की होगी भव्य सजावट

अयोध्या कार्यालय

**अयोध्या में नौवां दीपोत्सव**

- **26 लाख दीपों से जगमगाएगी रामनगरी, विश्व रिकॉर्ड की तैयारी**

**अमृत विचार:** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में नौवें दीपोत्सव की तैयारी है। यह नया इतिहास रचेगा। पहली बार अयोध्या के 41 प्रमुख मठ-मंदिरों को सजाया जाएगा। इनमें हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन, कौशलेश कुंज, अशर्फी भवन और दिगंबर अखाड़ा जैसे मंदिर शामिल हैं।

इन मंदिरों को आधुनिक लाइटों, झालरों और रंग-बिरंगी रोशनियों से इस प्रकार सजाया जाएगा कि पूरी रामनगरी स्वर्ग की भांति आलोकित दिखे। 990 झालरों का उपयोग किया जाएगा, जिनमें प्रत्येक में एक हजार बल्ब होंगे। पहली बार यह आयोजन श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के पास आया है, जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जयेंद्र कुमार के अनुसार इस बार नौवां दीपोत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का दीपोत्सव अब केवल राज्य का नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर का आयोजन बनने की ओर अग्रसर है। वहीं, राम की पैड़ी और के घाटों पर इस बार 26 लाख दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और रामलीला

नौवें दीपोत्सव के दौरान रामायण से जुड़ी सांस्कृतिक झांकियां, रामलीला और धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित होंगे। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्किअध्यात्म और संस्कृति का विराट उत्सव होगा। देश-विदेश से आए श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक 27 सितम्बर को दो बजे आहूत बुलाई गई है। यह जानकारी उपनिदेशक पर्यटन अयोध्या/देवीपाटन मंडल ब्रजपाल सिंह ने दी।

### चिकित्सा शिविर का आयोजन



**बड़ागांव, अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र के महोली ग्राम पंचायत सचिवालय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आंखों से सम्बंधित बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए डॉ. कालिन्दी, संदीप कुमार ने मरीजों की जांच करके दवाएं दी। सर्वेश सिंह चौहान ने बताया यशोदा, कृपा नंद, मनीराम, रामचंद्र, मालती, सूर्यनाथ सहित तमाम मरीजों ने जांच और उपचार कराया।

### बेसमेंट में लटका मिला छात्रा का शव

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के धमथुआ स्थित नारायणगंज चौराहे के पास रामचंद्र पासवान के मकान के बेसमेंट में पुत्री कक्षा 11 की छात्रा सुनीता( 16 ) का शव छत के पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। थाना प्रभारी कुमारगंज ओम प्रकाश ने जांच की। बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा।

### आत्या पात्या का चयन ट्रायल आज

**अयोध्या,अमृत विचार :** उप्र आत्या पात्या संघ के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में शनिवार को प्रदेशीय आत्या पात्या महिला व पुरुष टीम का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। जिला आत्या-पात्या संघ के सचिव विजेन्द्र सिंह ने बताया कि संघ के प्रदेश सचिव यूजिन पाल व उपाध्यक्ष रोमी पाल की देखरेख में होने वाले सीनियर महिला व पुरुष ट्रायल से चयनित टीम 10 से 12 अक्टूबर तक कर्नाटक के बेलगाम में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

### एक अपराधी की खोली हिस्ट्रीशीट

**अयोध्या, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर थाना कैंट पुलिस ने एक अपराधी को दुराचारी घोषित करते हुए उसके आपराधिक इतिहास के अनुरूप (अ) प्रकार की हिस्ट्रीशीट खोली। अपराधी बसंत निषाद निवासी ग्राम दराबगंज थाना कैंट के खिलाफ आबकारी अधिनियम समेत अन्य धाराओं में नौ मुकदमें दर्ज है। अब पुलिस आरोपी की प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखेगी।

### एसडीएम ने रात में शुरू कराया सड़क समतलीकरण

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र एवं रामलीला महोत्सव के दौरान जाम की समस्या से बचाव के लिए बाईपास की सड़क खोले जाने की मांग की गई थी। एसडीएम आरपी तिवारी गुरुवार रात प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचे। दो जेसीबी मशीनों से सड़क समतलीकरण का काम तेज कराया। लोगों का कहना है कि त्योहारों के दौरान नगर क्षेत्र की बढ़ती भीड़ और यातायात दबाव को देखते हुए बाईपास का संचालन बेहद जरूरी है। इससे जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी।

# व्यापारियों ने डीएम को बताई समस्याएं

अयोध्या कार्यालय

**जिला व्यापार बंधु की बैठक**

- **उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने की प्रमुख समस्याओं के निस्तारण की मांग**

**अमृत विचार :** जिला व्यापार बंधु की बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को जिले की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया और इनके निस्तारण की मांग की। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने कैंट क्षेत्र में रास्तों को बंद करने की समस्या को रखा। जिस पर छावनी परिषद के प्रतिनिधि ने बताया कि यह निर्णय स्टेशन कमांडर कार्यालय से किया गया है।

महानगर महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि चौक तीनदरे से बजाजा, मोतीबाग, सुभाष नगर से फतेहगंज तक जाने वाली सड़क पर दोनों तरफ ठेले वालों ने पटरी और फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। जिससे पूरे दिन ट्रैफिक जाम रहता है। महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता ने जीएसटी की नई दरों का लाभ आम उपभोक्ता तक पहुंचे, इस पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों से ध्यान देने की अपील की। नीरज जायसवाल, संजय पराग, पंकज गुप्ता, ज्ञान केसरवानी, विजय कुमार गुप्त, सुशील जायसवाल ने जिला पंचायत के सीपी टैक्स, देवकाली मार्ग के नाले और फुटपाथ के गुणवत्ता रहित निर्माण, चौक में बन रही पार्किंग को शीघ्र बनाने सहित विभिन्न मांगों को रखा। जिलाधिकारी ने त्योहार के बाद अतिक्रमण हटाने पर सख्त कार्रवाई, सैन्य अधिकारियों से बातचीत करने, गोसाईगंज बाईपास निर्माण में तेजी, चौक के दरों के सौंदर्यीकरण के दौरान उनके अतिक्रमण को समाप्त करने का विश्वास दिलाया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह, व्यापार बंधु के नोडल अधिकारी उपायुक्त रविन्द्र सिंह खरौला उपस्थित रहे।

## सोलर पैनल लगाने के नाम पर 1.66 लाख रुपये की ठगी, केस

**अयोध्या कार्यालय।** सोलर पैनल लगाने के नाम पर 1.66 लाख रुपये ठगने के आरोप में कोतवाली अयोध्या पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित रोहित मणि त्रिपाठी निवासी रानोपाली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घर पर सोलर पैनल लगाने के लिए उन्होंने ऑनलाइन नेडा में फॉर्म भरा था। इसके बाद सिद्धी सोलर चैनल फर्म के अभिषेक श्रीवास्तव, फर्म की प्रोपराइटर सुशीला देवी, उनके पति प्रताप बहादुर यादव व बेटे देवेंद्र यादव निवासी निवासी भोपतपुर, अबदालपुर सोरांव जिला प्रयागराज ने मुझसे संपर्क कर जल्द ही सोलर पैनल लगाने का आश्वासन दिया। इसके बाद मैंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा नयाघाट से 1.66 लाख का लोन लिया। लोन का पैसा सीधे बैंक से फर्म के खाते में गया। इसके बाद से आज तक उक्त फर्म द्वारा मेरे घर पर सोलर पैनल नहीं लगाया गया। बताया कि मेरे द्वारा फर्म के प्रोपराइटर, उनके पति व बेटे के मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# व्यापारियों की समस्याएं मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन

अयोध्या कार्यालय



आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को स्मृति चिह्न भेंट करते उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी।

- **आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने संगठन की अयोध्या इकाई के साथ एक बैठक महानगर अध्यक्ष पार्थ अग्रवाल के निवास स्थान पर की। इसमें उन्होंने संगठन के विस्तार एवं व्यापारियों की समस्याओं के विषय में संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने समस्याओं को मुख्यमंत्री के सम्मुख रखने की बात कही।

उद्योग व्यापार संगठन के अयोध्या के जिला अध्यक्ष कमलेंद्र वैश्य ने संगठन से संबंधित कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय सिंह ने जिला के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों का परिचय कराया। मारवाड़ी सभा के मक्खन लाल झुनझुनवाला, संजीव सोनी ने मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर दीपक रस्तोगी, अमित, सुधीर, सतीश चौरसिया, रोहित, मुकेश पचेरीवाला समेत अन्य मौजूद रहे।

# भरत मिलाप के मार्मिक दृश्यों को देख भाव विभोर हुए लोग

- **फिल्मी सितारों की रामलीला में राज्य सूचना आयुक्त ने निभाया निषाद राज का किरदार**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू तक स्थित राम कथा पार्क में चल रही फिल्मी सितारों की रामलीला के पांचवें दिन शुक्रवार को राम, केवट संवाद और भारत मिलाप लीला का मंचन किया गया। मंचन की शुरूआत गणेश वंदना से की गई। केवट संवाद प्रसंग का मंचन देख श्रद्धालु भावविभोर हो गए। राम की भूमिका वेद सागर, लक्ष्मण की राजन मोदी और सीता की भूमिका अर्चना सक्सेना ने निभाई। वहीं निषाद राज का किरदार राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी ने किया।

रामलीला में भरत श्रीराम की चरणपादुका माथे पर लगाते हैं, इस बीच पार्श्व में शीश पर खड़ाऊं आंखों में पानी, रामभक्त ले चला रे राम की निशानी...भजन बजता है। सभी भावविभोर हो जाते हैं। रामलीला समिति के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि 2 अक्टूबर को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में रावण दहन करेंगे। यह कार्यक्रम शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा। कहा कि इस बार 240 फीट के रावण का दहन अपने आप में अद्भुत होगा। रावण बोलते और रोते हुए दिखाई देगा। जो कि इतिहास में पहली बार होने जा रहा है, जिसमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके रावण को जीवंत बनाया जाएगा।



रामलीला में निषादराज से संवाद करते वन गमन को निकले श्री राम साथ में सीता।

# अपर आयुक्त कोर्ट में अधिवक्ता के दो गुटों में मारपीट

अयोध्या कार्यालय।




- **एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान हुआ विवाद, दोनों पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज**

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त कार्यालय में स्थित अपर आयुक्त प्रशासन की कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान शुक्रवार को दो अधिवक्ताओं में गाली गलौज हुई। इसके बाद मामला मारपीट में तब्दील हो गया। वहीं, दोनों पक्ष की तहरीर पर कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी ने अदालत ने मारपीट होना स्वीकार किया।


अपर आयुक्त प्रशासन के न्यायालय में शुक्रवार को दोस्तपुर गांव की एक अपील राजकुमार बनाम यदुनाथ सुनवाई के लिए नियत थी। इसमें राजकुमार की तरफ से अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र और यदुनाथ की तरफ से अधिवक्ता जुगुल किशोर मिश्रा पैरवी के लिए गए थे। बताते हैं कि अदालत में रेस्पाडेंट की तरफ से अपील के मुसन्ने की मांग की गई। जिसे अपीलकर्ता के अधिवक्ता ने विपक्षी को मुहैया कराया। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई। दोनों पक्ष आक्रामक हो गए। अधिवक्ता जुगुल किशोर मिश्रा ने कोतवाली में दी गई तहरीर में लिखा है कि विपक्षी के अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्रा उन्हें गाली देने लगे। इसका उन्होंने विरोध किया तो उन्होंने अपने कुछ साथी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर उन्हें मारने लगे। वहीं, दूसरे पक्ष के अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्रा का आरोप है कि पहले उन्हें अधिवक्ता जुगुल किशोर मिश्र ने अपने साथियों के साथ मारा पीटा। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता आयुक्त परिसर में इकट्ठा हो गए। अधिवक्ता जुगल किशोर मिश्रा महानिरीक्षक कार्यालय पहुंचे, वहां से पुलिस की सुरक्षा में उनको कोतवाली पहुंचाया गया।

वहीं, शाम करीब सात बजे करीब 50 अधिवक्ता दूसरे पक्ष के पीड़ित अधिवक्ता कालिका मिश्र के समर्थन में कोतवाली नगर पहुंचे व अपनी तहरीर दी। आयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और कहा कि इस प्रकार की घटना अदालत में नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर विवेचना की जाएगी।

**सख्ती** | **पॉवर कॉरपोरेशन लखनऊ टीम के सहयोग से चलाएगा संयुक्त अभियान**

# बस्ती-लखनऊ हाईवे पर अब ढाबों में नहीं चलेगा कटिया जुगाड़

अयोध्या कार्यालय



- **सेटेलाइट इमेजिंग से चिह्नित किए गए 800 से अधिक ढाबे**

**अमृत विचार :** बस्ती और लखनऊ हाईवे पर स्थित ढाबों में अब 'कटिया' से बिजली का जुगाड़ नहीं चलेगा। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बिजली चोरी को रोकने के लिए एक बड़े संयुक्त अभियान की शुरुआत की है। अयोध्या और लखनऊ विद्युत वितरण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे इस अभियान में बिजली चोरी करने वाले ढाबा संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पॉवर कॉर्पोरेशन ने पहले ही 800 से अधिक ढाबों को चिह्नित कर लिया है, जहां अवैध कनेक्शन के जरिए बिजली का दुरुपयोग हो रहा है। यह ढाबे सेटेलाइट इमेजिंग के माध्यम से चिन्हित किए गए हैं।इन ढाबों से सालाना करोड़ों रुपये की बिजली चोरी हो रही है, जिससे ग्रिड पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है और वैध उपभोक्ताओं को प्रभावित करता है।

अभियान की कमान रुदौली, सोहावल और अयोध्या के सब-डिविजनल ऑफिसर एसडीओ को सौंपी गई है। लखनऊ से पॉवर कॉर्पोरेशन की एक पांच सदस्यीय विशेष टीम इस अभियान में सहयोग करेगी। टीम में इंजीनियर, कानूनी विशेषज्ञ और प्रवर्तन अधिकारी शामिल हैं, जो स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर छापा मारेंगे और जांच करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान न केवल बिजली चोरी को रोकेगा, बल्कि राजस्व हानि को भी कम करेगा, जो राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। चिह्नित ढाबों में से अधिकांश रुदौली और सोहावल क्षेत्रों में स्थित हैं। अयोध्या क्षेत्र में भी कई ऐसे प्रतिष्ठान हैं, जो पर्यटकों की भीड़ का फायदा उठाकर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे हैं।

### अभियान के दौरान एक साथ कई कार्रवाई भी होगी

अभियान के दौरान टीम ढाबों की जांच करेगी, अवैध कनेक्शन काटेगी और चोरी की मात्रा के आधार पर जुर्माना लगाएगी। गंभीर मामलों में एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। पॉवर कॉर्पोरेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभियान एक सप्ताह तक चलेगा और जरूरत पड़ने पर विस्तारित किया जाएगा। हमारा लक्ष्य बिजली चोरी को शून्य स्तर पर लाना है। तकनीकी उपकरणों जैसे मीटर रीडर और इंस्पेक्शन किट का उपयोग करेंगे ताकि चोरी का सटीक पता लगाया जा सके।

> हाईवे के ढाबों पर अभियान प्रस्तावित है। अभी कार्य योजना बनाई जा रही है। इसके लिए जिला और पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा। तिथि की जानकारी नहीं दी जा सकती है। **-बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता, विद्युत वितरण मंडल।**

# श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी धू-धू कर जली, यात्री सुरक्षित



- **बाबा बाजार क्षेत्र का मामला**

मां कामाख्या धाम के निकट गाड़ी से उठता धुंए का गुबार।

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** बाबा बाजार क्षेत्र में शुक्रवार को परसौली अमानीगंज से मां कामाख्या धाम दर्शन के लिए आ रही श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी अचानक बीच सड़क पर धू-धूकर जलने लगी। इससे अफरा-तफरी मच गई। समय रहते श्रद्धालु गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। लोगों के मुताबिक गाड़ी में अचानक धुआं उठना शुरू हुआ और देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों से घिर गई। कुछ देर के लिए बाबा बाजार क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिस ने गाड़ी को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। थाना प्रभारी बाबा बाजार शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं, किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। संभवत: गाड़ी में तकनीकी खराबी या बढ़ती गर्मी के चलते आग लगी होगी। वाहन मालिक से पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम सूर्य घर योजना का ग्रामीणों को मिले लाभ : सीडीओ

**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) कृष्ण कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा की। कहा कि योजना का लाभ ग्रामीणों को भी मिले, इसलिए इसका विस्तार ग्रामीण क्षेत्र तक किया जाए। पीओ नेडा प्रवीण नाथ पांडेय ने बताया कि जिले में कई तरह के जागरूकता कैंप लगाकर योजना की जानकारी दी जा रही है। बैठक में वसुधा फाउंडेशन से तन्यता और देवारती जितेंद्र द्विवेदी सहित विभिन्न कंपनियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों को गुड-बैड टच के बारे में बताया

**अयोध्या।** सेवा पखवाड़ा अभियान और मिशन शक्ति पांच के तहत विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन किया गया। भीखापुर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय और मसौधा के शिवदासपुर, खंडासा के बरईपारा में बच्चों व छात्राओं को गुड और बैड टच के बारे में बताया गया। सभी हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से प्रतिभा पांडेय, चाइल्ड लाइन से केस वर्कर सिवांकित शुक्ला, हब फॉर इंपावरमेंट से संध्या और विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

### छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला मिशन कोऑर्डिनेटर वंदना तिवारी और केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर प्रभा मणि पाल ने करमा कोड़री पूराबाजार में साइक्लोट्रॉन मेगा इवेंट का आयोजन कराया। साइक्लोट्रॉन मेगा इवेंट में गांव की छात्राओं ने साइकिल रैली में प्रतिभाग किया। छात्राओं एवं महिलाओं को समाज कल्याण विभाग की कल्याणकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अपराजिता सामाजिक समिति से कविता मिश्रा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

### जयकारों से गूंजने लगे पंडाल

**रानीबाजार।** शारदीय नवरात्र में शहर से ग्रामीण क्षेत्र तक मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजने लगी हैं। जिनमें सुबह से ही पूजन का कार्यक्रम आरंभ हो जाता है। शाम होते ही मां के पट जनता जनार्दन के दर्शनार्थ खोल दिए जाते हैं। इसी कड़ी में जय मां ज्वाला देवी बाल दुर्गा पूजा समिति रानी बाजार से मां के पंडाल में 501 मातृ शक्तियों द्वारा दुरदुरिया का आयोजन किया गया।

### अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित हुई सीएचसी

**रुदौली, अयोध्या।** सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में अत्याधिक सिजेरियन और सामान्य प्रसव को लेकर ऑपरेशन कक्ष, प्रसव कक्ष और वार्ड में सुविधा बढ़ाई गई है। सिजेरियन की मॉड्यूलर टेबिल, नई आधुनिक टेबिल लाइट, लेबर रूम को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। जिससे आम जनता को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

### 18 हजार नकद व जेवरात चोरी

**कुमारगंज, अयोध्या।** थाना कुमारगंज के अमावां छीटन गांव में चोरों ने एक घर से 18 हजार नकद समेत जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गांव निवासी विजय कुमार सिंह गुरुवार रात परिवार के साथ सो रहा था, शुक्रवार सुबह आंख खुली तो देखा कि उनका पर्स बाहर पड़ा था। बताया कि चोर 18 हजार नकद समेत लाखों के जेवरात चुरा ले गए। चौकी इंचार्ज एनडीए हरिशंकर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### भजनों से भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**रुदौली, अयोध्या** नव दुर्गा पूजा समिति शिव पुरम पूरेकाजी रुदौली में चल रही दुर्गा पूजा के अवसर भजन संध्या में श्री श्याम युवा मंडल रुदौली द्वारा प्रस्तुत खाटू श्याम बाबा के भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। डॉ. श्याम गुप्ता, उत्कर्ष, हर्ष डालमिया, जुगल किशोर पंडित, गोविंद शिवम व हर्ष गर्ग ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किये। नव युवक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया।

### महानगर कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अयोध्या।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने शहीद अब्दुल हमीद वार्ड में वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। संयोजन महानगर महासचिव जिशो हैदर ने किया। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। महानगर उपाध्यक्ष पल्लवर नकवी ने भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल बताया।

# मनचलों की खबर लेने के लिए मैदान में उतरी महिला पुलिस

## देर रात तक रामनगरी के विभिन्न देवी मंदिरों व दुर्गा पूजा पंडालों के पास किया पैदल गश्त

**संदिग्धों से की पूछताछ**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नवरात्रि के उत्साह के बीच रामनगरी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। दुर्गा पूजा पंडालों के आसपास मनचलों की बेलगाम फितरत से तंग महिलाओं को राहत देने के लिए महिला पुलिस टीम गुरुवार देर रात मैदान में उतरी, पैदल गश्त की। विभिन्न इलाकों में संदिग्धों से पूछताछ कर टीम ने संदेश दे दिया कि अब किसी को छेड़छाड़ की गुंजाइश नहीं रहेगी।

शहर के प्रमुख पूजा स्थलों जैसे फतेहगंज, चौक, नाका, रीडगंज-देवकाली मार्ग, बेनीगंज समेत अन्य स्थानों पर सजे पंडाल व बड़ी देवकाली मंदिर, छोटी महारानी, पाटेश्वरी मंदिर, मरी माता समेत अन्य मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भीड़ का फायदा उठाकर मनचले महिलाओं और युवतियों से परेशान न कर सकें, इसके लिए एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में बॉडी वार्न कैमरों के साथ सादे कपड़ों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। साथ ही एंटी रोमियों स्कवॉयड को भी सक्रिय किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार रात महिला थाना प्रभारी निशा के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम मैदान में उतरी। रातआठ बजे से शुरू हुई गश्त 12 बजे तक चली। टीम ने रामनगरी के चौक, फतेहगंज, रिकाबगंज, रीडगंज, फतेहगंज समेत अन्य इलाकों में पैदल गश्त किया। इसमें पुरुष पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। टीम ने पंडालों के आसपास खड़े संदिग्ध युवकों को रोका, उनकी पहचान कर कड़ी पूछताछ की।

सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि महिला सुरक्षा अभियान के तहत हमारी टीम हर पंडाल पर नजर रख रही है। मनचलों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। हमारी प्राथमिकता महिलाओं का सम्मान है। पूजा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, यही हमारा लक्ष्य है।



शहर में देर शाम दुर्गा पूजा पंडाल के पास गश्त करतीं महिला पुलिस।

### एसएसपी ने गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास

नवरात्र में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर शुक्रवार को पुलिस टीम के साथ शहर के चौक, रिकाबगंज, फतेहगंज आदि इलाकों में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों से संवाद भी किया। उन्होंने अपील की कि त्योहार को आपसी सद्भाव के साथ मनाए, किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उनके साथ सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह, नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय समेत सभी चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## समिति और प्रशासन की टीम ने किया जीआईसी का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** दुर्गा पूजा महोत्सव के बाद विसर्जन के लिए दुर्गा प्रतिमाएं राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में एकत्र होती है। प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर अपर जिला अधिकारी नगर योगानंद पांडे और दुर्गापूजा व रामलीली केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की टीम ने शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण का निरीक्षण किया। अध्यक्ष जायसवाल ने मैदान में घास की कटाई, समतलीकरण के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, साउंड सिस्टम, कैंप टेंट आदि के प्रबंध, बैरियर, कॉलेज पहुंचने वाले क्षतिग्रस्त प्रत्येक मार्ग को सही कराया जाने की बात कही। नाका रामनगर तिराहे से मोदहा तक निर्माणाधीन 14 कोसी परिक्रमा मार्ग की दुर्दशा दिखी। जबकि इसी मार्ग से तमाम प्रतिमाएं पंडालों तक जानी है। एडीएम सिटी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करके समस्या निस्तारण का निर्देश दिया। निरीक्षण में गगन जायसवाल, सुप्रीत कपूर, अखिलेश पाठक, अतुल सिंह, मोहित गुप्ता सहित नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारी थे।



राजकीय इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते अपर जिला अधिकारी नगर योगानंद पांडेय व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी।

### भव्य चुनरी यात्रा और कन्या पूजन 28 को

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर मां कामाख्या धाम महोत्सव न्यास के तत्वावधान में 28 सितम्बर रविवार को भव्य चुनरी यात्रा एवं कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के मुताबिक चुनरी यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे वार्ड नं. 10 हरिहरपुर से होगा। समापन सिद्धपीठ माँ कामाख्या धाम नगर पंचायत में किया जाएगा। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव होगीं। विधायक रामचन्द्र यादव ने कहा मां कामाख्या धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां होने वाली चुनरी यात्रा और कन्या पूजन न सिर्फ धार्मिक महत्व रखते हैं बल्कि समाज को एकता, भक्ति और सेवा का संदेश भी देते हैं।



कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही को मांग पत्र सौंपते जनपद ईंट निर्माता समिति के चेयरमैन अतुल सिंह व अन्य पदाधिकारी।

### कोयले पर बढ़ी जीएसटी दर वापस ली जाए

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जनपद ईंट निर्माता समिति ने कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही को ज्ञापन सौंपकर ईंट भट्ठा व्यापारियों के साथ भेदभाव न होने देने की मांग की। सौंपे ज्ञापन में कहा कि सभी मैन्युफैक्चरर्स सेक्टर के 40 लाख तक सालाना टर्न ओवर व्यवसाय जीएसटी में कर मुक्त है। जबकि काउंसिल की 17.09.2021 को हुई 45वीं मीटिंग में ईंट निर्माताओं के लिये 20 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक करमुक्त की श्रेणी में रखा गया है। जो कि ईंट भट्ठा व्यापारियों के साथ भेद-भाव प्रतीत हो रहा है। ज्ञापन में कोयले पर बढ़ी जीएसटी दर को वापस लेने, 1.50 करोड़ तक टर्न ओवर वाले लाल ईंट निर्माताओं को सभी मैन्युफैक्चरर्स की तरह 01 प्रतिशत वाली कम्पोजीशन में रखे जाने, 1.50 करोड़ से ज्यादा टर्नओवर करने वाले लाल ईंट निर्माताओं को 05 प्रतिशत टैक्स रेट इनपुट के साथ वाली श्रेणी में रखे जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में उत्तर प्रदेश ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह के साथ जिला महामंत्री सत्यप्रकाश सिंह, प्रदेश सहमंत्री संजय सावलानी, सुनील तिवारी, राजेंद्र प्रताप सिंह, रमेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

## पेटिंग प्रतियोगिता में अहम व आयुष अव्वल

कुमारगंज, अयोध्या

- कृषि विवि के 27वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 27वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर गोद लिए गए गांवों के छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूल विद्यालय के बच्चों ने भाषण, चित्रकला, पेंटिंग एवं कहानी कथन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अहम व आयुष अव्वल रहे।

प्रतियोगिता को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में बांटा गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय के अहम ने प्रथम, आयुष यादव दूसरे व तीसरा स्थान प्रिंसी को मिला। उच्च प्राथमिक विद्यालय वर्ग में शिवानी प्रथम, शुभांगी को दूसरा एवं मनीषा चौहान को तीसरा स्थान मिला। कहानी कथन प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय डिलीगिरधर की सनी चौहान प्रथम, शिवा दूबे द्वितीय व शिवांशी वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय में अर्चना कुमारी प्रथम, अल्फिआ द्वितीय और चंद्रेश कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय की साक्षी मिश्रा प्रथम, मानसी द्वितीय व अनुष्का ने तीसरे स्थान पर रहीं। उच्च प्राथमिक विद्यालय में मीनाक्षी प्रथम, प्रांजलि सिंह द्वितीय एवं शिवानी तृतीय स्थान पर रहीं। लोकगीत प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय की चंचल प्रथम, मानवी द्वितीय एवं आदर्श ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय की अमरेंद्र प्रथम, अनुष्का द्वितीय व मानवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। काव्य लेखन आदर्श प्रथम, प्रियंका द्वितीय एवं अर्पित ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जीपीबी के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीत कुमार के संयोजन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। आयोजक सचिव डॉ. नवाज खान व डॉ. उमेश चंद्रा रहे। इस मौके पर अधिष्ठाता डॉ. डीके सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डी. नियोगी, कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. रामबटुक सिंह समेत प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



लखनऊ में जिला राइफल क्लब के कोच शनि को सम्मानित करते पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र व पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा।

### जिला राइफल क्लब के कोच शनि हुए सम्मानित

**अयोध्या।** लखनऊ के सहकारिता भवन सभागार में गुरुवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह में जिला राइफल क्लब के कोच व राष्ट्रीय खिलाड़ी शनि कुमार वर्मा को पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शनि ने शूटिंग खेल से बच्चों व युवाओं को जोड़ा ही नहीं बल्कि उनकी प्रतिभा तराशते हुए उन्हें जिले को राज्य स्तरीय 50 से अधिक पदक दिलाये। उनकी इस उपलब्धि पर एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, एडीएम सिटी योगानन्द पाण्डेय, एसडीएम कौशल, एसडीएम पवन शर्मा, एएसपी राजेश तिवारी, सीओ धर्मेन्द्र यादव आदि ने बधाई देते हुए इसे अयोध्या के लिए गौरव बताया।

## अब बढ़ेगी अयोध्या में आने वाले पर्यटकों की संख्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** बारिश अब अपने अंतिम चरण में है। त्योहारी सीजन और मौसम में बदलाव के साथ अयोध्या में आने वाले धार्मिक पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने पर्यटन सुविधाओं पर फोकस शुरू कर दिया है। पेयजल, खानापान, बेहतर आवागमन के साथ पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की गई। जरूरत के मुताबिक सुविधाएं बढ़ाए जाने पर जोर है।

अयोध्या राम नरेश गुप्ता कहते हैं कि अब सीजन शुरू हो रहा है। पर्यटक बढ़ेंगे। व्यवसाय अच्छा होने की उम्मीद है। नवरात्रि के साथ दशहरा और इसके बाद दीपोत्सव, दीपावली फिर राम मंदिर में प्रस्तावित कार्यक्रम पर्यटकों और श्रद्धालुओं के बढ़ने का संकेत कर रहे हैं। वहीं, पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर अयोध्या में रहने से खाने तक और आवागमन से नाश्ता, पानी तक के दाम अचानक बढ़ या फिर वसूले जाते हैं। श्रद्धालुओं के साथ व्यवहार अयोध्या की गरिमा के अनुरूप न होने की शिकायतें होती है। आवागमन में अधिक पैसे ले लिए जाते हैं। इन पर भी गौर किया जना चाहिए।

> नवरात्रि में पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा। वह अयोध्या के विभिन्न पर्यटक स्थलों को देखना पसंद करेंगे। व्यवस्थाएं की जा रही है। पेयजल, छाया के साथ आवागमन में दिक्कत न हो इसकी भी व्यवस्था है। प्राइवेट संचालन करने वालों से समन्वय किया गया है। श्रद्धालुों और पर्यटकों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। -निखिल टीकाराम फुंडे, जिलाधिकारी



मवई चौराहा पर दुकानदारों को जीएसटी को लेकर जानकारी देते विधायक रामचंद्र यादव।

### व्यापारियों और उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ : रामचंद्र

**मवई, अयोध्या।** केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत शनिवार को मवई चौराहा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने छोटे दुकानदारों, व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और घटे हुए जीएसटी से होने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक साबित होंगे। घटे हुए कर से व्यापार को गति मिलेगी और आम जनता को सस्ता सामान उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी, नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**विद्यालयों के स्काउट-गाइड का पांच दिवसीय प्रशिक्षण**

स्काउट गाइड प्रशिक्षण में मौजूद छात्राएं।

### सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग की भूमिका महत्वपूर्ण

**पूरा बाजार, अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से बालक का आध्यात्मिक, बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास होता है। यह विचार खंड शिक्षा अधिकारी रियाजुद्दीन ने तृतीय सोपान जांच शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किये। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरा प्रथम के प्रांगण में ब्लॉक पूरा के विभिन्न विद्यालयों के 37 स्काउट-गाइड ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें स्काउटिंग की सामान्य जानकारी, वैश्विक संगठन, वन विद्या, प्राथमिक चिकित्सा, गांठ बंधन, तंबू निर्माण, खुले में भोजन निर्माण और मार्चपास्ट जैसी विधाओं का प्रशिक्षण जिला स्काउट मास्टर अनूप मल्होत्रा, अनिल कुमार त्रिपाठी और रचना कौशल ने दिया। प्रधानाध्यापक संतोष सिंह एवं जिला गाइड कैप्टन निधि महिंद्रा ने मुख्य अतिथि व अध्यक्ष का स्वागत स्काउट स्कार्फ व बुकें देकर किया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान पूरा प्रेमा देवी ने की। शिविर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय रसूलाबाद, सरेठी, पूरा प्रथम, भीखापुर और कंपोजिट विद्यालय दर्शननगर के बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में अध्यापक लीला देवी, सुषमा तिवारी, किरन यादव, शकुंतला देवी, प्रेमलता दूबे, अर्चना मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, 3 बाइक और एक साइकिल जलकर राख

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर अंतर्गत नवीन मंडी रोड पर स्थित जगत अस्पताल के सामने स्थित बिजली के ट्रांसफार्मर में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। लपटें इतनी तेज थी कि आसपास भगदड़ मच गई। घटना में तीन बाइक व एक साइकिल जलकर राख हो गई।

घटना शाम करीब 5:45 बजे की है। ओवरलोड के चलते अचानक ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा। उसके अंदर से निकला तेल आसपास करीब 50 मीटर तक गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती अपने शुभचिंतक को देखने आए पॉवर कॉर्पोरेशन के बिलिंग सुपरवाइजर संजय तिवारी व रीतेश मिश्र निवासी हौसिलानगर व बागपत निवासी बिजलीकर्मी अजय शिवराम ने सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद तीनों ने अस्पताल से पानी की पाइप निकालकर आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में फायरब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची व आग पर काबू पाया। घटना में आग पर काबू पाने में सहायता करने वाले संजय तिवारी, मो. इरफान जमूरतगंज बाजार मसौधा समेत एक अज्ञात की बाइक व साइकिल जलकर राख हो गई। सभी अस्पताल में मरीज से मिलने आए थे। लीडिंग फायरमैन बृजपाल ने बताया कि 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। एसडीओ दीपेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### परिषद के यूथ सम्मेलन में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर जताया समर्थन

**पूराबाजार, अमृत विचार :** आशा भगवान बक्श सिंह पीजी कॉलेज पूरा बाजार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में यूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। छात्रों और युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों की रूपरेखा तय की गई। शुभारंभ प्राचार्य डॉ. नील मणि सिंह व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि एबीवीपी अयोध्या महानगर के जिला संयोजक अंकुर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव से सरकारी धन की बचत होगी। मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सिंह ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन एक दूरदर्शी विचार है, लेकिन इसे लागू करने से पहले राजनीतिक सहमति और गहन विमर्श जरूरी है। संचालन डॉ. निरुपमा श्रीवास्तव ने किया। अंत में प्राचार्य सिंह ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एबीवीपी के क्षेत्रीय संयोजक रमन सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश सोनी, डॉ. गीता आर्य, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. उदय प्रताप, डॉ. देव नारायण, डॉ. किशन सोनी, डॉ. महेंद्र आदि मौजूद रहे।



रुदौली की श्रीराम लीला में रावण बाणासुर संवाद का मंचन करते कलाकार।

## आई रे बारात जनक जी के द्वारे

**भेलसर, अयोध्या।** श्री राम लीला समिति के 136वें मंचन के चौथे दिन की लीला संवाद से भरी रही। रावण-बाणासुर संवाद, जनक-लक्ष्मण संवाद, लक्ष्मण-परशुराम संवाद को दर्शकों ने खूब पसंद किया। मंचन के अनुसार राजा जनक ने घोषणा की जो शिव धनुष को भंग करेगा उसके साथ वैदेही का विवाह होगा। जब धनुष को उठाने के लिए बारी-बारी से तमाम बड़े योद्धा हार गए। तब गुरु की आज्ञा पाकर प्रभु श्रीराम ने धनुष को स्पर्श किया तो धनुष टूट गया। आई रे बारात जनक जी के द्वारे ...गीत के बीच पटाखे दागे गए। सीता ने श्रीराम को वरमाला पहनाई। इस दौरान हास्य कलाकार मोटे राजा रमेश गुप्ता की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को ठहाके लगाने में मजबूर कर दिया।

### जिले का गौरव है रुदौली की रामलीला : केशव

चौथे दिन का मंचन देखने आये रामनगरी की रामलीला पुस्तक के लेखक एवं श्री दुर्गा पूजा रामलीला समन्वय समिति के संरक्षक केशव बिगुलर का श्री रामलीला समिति द्वारा उनको अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया। केशव बिगुलर ने कहा यहां की रामलीला भव्यता के साथ प्रस्तुत की जाते है। यह हम सब का गौरव बढ़ाने वाला है।

### स्वच्छता व्यक्तिगत नहीं सामूहिक जिम्मेदारी

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिला गंगा समिति के तत्वाव धान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन गंगा ग्राम मंगलसी सोहावल के पुराना घाट में आयोजित किया गया। इसके माध्यम से छात्राओं, अध्यापकों एवं आमजन को संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर पुराना घाट मंगलसी की सफाई की। जिला परियोजना अधिकारी श्वेता साहू ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ग्राम सचिव इच्छा राम प्रियदर्शी, विशिष्ट अतिथि बीडीसी ग्राम लाखौरी रमेश कुमार, दाना पानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष कुलभूषण साहू, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रही।

**कवायद** — महापौर ने उपसभापति व नगर आयुक्त संग परखी दुर्गा पूजा की तैयारियां

# जल्द ही सही समय बताएगी घंटाघर की घड़ी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने शुक्रवार को दुर्गा पूजा से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने चौक में घंटाघर की बंद पड़ी घड़ी को चालू कराने का निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत सरयू तट अयोध्या से की। महापौर ने मूर्ति विसर्जन स्थल का जायजा लिया और वहां सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए कुर्सी-मेज, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल के लिए स्थापित जल प्याऊ की सफाई कराने एवं टैंकर खड़ा करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं पुरुष शौचालय तथा महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए बनाए गए कॉटेज का भी निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के करने की हिदायत दी। फ्लोटिंग वैरीकेडिंग को भी समय से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया किअयोध्या के बाद टीम चौक पहुंची। नगर आयुक्त ने चौक में नया शौचालय बनवाने का आदेश दिया। पुरानी सब्जी मंडी जाने वाले रास्ते पर लगे जल प्याऊ के सामने से अतिक्रमण हटाने तथा शौचालय के संबंध में मुख्य मार्ग पर साइनेस लगाने का निर्देश दिया। जीआईसी के मैदान में घास की सफाई के लिए मशीनों की संख्या बढ़ाकर दो दिन के अंदर घास की कटाई सुनिश्चित कराने, घास को गौशाला भिजवाने, 24 घंटा पहले प्रकाश की व्यवस्था का निर्देश दिया। यहां पार्षद हरिश्चंद्र के साथ ओवर ब्रिज के सर्विस मार्ग का जायजा लिया और उसे ठीक करने को कहा। उन्होंने जीआईसी गेट के बगल कच्ची नाली को मिट्टी से ढकने की हिदायत दी। टीम में अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत कुमार, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव, जोनल अधिकारी अयोध्या धाम अशोक गुप्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएम शुक्ल के साथ उपसभापति राजेश गौड़ भी मौजूद रहे।



नगर में भ्रमण करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।



रुदौली में मिशन शक्ति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी व छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है : एसपी ग्रामीण

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है, हर बेटी और महिला का सशक्त और सुरक्षित होना समाज की मजबूती की पहचान है। ये बातें शुक्रवार को एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने कहीं। वह रुदौली कोतवाली पुलिस द्वारा एलएसडीपी पब्लिक स्कूल, गौरियामऊ में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। छात्राओं और महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत पौधरोपण किया। उन्होंने एसडीएम विकास धर दूबे, सीओ आशीष निगम, डॉ. फातिमा हसन के साथ महिलाओं को मिशन शक्ति गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इनमें जीजीआईसी रुदौली की प्रिंसिपल आफरीन फातिमा (शिक्षा क्षेत्र), समाजसेविका नीलम गौतम (सामाजिक कार्य) और एलएसडीपी स्कूल की पोक्सो समिति की सदस्य श्वेता चतुर्वेदी एवं फर्जीन फातिमा शामिल रहीं। इससे पूर्व संस्थापक धर्मदत्त पाठक एवं प्रबंधक अनिल पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने मिशन शक्ति के तहत विद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर कोतवाल संजय मौर्य, महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह, उप-प्रधानाचार्य आरबी सिंह, भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### 20 साल से सिर्फ आश्वासन नहीं मिला आवास



सलमा बानो

**पूराबाजार, अयोध्या।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सराय वैमल निवासी सलमा बानो पत्नी जैनुलआबदीन का कच्चा मकान वर्ष 2005 बरसात में भरभरा कर ढह गया था। सलमा बताती है कि ग्राम पंचायत में होने वाली हर बैठकों में नाम दर्ज किया जाता है, लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला, आवास नहीं। ग्राम पंचायत की सचिव कोमल मिश्रा का कहना है कि कुछ पात्र लोगों का नाम आवास प्लस सूची में था। जो ऑटो कट के चलते उड़ गया। दावा किया कि ग्राम पंचायत की खुली बैठक में नाम फिर से चयनित हुआ है। एडीओ पंचायत रवींद्र वर्मा का कहना है कि सभी पात्रों को प्रधानमंत्री आवास मिलेगा जिसके लिए खुली बैठक कराकर सूची बनाई गई है। आवंटन की प्रक्रिया शुरू होते हैं पात्रों को प्राथमिकता के आधार पर आवास दिलाया जाएगा।

### मार्ग बदहाल होने से आवागमन में परेशानी

**अयोध्या।** विकास खंड मसौधा क्षेत्र के अंतर्गत मधुपुर (डड़वा) गांव जाने सड़क की स्थिति जर्जर है। मार्ग से हजारों की आबादी का प्रतिदिन आवागमन रहता है। क्षेत्रवासी शैलेंद्र, अनूप, ब्रजेश, सोनू, गौरव आदि ने बताया कि सड़क का निर्माण करीब 15 साल पहले तत्कालीन प्रधान राम प्रसाद वर्मा के द्वारा कराया गया था। मार्ग का निर्माण होने के करीब दो वर्ष बाद ही सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई। ग्रामीणों ने कई बार मार्ग को ठीक कराने की शिकायत जनप्रतिनिधियों से की पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है।

**सीबीएसई राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता (गर्ल्स) 2025**

# फाइनल में पहुंचीं छह टीमें, मुकाबला आज

**अयोध्या कार्यालय।**

- खेल मंत्री, महापौर, विधायक और उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग विजेता खिलाड़ियों को आज करेंगे सम्मानित

**अमृत विचार :** आशापुर स्थित अवध इंटरनेशनल स्कूल में चल रही पांच दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता (गर्ल्स) 2025 में शुक्रवार को खेले गये सेमीफाइनल मैच में जीत हासिल कर छह टीमों ने फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। फाइनल मैच आज शनिवार को खेले जाएंगे। स्कूल के अध्यक्ष शान्तनु सिंह ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, विशिष्ट अतिथिगण महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रायबरेली अदिति सिंह और उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. अपर्णा यादव विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।



अवध इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में जीत के लिए संघर्ष करतीं टीमें।

स्कूल के कार्यालय अधीक्षक संजय सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे दिन शुक्रवार को खबर लिखे जाने तक तीनों वर्गों के 34 क्वार्टर और सेमीफाइनल मैच खेले गये। इसमें खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में हार्टफुलनेस इंटरनेशनल स्कूल, तमिलनाडु की टीम ने नवरचना विद्यानी विद्यालय अहमदाबाद की टीम को 10-04 के अंतर से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसी तरह चित्रकूटा स्कूल कर्नाटक ने ऑवर ओन इंग्लिश हाईस्कूल शारजाह को 06-02 से, श्री बृजलाल यादव स्मारक स्कूल रायबरेली ने ब्लाशम इंटरनेशनल स्कूल दरहाने महाराष्ट्र को 06-04 से, दि सिका सानियर सेकेन्ड्री स्कूल इन्दौर मध्य प्रदेश ने इंडियन स्कूल सलल्लाह ओमान को 07-05 से, व्यासा विद्यापीठम् केरल ने विकास भारती पब्लिक स्कूल दिल्ली को 15-05 से पराजित किया। इसी आयु वर्ग में विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय असम ने तक्षशिला पब्लिक स्कूल शाहजहाँपुर को 12-10 से, हील स्कूल आन्ध्र प्रदेश ने डिवाइन पब्लिक स्कूल बटाला को 09-03 से, एल.डी.आर. पब्लिक स्कूल मुक्तसर पंजाब ने यश विद्या मन्दिर अयोध्या को 15-0 से, खारियन पब्लिक स्कूल सिरसा हरियाणा ने विकास भारती पब्लिक स्कूल दिल्ली को 09-08 से, एल.बी.एस. स्कूल रोहतक हरियाणा ने तक्षशिला पब्लिक स्कूल को 17-01 से, नजथ पब्लिक स्कूल केरल ने डिवाइन पब्लिक स्कूल बटाला को 07-02 से और महेश्वरी पब्लिक स्कूल जयपुर ने एल.डी. आर.पब्लिक स्कूल मुक्तसर पंजाब को 16-13 से हरा दिया। इसी तरह 17 वर्ष आयु वर्ग में हार्टफुलनेस इण्टरनेशनल स्कूल तमिलनाडु की टीम ने संदीपनी अकादमी खरगौन मध्यप्रदेश को 11-03 से, श्री महावीर इंटरनेशनल स्कूल जयपुर ने विवेक विद्यालय जमशेदपुर को 06-03 से, श्री नारायणा पब्लिक स्कूल केरल ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल हिमाचल प्रदेश को 06-04 से और श्री प्रकाश विद्या निकेतन आन्ध्र प्रदेश ने आर्मी पब्लिक स्कूल दिल्ली को 17-08 से हराकर अगले दौर में अपना स्थान पक्का किया। प्रतियोगिता के 19 वर्ष आयु वर्ग में सेन्ट जेवियर्स हाई स्कूल उड़ीसा ने सिस्टर निवेदिता स्कूल आन्ध्र प्रदेश को 06-04 से, ऑवर ओन इंग्लिश हायर सेकेन्ड्री स्कूल शारजाह ने कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल को 08-07 से, ब्लासम इंटरनेशनल स्कूल दरहाने महाराष्ट्र ने भवन्स विद्या मंदिर गिरीनगर ऐर्नाकुलम् केरल को 10-05 से, होली कृष्णा पब्लिक स्कूल दिनेशपुर ने भगवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल बाँदा को 07-04 से और नरान्चल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल कैथल हरियाणा की टीम ने कोला सरस्वती वैष्णों सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल तमिलनाडु को 09-04 से हराकर अगले दौर में अपना स्थान पक्का किया।

### शूटिंग टीम का हुआ चयन ट्रायल

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर के अरुणिमा सिन्हा स्टूडेंट एमिनिटी सेंटर में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आवासीय परिसर की शूटिंग महिला एवं पुरुष टीम का चयन ट्रायल के आधार पर किया गया। ट्रायल में रायफल एवं पिस्टल इवेंट में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए टारगेट पर निशाना साधा। ट्रायल में पुरुष एवं महिला वर्ग में काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ.अनुराग पाण्डेय ने कोच उत्तम सिंह की उपस्थिति में ट्रॉयल को कराया। आनन्द मौर्या, महेंद्र शुक्ला, नागेंद्र यादव एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



अवध विवि में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर छात्रा को सम्मानित करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

## अंगदान जीवनदान के सदृश्य : डॉ. बिजेन्द्र

**अयोध्या कार्यालय।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विश्व फार्मेसी दिवस का आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि औषधि निरीक्षक अयोध्या डॉ. आलोक त्रिवेदी रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि फार्मासिस्ट यह सुनिश्चित करते करता है कि मरीज़ों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के लिए उचित और सुरक्षित दवाइयां प्राप्त हों। फार्मासिस्ट की भूमिका स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अंगदान जीवनदान के सदृश्य है। छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित छात्र समूह के बीच जागरूकता का संदेश दिया गया।

### रंगोली में रुकैया खान और पोस्टर में अखिलेश प्रथम

रंगोली प्रतियोगिता जिसमें डी फार्मा के प्रथम विजेता रुकैया खान, विजय लक्ष्मी, आस्था, नाहिद फातिमा, फलक आफरीन, द्वितीय विजेता डी फार्मा के नितिन, साक्षी, सहगल, दीपांजलि और तृतीय विजेता बी .फार्मा की क्षमा जायसवाल, निम्मी, अंशिका, स्नेहा, शुभी रही।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता प्रथम विजेता अखिलेश यादव और विपिन, द्वितीय विजेता नीलाक्षी , तृतीय विजेता ओम त्रिपाठी रहे। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम विजेता अपूर्वा शाही,अंकित कुमार और फार्मा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम विजेता अजय, द्वितीय खुशी गुप्ता, विकास, मॉडल प्रतियोगिता प्रथम अनुष्का, शिवानी पांडे, कशिश खान की टीम रही।

## संदिग्ध परिस्थिति में इंस्पेक्टर की मौत पीएसी स्वीमिंग पूल में मिला शव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी परिसर में हुई घटना

**अमृत विचार:** क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी (54) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उनका शव महानगर स्थित 35वीं वाहिनी पीएसी के स्वीमिंग पूल में गुरुवार दोपहर पड़ा मिला। वह रोजाना की तरह सुबह 7 से 8 बजे के टीम में स्वीमिंग करने गए थे। करीब पांच घंटे बाद एसडीआरएफ ने पूल से शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर समेत सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाये। कुशल तैराक इंस्पेक्टर की पूल में डूबने से मौत की बात किसी को हजम नहीं हो रही है। पुलिस कई बिंदु पर जांच कर रही है। पूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव के मुताबिक इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी मूलतः अंबेडकर नगर के राजे सुल्तानपुर के रहने वाले थे। उन्होंने वाराणसी के पहाड़िया स्थित रूद्रा हाइट्स में मकान बना रखा था। परिवार वाराणसी में रहता है। अश्विनी 1998 बैच में बतौर दरोगा भर्ती हुए थे। रोजाना की तरह सुबह सात से आठ बजे के बैच में तैरने जाते थे। गुरुवार सुबह भी वह समय से स्वीमिंग पूल में पहुंचे। बैच का टाइम पूरा होने के पर पुलिस, पीएसी के तैराक चले गये। करीब 9.30 बजे कोच अनिल कर्मचारियों के साथ स्वीमिंग पूल एरिया में पहुंचे। वहां चेंजिंग रूम बंद करा रहे थे। इसी बीच पूल के पास अश्विनी का बैग, कपड़ा, चप्पल देखा। उनकी तलाश शुरू की गई।



प्रदेशीय सेपक टकरा प्रतियोगिता की अंडर-14 विजेता खिलाड़ी पदक के साथ।

### सबजूनियर, जूनियर में बरेली व सीनियर में अयोध्या चैम्पियन

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** आदर्श इंटर कॉलेज में हुई प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका सेपक टकरा प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में अयोध्या टीम चैम्पियन रही। सबजूनियर व जूनियर वर्ग में बरेली मंडल टीम ने चैम्पियनशिप जीती। मुख्य अतिथि एमएलएमएल विद्यामंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. उदयभान सिंह व स्कूली क्रीड़ा समिति सदस्य डॉ. राम कृष्ण पाण्डेय ने विजेता टीम की खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रदेशीय बालिका सेपक टकरा प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ग का फाइनल अयोध्या व वाराणसी मंडल के बीच हुआ। इसमें अयोध्या ने जीत दर्ज की। अंडर-17 वर्ग के फाइनल मुकाबले में बरेली टीम ने मेरठ को सीधे सेटों में पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। अंडर-14 वर्ग के फाइनल मुकाबले में बरेली ने अयोध्या को पराजित किया। आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह ने प्रदेश के प्रतिभागी खिलाड़ियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन मंडलीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा समिति के सचिव अभिषेक सिंह, चंद्रशेखर सिंह, योगेश्वर सिंह, जयेंद्र पाठक, दीपांकर श्रीवास्तव सहित खिलाड़ी, शिक्षक व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## महिलाओं को हिंसा से बचाव की दी जानकारी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों कौमी इंटर कॉलेज टांडा, मजरे हक निस्वा इंटर कॉलेज टांडा, राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर, सीता गर्ल्स इंटर कॉलेज समुखपुर, आरएसएस इंटर कॉलेज वाजिदपुर, महात्मा गोविंद साहब इंटर कॉलेज दुल्हूपुर आदि इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के साथ साथ गुड टच एवं बैड टच, घरेलू हिंसा से बचने, वर्कप्लेस पर यौन उत्पीडऩ से बचने आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



विद्यालय में छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक, पुलिसकर्मी और अधिकारी। अमृत विचार

### इन योजनाओं का पढ़ाया पाठ

अधिकारियों ने महिलाओं और बालिकाओं को महिला केंद्रित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कारसपांडेंट सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मानित योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाफ सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना आदि की आच्छादता, पात्रता के लिए अहर्ताएं, मापदंड, आवेदन की प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार : सीडीओ

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु, जिला टास्क फोर्स, बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति और जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादव ने मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति से उक्त बैठक प्रारम्भ की गई और विभागीय प्रगति से अवगत कराया गया। उप्र भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम-1996 के अन्तर्गत शत-प्रतिशत अधिष्ठान पंजीयन, उपकर वसूली की समीक्षा तथा श्रमिक पंजीयन एवं पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न हितकारी योजनाओं में प्रदान किए गए हितलाभ पर समीक्षा, श्रम विभाग के विभिन्न श्रम अधिनियमों में बाल श्रम, बन्धुआ श्रम एवं बीओसी में प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सरकारी विभागों से उपकर जमा कराए जाने तथा कार्यस्थल का पंजीयन कराए जाने के निर्देश के साथ-साथ निर्माण श्रमिकों, मनरेगा श्रमिक का पंजीयन, योजनाओं का आवेदन कराए जाने तथा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किए जाने के लिए निर्देशित किया।

## बीएलओ ऐप पर करें मतदाताओं की फीडिंग

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के ऑडिटोरियम में पंचायत निर्वाचक नियमावली के पुनरीक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कुल 1040 बीएलओ, 133 सुपरवाइजर, 08 सहायक विकास अधिकारी पंचायत, समस्त बीडीओ, तहसीलदार और उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बीएलओ छह अक्टूबर तक शत-प्रतिशत मतदाताओं की फीडिंग बीएलओ एप पर पूर्ण करें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित बीएलओ और सुपरवाइजरों द्वारा पूछे गए समस्त प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खंड विकास अधिकारी अपने स्तर पर पूर्ण निष्ठा के साथ इस कार्य में भागीदारी करें तथा प्रतिदिन बीएलओ और सुपरवाइजरों के कार्यों की समीक्षा सुनिश्चित करें।



पंचायत निर्वाचक नियमावली के पुनरीक्षण के संबंध में बैठक करते डीएम व अन्य।

### पात्र मतदाता सूची से न हो वंचित

बैठक में यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि एक भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न हो और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में सम्मिलित न रह जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा व्यक्त किया की वह इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता पर लेकर समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें।



टांडा में पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार के साथ मौजूद डीएम अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर। अमृत विचार

### पिंक बूथ से उपलब्ध कराई जाएगी मदद : आईजी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को थाना कोतवाली टांडा स्थित मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर डीएम अनुपम शुक्ला व एसपी अभिजित आर शंकर भी मौजूद रहे। निरीक्षण उपरांत पुलिस महानिरीक्षक ने डीएम व एसपी की उपस्थिति में टांडा चौक पर स्थापित पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। आईजी ने कहा पिंक बूथ पर महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की जाएगी। यहां से योजनाओं का प्रचार-प्रसार, पीड़ितों को परामर्श और त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आईजी ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में पुलिस एवं प्रशासन निरंतर सक्रिय है तथा इसे समाज के संभ्रांत व्यक्तियों एवं आमजन के सामंजस्य एवं सहयोग से सुनिश्चित किया जाएगा।

## एनटीपीसी ने कल्याणकारी गतिविधियों को जनसामान्य तक पहुंचाने में दी प्राथमिकता

**टांडा, अंबेडकरनगर:** एनटीपीसी परिसर स्थित सप्तरंग क्लब में टांडा एवं विद्युत नगर के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा की वार्ता सम्पन्न हुई। इस वार्ता में प्रिन्ट और इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने एनटीपीसी टांडा में विद्युत उत्पादन तथा पर्यावरण से सम्बन्धित विषयों पर सवाल जवाब किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक ईंधन प्रबंधन राम नारायण त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक अनुरक्षण प्रमोद कुमार गोयल, अपर महाप्रबंधक रजनीश कुमार खेतान, अपर महाप्रबंधक पीएंडएस मयंक सक्सेना और अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में ऋषभ जायसवाल, उपमहाप्रबंधक योजना और प्रणाली द्वारा एनटीपीसी टांडा परियोजना पर आधारित एक परिचयात्मक प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात नैगमिक सामाजिक दायित्व एवं एनएफएन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म की भी प्रस्तुति की गई। वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख परिदा ने कहा कि एनटीपीसी टांडा को सदैव आप सभी का सकारात्मक एवं रचनात्मक सहयोग मिलता रहा है।

### योजनाओं के तहत एनटीपीसी टांडा कर रही काम

उन्होंने अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए बताया परियोजना के आसपास के ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाओं के तहत एनटीपीसी टांडा पूर्णनिष्ठा और लगन से कार्य किया है। जिससे आस-पास के ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आया है। धन्यवाद ज्ञापन अपर महाप्रबंधक रजनीश कुमार खेतान ने किया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ प्रबंधक नवीन अनमोल हेरेंज और संचालन जनसंपर्क अधिकारी वरुण सोनी द्वारा किया गया।

**समीक्षा** | निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई

# सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं को जल्द करें पूरा : डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में जनपद में संचालित 50 लाख रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं सडक़ों को छोडक़र की परियोजनावर प्रगति की समीक्षा किया। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह द्वारा विभागवार और योजनावार 50 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कार्यों में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित स्थलीय निरीक्षण करने तथा प्रगति की सटीक जानकारी पोर्टल पर समय से अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्थाएं यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों और कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व अन्य। अमृत विचार

### धनावंटन के लिए करें पत्राचार

डीएम ने धनाभाव के कारण लंबित या रुके हुए परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में धनावंटन नहीं हुआ उसके लिए शासन को पत्राचार किया जाए। वहीं जिनमें धनावंटन हो गया है उन्हें शीघ्र पूर्ण कराते हुए संबंधित विभागों को हैंड ओवर कर उसका उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विलंब से चल रही परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी परियोजना में गुणवत्ता में कमी, अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी तय कर ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही भी की जाएगी।

**न्यूज डायरी**

### छात्राओं को किया जागरूक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** शिक्षा क्षेत्र जलालपुर में शुक्रवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में सशक्तिकरण का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं को सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को सशक्त बनाना और बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उच्च प्राथमिक विद्यालय अजईपुर में भी मिशन शक्ति फेज 5 .0 के तहत शिक्षकों ने छात्राओं को सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद रजा ने विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी।

### मीना दिवस पर छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव में मीना दिवस का आयोजन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव में छात्र-छात्राओं ने केक काट कर बड़े उत्साह के साथ मीना का जन्मदिन मनाया गया। बच्चों को ज्ञानपरक कहानियां सुनाई गयीं और प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सजग और सशक्त बनाने के लिए मीना मंच बना है। 24 सितंबर को मीना दिवस पर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने सशक्तीकरण को लेकर भाषण, नाट्य, एकांकी सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा ने मीना के किरदार पर प्रकाश डाला।

### लापता हुईं तीन बहनें बरामद

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते गुरुवार को रहस्यमय तरीके से लापता हुई तीन चचेरी बहनों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। तीनों पशुओं के लिए चारा काटने निकली थीं। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उसी रात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी थी। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने तीनों बहनों को प्रयागराज से बरामद कर कोतवाली लाया गया जहां उनसे पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस मामले पर जब अपर पुलिस अधीक्षक श्याम देव और क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने किसी भी स्पष्ट जानकारी देने से इनकार कर दिया।

### शाजेब के हत्यारे मुठभेड़ में घायल

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिले के सिधारी थाना क्षेत्र में सात वर्षीशाजेब अली की हत्याय शाजेब अली की हत्या के मामले में पुलिस ने देर रात दो आरोपियों को हाफ एनकाउंटर के बाद दबोच लिया। यह मुठभेड़ डेंटल कॉलेज जाने वाले खेमऊपुर के पास हुई। बात दे कि पठान टोला निवासी मुकर्रम अली का सात वर्षीय पुत्र शाजेब अली अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चल सका तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस ने 24 घंटे बाद कार्रवाई करने की बात कही। इसी बीच बृहस्पतिवार को बच्चे का शव बगल के घर के गेट पर तार में बोरे में लटका हुआ मिला, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। परिवार के अनुसार, हत्या का आरोप एक ऐसे युवक पर है जो अक्सर बच्चे के साथ खेलता था और उसे अपने साथ ले जाता था। बच्चे की मां ने रोते हुए कहा कि उसका बेटा हमेशा कहता था कि वह बड़ा होकर पढ़-लिखकर कामयाब बनेगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हुईं जागरूक

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर :** नवजात शिशु को जन्म से लेकर छह माह तक केवल मां का ही दूध पिलाना चाहिए। मां के दूध में रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। बता दें कि शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय के डवाकरा हाल में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान दूसरे दिन जिला कार्यक्रम अधिकारी सतीश सिंह ने बताया कि नवजात शिशु को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता भी बहुत जरूरी है। बच्चों को छूने से पहले हाथ की धुलाई अवश्य करनी चाहिए। सीडीपीओ विनोद कुमार ने कहा कि पोषण भी पढ़ाई भी के तहत हर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने क्षेत्र में जागरूकता पैदा करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। छह माह के बाद ही बच्चों को साफ पानी पिलाएं। इस दौरान धात्री महिलाओं को पोषक आहार भी लेना चाहिए।

### युवा उत्सव में होंगी विविध स्पर्धाएं

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** डायलॉग वीबीवाईएलडी के तहत जनपद स्तर पर युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा युवाओं में सांस्कृति गतिविधियों और इनोवेशन नवाचार ट्रैक को समाहित करते हुए युवा उत्सवक का आयोजन कराया जा रहा है। युवाओं में लोक कला, लोक संगीत, परम्पराओं, मान्यताओं मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत से रूबरू करने और विस्मृति हो रहे रिवाजों का मंच प्रदान करने के लिए सांस्कृतिक ट्रैक के अन्तर्गत लोक गीत समूह व लोक नृत्य समूह का आयोजन कराया गया है। वहीं जीवन कौशल अवयव के अन्तर्गत कहानी लेखन, कविता लेखन, पेन्टिंग और डिक्लेमेशन भाषण की प्रतियोगिताएं आयोजित कराकर युवाओं के अन्दर छिपी भावनाओं, विचारों और उद्गार का विश्लेषण किया जाने का कार्य किए जाने का उद्देश्य है।

**न्यूज ब्रीफ**

### पुलिसकर्मी के घर से 10 लाख के जेवरात लूटे

**भदैया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के जमुआवा गांव में गुरुवार रात बदमाशों ने पुलिसकर्मी जीतलाल वर्मा के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट की और करीब 10 लाख रुपए के जेवरात लूट लिए। बदमाश छत से सीढ़ी का रास्ता लेकर घर में घुसे। उन्होंने मुख्य और कमरे के दरवाजों के ताले तोड़े और जमुआवा निवासी दशरथ वर्मा की पत्नी व 62 वर्षीय रती वर्मा के साथ मारपीट की। घटना के बाद रात 11 बजे शिवगढ़ थाने के दरोगा व सिपाही मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीमें बदमाशों की तलाश में जुटी हैं।

### महिलाओं ने मांगी अमन शांति व खुशहाली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कटका बाजार स्थित गाना मिश्र के पुरवा गांव में महिलाओं ने काली माता मंदिर पर शुक्रवार को चट महारानी की दुखदुरिया का आयोजन किया। पारंपरिक कार्यक्रम में क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने बताया कि मुख्य रूप से अवसान माता या गौरा माता की पूजा की जाती है, जिसमें सुहागिन महिलाएं अवसान माई की कथा सुनती हैं और देश-समाज की सुख-समृद्धि व परिवार की विपत्तियों को दूर करने की मनोकामना मांगती हैं।

### सांसद ने लिया नवोदय विद्यालय का जायजा

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सांसद राम भुआल निषाद ने शुक्रवार शाम जवाहर नवोदय विद्यालय, पाकड़पुर का निरीक्षण किया। इस दौरान सूचना के बावजूद कोई अधिकारी या कर्मी मौजूद नहीं मिला, जिस पर सांसद ने नाराजगी जताते हुए डीएम को पत्राचार व फोन पर अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने बच्चों की भोजन व्यवस्था, मेस, आवासीय सुविधा, कक्षाओं और डेस्क-बेंच का जायजा लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक भगेलू राम, राकेश रंजन, विजय गिरी, कृष्णा चौबे, महेंद्र पांडेय, डी.के. यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### बौढिया बालमऊ में हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बौढिया बालमऊ गांव में शुक्रवार को स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ एसपी सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्र ने गोवंश पूजन कर किया। इसके बाद बीडीओ, सीवीओ योगेश पांडेय, एडीओ पंचायत अनिल यादव समेत अन्य अधिकारियों ने गौशाला में साफ-सफाई की।

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

## एडीजे चतुर्थ की अदालत ने सुनाया फैसला, वादी को दी जाएगी अर्थदण्ड की आधी रकम



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बर्थ-डे पार्टी के दौरान हुए विवाद में छात्र विकास राजपूत की नौ साल पूर्व हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को एडीजे चतुर्थ निशा सिंह की अदालत ने तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 10-10 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदण्ड की आधी रकम वादी को क्षतिपूर्ति स्वरूप देने का आदेश दिया गया है। इससे पहले गुरुवार को अदालत ने तीनों आरोपियों अनस खान, मो. अफजल व मो. अकील को हत्या व आपराधिक षडयंत्र का दोषी करार दिया था। वहीं आरोपी अनस खान को आर्म्स एक्ट के तहत तीन वर्ष कारावास व दो हजार रुपए अर्थदंड की अतिरिक्त सजा भी सुनाई गई है। गौरतलब है कि अमेठी जिले के कमरौली थाना क्षेत्र के कारीडीह-जगदीशपुर निवासी सहायक अभियंता प्रेमलाल के पुत्र एवं केंद्रीय विद्यालय के छात्र विकास राजपूत की 15 अगस्त 2016 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल ने पैरवी की और केस साबित करने में सफलता पाई।

### आप सांसद संजय सिंह के केस में थाना प्रभारी तलब

**संवाददाता, सुलतानपुर :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहे मुकदमे में शुक्रवार को साक्षी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव हाजिर नहीं हुए। उनकी तरफ से समय की मांग की गई। अदालत ने मामले में 8 अक्टूबर के लिए उन्हें तलब किया है। बंधुआकला थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने 13 अप्रैल 2021 को आम आदमी पार्टी से राज्य सभा सांसद संजय सिंह समय 13 लोगों के खिलाफ नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में उन्हें गवाही के लिए तलब किया गया था।

### आप सांसद व पूर्व विधायक अनूप संडा पर दर्ज केस की सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शहर में बिजली कटौती के विरोध में हाईवे जामकर प्रदर्शन करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अभियोजन गवाह अदालत में उपस्थित न होने से मुकदमे की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। अब अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। गौरतलब है कि 2 सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने सपाइयों ने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया था। इस संबंध में पुलिस ने पूर्व सपा विधायक अनूप संडा, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान, सबलू समेत कुल 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

### डॉक्टर हत्याकांडः वारंट पर हाजिर पूर्व नगर कोतवाल ने दी गवाही

शास्त्रीनगर मोहल्ले में बीते साल हुए संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड की सुनवाई शुक्रवार को हुई। विवेचक रहे पूर्व नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय गिरफ्तार वारंट पर कोर्ट में हाजिर हुए तथा अपनी गवाही दर्ज कराई। आरोपी ड्राइवर दीपक सिंह के वकील अयूब उल्ला खान ने पूर्व कोतवाल से जिरह पूर्ण की। कोर्ट ने शेष साक्ष्य के लिए अगली तारीख 29 सितंबर नियत कर दी है। वादी निशा तिवारी के वकील संतोष पांडेय ने बताया मामले में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर हत्या, षड्यंत्र और दहशत फैलाने के आरोप तय किए जा चुके हैं। वहीं आरोपी जगदीश नारायण सिंह की दौरान विचारण मौत हो चुकी है। मामले में अभियोजन गवाही जारी है।

### साक्ष्य के अभाव में अपहरण का आरोपी बरी

लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के 7 साल पूर्व पूर्व अपहरण व पॉक्सो एक्ट के आरोपी आशीष कुमार को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। आरोपी के वकील कर्मेन्द्र गौतम ने बताया फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश ने पीड़िता व गवाहों के पुलिस व कोर्ट के समक्ष दिए गये विरोधाभासी बयान के चलते साक्ष्य के अभाव में आरोपी आशीष को बरी कर दिया है। 19 जनवरी 2018 की घटना में पीड़िता की दादी ने केस दर्ज कराया था।

### ऋषिकेश हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की बहस पूरी, अगली तारीख 29 को

फास्ट ट्रैक कोर्ट विशेष न्यायाधीश राकेश की अदालत में 15 वर्ष पुराने ऋषिकेश हत्याकांड मामले की सुनवाई शुक्रवार को हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बहस की। शेष बहस के लिए अदालत ने 29 सितंबर की तारीख तय की है। गौरतलब है कि 9 फरवरी 2008 को कोतवाली नगर क्षेत्र के नया नगर सिरवारा रोड निवासी ऋषिकेश सिंह और पिंटू की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में मृतक के बड़े भाई राकेश सिंह की तहरीर पर लोलेपुर निवासी इरफान उर्फ जानी, मन्नान, आजाद, शहजाद, बाबुल और जयसिंहपुर के सौरभ मिश्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था।

### गोलीकांड के आरोपी विशाल को मिली जमानत

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत ने दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोलीकांड प्रकरण में आरोपी विशाल सिंह को बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा व अभियोजन की दलीलों को सुनने के बाद जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार 13 अगस्त 2025 को पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ जैसी स्थिति बनी थी। आरोप है कि अभियुक्तों ने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस पर फायरिंग की थी। हालांकि किसी भी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई। पुलिस ने मौके से आरोपी विशाल सिंह को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था।

# साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के बारे में दी जानकारी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** शुक्रवार को जयसिंहपुर कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में संकट मोचन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बझना में मिशन शक्ति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में भाग ले रही सभी छात्र/छात्राओ को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाए जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई। साथ ही टोल फ्री नंबर वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सहायता नंबर 112 चाइल्ड हेल्प लाइन 1098,साइबर हेल्प लाइन न0 1930 की जानकारी दी गई। मौजूदा समय में बढ़ रहे साइबर अपराध ,डिजिटल अरेन्ट व ए आई के सम्बन्ध में बचाव के तरीकों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर उप निरीक्षक सुबोध कुमार त्यागी उप निरीक्षक परमानन्द पाण्डेय हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव, रामराज अमित सिंह कांस्टेबल अयोध्या शाह महिला कांस्टेबल सुनीता यादव सीमा महिला पीआरडी विमला इंस्टीट्यूट के प्रबंधक, प्रधानाध्यापक व अन्य स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### धोखाधड़ी व जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के निदूरा गांव निवासी भीम यादव ने कोर्ट के जरिए अर्जुनपुर गांव निवासी राम उजागिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि राम उजागिर ने कूट रचित दस्तावेज के सहारे उसके मां के नाम की जमीन अपने नाम करवा लिया था। जिसका स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज था। दर्ज मुकदमे में सुलह समझौते का फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय को गुमराह किया था। जिस पर कोर्ट के आदेश पर राम उजागिर के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। जालसाज को पुलिस ढूंढ रही थी। शुक्रवार को बिरसिंहपुर चौकी इंचार्ज प्रेम नारायण राजपूत ने बिरसिंहपुर से राम उजागिर को गिरफ्तार कर लिया। जयसिंहपुर कोतवाल ने बताया कि आरोपी को कोर्ट भेजा गया था जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही हुई।

**सीता देवी लॉ कालेज, रसूलपुर बदोसराय, बाराबंकी उ0प्र0**

**में आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता–15 पद

**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**भवदीय**
**अभिषेक शुक्ल**

# पुलिस को चकमा दे हत्यारोपी ने न्यायालय में किया सरेंडर

- **नवनीत कोरी हत्याकांड: 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बहन के प्रेम प्रसंग को लेकर गांव निवासी युवक की हत्या करने वाला मुख्य आरोपी पुलिस को चकमा देकर शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सरेंडर कर दिया। अदालत ने आरोपी को नौ अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

10 अगस्त को कुड़वार थाना क्षेत्र के चेरी मिश्र का पुरवा, भंडरा परशुरामपुर गांव निवासी नवनीत कोरी (20) पुत्र शिवलाल की खेत में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के पीछे आरोपी रजनीश कोरी की बहन को मृतक द्वारा भगा ले जाने की रंजिश बताई गई थी। मामले में मृतक के भाई आनंद की तहरीर पर आरोपी रजनीश और उसके पिता शिवलाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।

पुलिस ने पूर्व में साजिश और धमकी देने के आरोप में पिता शिवलाल को जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। विशेष कोर्ट न्यायाधीश संध्या चौधरी ने आरोपी शिवलाल कोरी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। वहीं, पुलिस को नवनीत को पकड़ने में सफलता नहीं मिली। अंततः शुक्रवार को आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। हालांकि, पुलिस अब आरोपी की रिमांड का प्रयास करेगी, क्योंकि हत्या में प्रयुक्त असलहा अभी तक बरामद नहीं हो सका है।

# कार में फंसे बच्चे की दर्दनाक मौत

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखंडनगर सीएचसी परिसर में शुक्रवार दोपहर एंबुलेंस चालक आलोक तिवारी का साढ़े तीन वर्षीय पुत्र आर्थव की कार में फंसकर मौत हो गई। बच्चा घर से करीब 200 मीटर दूर हीरालाल मौर्या के अहाते में खड़ी कार में जाकर बैठ गया और कार बंद हो गई। उधर मां दमिनी बच्चे को खोजती रहीं, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तभी वहां एक व्यक्ति के घर पर लगे सीसीटीवी में देखा गया तो पता चला कि बच्चा कार में जाकर बैठा है। तब पिता ने कार खोलकर बच्चे को निकाला और बेहोशी की हालत में उसे सीएचसी लेकर जाया गया। जहां डाक्टरों ने बच्चे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# वनरोज से टकराकर बाइक सवार शिक्षक की मौत



राजीव लारेंस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर माधवपुर छतौना गांव के पास शुक्रवार को वनरोज से टकराकर बाइक सवार सहायक अध्यापक की मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक लखनऊ विकासनगर सेक्टर-6 निवासी राजीव लारेंस मोतिगरपुर विकास क्षेत्र के भदिला खानीपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। वह सुलतानपुर विनोवापुरी में पत्नी और बच्चों के साथ किराये के मकान में रहते थे। शुक्रवार को विद्यालय से लौटते वक्त माधवपुर छतौना गांव के पास अचानक वनरोज सामने आ गया। बाइक से टकराने पर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हेलमेट पहनने के बावजूद सिर में गंभीर चोटें आईं।

परिजनों के मुताबिक मृतक की पत्नी लवी सिंह दूबेपुर ब्लॉक के भोंयें पठार प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो जुड़वा बेटियां रेजल व रेशल छोड़ गए हैं। हादसे से शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दशरथमऊ वि0ख0–रुदौली अयोध्या**

पत्राक मेमो 2025–26 मनरेगा,राज्य वित्त,पन्द्रहवां वित्त व केंद्रीय वित्त द्वारा कराये जाने वाले कार्य

**ग्राम पंचायत दशरथमऊ विकास खंड रुदौली में मनरेगा,राज्य वित्त,पंद्रहवाँ वित्त व केंद्रीय वित्त अंतर्गत विभिन्य कार्यो हेतु**

**निविदा सूचना**

1–रामफेर के घर से नाला तक नाला निर्माण
2–रामगोपाल के घर से सहीम के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य
3–पी.डी. एफ गोदाम निर्माण कार्य
4–विजय के घर से अर्जुन के घर तक सी.सी रोड निर्माण कार्य

उक्त निर्माण कार्यो के आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारो,फर्म से निविदा निकलने की तिथि से तीन दिन के भीतर अपराह्न 3 बजे तक ग्रामपंचायत–दशरथमऊ कार्यालय में शील्ड बाक्स में आमन्त्रित की जाती है।उसी दिन अपराह्न 3 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी।

निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृति का अधिकार अध्यक्ष – प्रधान को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्वसूचित नही किया जायेगा।

**अरुण कुमार वर्मा**
ग्राम विकास अधिकारी
रुदौली अयोध्या

**श्री पाल**
ग्राम प्रधान,दशरथमऊ
रुदौली अयोध्या



अन्नपूर्णा भवन मॉडल शॉप का लोकार्पण करते विधायक राज प्रसाद उपाध्याय।

### सदर विधायक राजबाबू ने दो अन्नपूर्णा भवन और मॉडल शॉप का किया लोकार्पण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पात्र लाभार्थियों को सही समय पर उचित राशन मिले इसके लिए गांव-गांव में अन्नपूर्णा भवन मॉडल शॉप बनवाए जा रहे हैं। इसी क्रम शुक्रवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने जयसिंहपुर विकास खंड के विशुनदासपुर व बरसोमा में बने अन्नपूर्णा भवन को लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। बताते चलें कि विशुनदासपुर में बने अन्नपूर्णा भवन की लागत 10 लाख 28 हजार रुपए तो बरसोमा में बने अन्नपूर्णा भवन की लागत नौ लाख 25 हजार रुपए थी। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू ने लोगों को सरकार द्वारा सुधार किए गए जी एस टी की जानकारी देते हुए जागरूक किया। वहीं, सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा महामंत्री रत्नेश तिवारी, विद्या निषाद प्रमुख ,प्रतिनिधि बबलू तिवारी मंडल प्रभारी सभाजीत पांडेय , विशुनदासपुर प्रधान लल्लन यादव, बरसोमा प्रधान प्रतिनिधि राजू वर्मा, प्रधान पिंटू अग्रहरि प्रधान बृजेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हनुमानगंज बाजार में मना जीएसटी उत्सव

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगंज बाजार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शुक्रवार को जीएसटी उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजार में जाकर व्यापारियों और दुकानदारों से संवाद स्थापित किया। व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद आवश्यक वस्तुओं पर कर घटने से आम उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिली है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत दूबे, मंडल अध्यक्ष भदैंया रोहित यादव, महामंत्री सुरेश तिवारी, दिलीप सिंह, सर्विस बरनवाल, शीतल वर्मा, मोहम्मद जफर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रगति आख्या पर चर्चा व कार्ययोजना मंजूर

- **कृषि विज्ञान केन्द्र में संपन्न हुई वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कमला नेहरू कृषि विज्ञान केंद्र, सुलतानपुर में शुक्रवार को वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की 69वीं बैठक हुई। इसमें जनवरी से सितम्बर 2025 तक की प्रगति पर चर्चा हुई और वर्ष 2026 की कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया।

बैठक का शुभारम्भ जिला कृषि अधिकारी सदानंद चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। वैज्ञानिक कृषि प्रसार डॉ. सीके त्रिपाठी ने कार्ययोजना प्रस्तुत की। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक तिवारी ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर बल देते हुए पशुपालन योजनाओं की जानकारी दी। जिला कृषि व उद्यान अधिकारियों ने लागत घटाने व सब्जी-मसाला पौध उत्पादन पर जोर दिया।



बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

बैठक में डॉ. शशांक शेखर सिंह, डॉ. ओपी सिंह मदर डेयरी, गिरीश पांडेय पराग डेयरी, रमाकांत पांडेय मत्स्य विभाग सहित प्रगतिशील कृषक व महिला किसान मौजूद रहे। अंत में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जेबी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**आवश्यकता है**

**श्री गोवर्द्धन संस्कृत महाविद्यालय, रामकोट, अयोध्या**
**(संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध)**

**में सदाचारी , स्वस्थ्य मस्तिष्क वाले भारतीय नागरिकों से निम्न पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं :**

**पद : अध्यापक आधुनिक** –01 पद
**आरक्षण** – शासनादेशानुसार।
**अर्हता :** (विश्वविद्यालय परिनियमावली /शासनादेशानुसार । एम.ए. हिंदी अथवा समकक्ष विषय में न्यूनतम
द्वितीय श्रेणी अनिवार्य, अथवा समकक्ष उपाधि को वरीयता।
**शुल्क** – 1000/ (डीडी/बैंकर चेक) जो प्रबंधक श्री गोवर्द्धन संस्कृत महाविद्यालय रामकोट अयोध्या के पक्ष में देय हो।
**अंतिम तिथि** – विज्ञापन प्रकाशन से 21 दिन के भीतर।
उपरोक्त समस्त विवरण से परिपूरित आवेदन, समस्त शैक्षिक अभिलेखों तथा आवेदन पत्र पर फोटो जो स्वप्रमाणित हो, के साथ – प्रबंधक, श्री गोवर्द्धन संस्कृत महाविद्यालय, रामकोट, अयोध्या, को संबोधित करते हुए डाक से ही प्रेषित करे, अन्य माध्यम अस्वीकार्य । आवेदन के साथ दस रुपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र कि "अभ्यर्थी द्वारा शैक्षिक अथवा अन्य अभिलेख कूट रचित, परिवर्तित, परिवर्धित,संशोधित अथवा त्रुटिपूर्ण नहीं है। यदि उपरोक्तानुसार होना पाया गया तो अभ्यर्थन/नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जाए और समुचित कार्यवाही करने के साथ साथ विधिक कार्यवाही भी संपादित की जाए ,हमको कोई आपत्ति न होगी भी यदि आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं होगा तो आवेदन पत्र विचार में नहीं लिया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों ने वर्ष 2017 में प्रकाशित विज्ञप्ति के दृष्टिगत आवेदन प्रस्तुत किया है, उन्हें पुनः आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की बाध्यता नहीं है।
विशेषः विस्तृत जानकारी के लिए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी की परिनियमावली का अवलोकन करें।

**प्रबंधक**

**सम्मान समारोह** | **विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रेलवे हॉस्पिटल में किया गया कार्यक्रम का आयोजन**

# शाल व मोमेंटो से किया फार्मासिस्टों का सम्मान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे हॉस्पिटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे हॉस्पिटल के वरिष्ठ फार्मासिस्ट केशव गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में फार्मेसी कॉलेज तिलोई के डायरेक्टर डॉ. विवेक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

समारोह में रेलवे व अन्य संस्थानों से बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट शामिल हुए। इस अवसर पर शाखा मंत्री आसिम सज्जाद, शाखा अध्यक्ष ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव, पूर्व शाखा मंत्री टीएन शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद यादव, सहायक शाखा मंत्री अनिल श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र द्विवेदी समेत कई लोग अतिथि उपस्थित रहे। सभी उपस्थित फार्मासिस्टों व विशिष्ट अतिथियों को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन यूनिक फाउंडेशन सुल्तानपुर के डायरेक्टर डॉ अनूप पांडेय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन यूनिक फाउंडेशन व एनआरएमयू एवं रेलवे हॉस्पिटल टीम के तत्वावधान में संपन्न हुआ। अंत में केशव गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में फार्मासिस्टों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

**अमृत विचार क्लासीफाइड**
**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं अब्दुल्ला मो.हलीम सिद्दीकी पुत्र मो.हलीम सिद्दीकी जन्मतिथि 01.04.2001, निवासी ग्राम –अहमदाबाद कटौली परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला– लखनऊ मेरे पासपोर्ट संख्या P0038145 में मेरा नाम ABDULLAH MOHAMMED HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का नाम MOHAMMED HALIM SIDDIQUI दर्ज है। जबकि आधार कार्ड संख्या 9734 5020 9194 में मेरा नाम ABDULLAH MOHD HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का नाम MOHD- HALEEM SIDDIQUI दर्ज है। मेरे पासपोर्ट मे मेरे आधार के अनुसार मेरा सही नाम ABDULLAH MOHD HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का सही नाम MOHD- HALEEM SIDDIQUI अंकित किया जाय। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना पहचाना जाये

**सूचना**

प्रापर्टी संख्या 111 A/116 अशोक नगर कानपुर की कुछ मूल प्रपत्र (मूल लीज डीड 10.12.1952 जिल्द न. 3618,मूल फ्री होल्ड डीड 27.06.1998 जिल्द न.1183 एवं मूल डीड 26.10.2004 जिल्द न.2853 कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा, किसी भी व्यक्ति को यदि मिल जाए तो शाखा में देने की कृपा करे। **सौ. बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा तिलक नगर**

**सूचना**

मैं **सन्दीप कुमार तिवारी सुत नरेन्द्र तिवारी, नि0– ग्राम पूरे बाघराय पोस्ट भरथीपुर पर0 मीरानपुर तह0 लम्भुआ ब्लाक भदैया जिला सुलतानपुर पिन नं0–227304 उ0प्र0,** मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0–827912754850 पर नाम किशन तिवारी तथा अभिभावक सुभाष व जन्मतिथि 01.01.2012 ई0 लिखा है। वह पी0एम0 श्री राजकीय अभिनव विद्यालय टिकरी पन्ना भदैया जनपद सुलतानपुर उ0 प्र0 में संकल्प तिवारी नाम से कक्षा–8 में शिक्षारत है। पुत्र का वास्तविक नाम संकल्प तिवारी है, उक्त किशन तिवारी नाम घरेलू नाम है। पुत्र संकल्प तिवारी व किशन तिवारी दोनों नाम मेरे पुत्र का ही है वह दोनों नामों से से जाना जाता है तथा उसकी जन्मतिथि 01.01.2012 ई0 विद्यालय के परिचय पत्र अनुसार वास्तविक नाम संकल्प तिवारी नाम से जाना समझा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुनील कुमार पुत्र शियाराम वर्मा निवासी ग्राम तियरी मछरौली पो0 तियरी थाना– गोसाईगंज जिला– सुलतानपुर** मेरी पुत्री एंजल वर्मा जिसका आधार क्रमांक 7732442435 में पिता का नाम सुनील कुमार वर्मा है। जबकि मेरा सही नाम सुनील कुमार है जोकि मेरे आधार कार्ड में अंकित है पुत्री एंजल वर्मा के स्कूली दस्तवेजों व आधार कार्ड मे सुनील कुमार वर्मा लिखा गया है वह गलत अंकित हो गया है। अतः मेरे आधार कार्ड के अनुसार ही मेरी पुत्री के पिता के नाम सुनील कुमार वर्मा के स्थान पर सुनील कुमार अंकित किया जाय।

**आवश्यकता है**

**श्री गोवर्द्धन संस्कृत महाविद्यालय, रामकोट, अयोध्या**
**(संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध)**

**में सदाचारी , स्वस्थ्य मस्तिष्क वाले भारतीय नागरिकों से निम्न पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं :**

**पद : अध्यापक व्याकरण** – 01, **अध्यापक साहित्य** – 01
**अर्हता :** विश्वविद्यालय परिनियमावली/ शासनादेशानुसार। अध्यापक व्याकरण हेतु व्याकरण विषय में आचार्य उपाधि कम से कम द्वितीय श्रेणी अनिवार्य। तथा अध्यापक साहित्य हेतु साहित्य विषय में आचार्य उपाधि।कम से कम द्वितीय श्रेणी अनिवार्य।
**आरक्षण** – शासनादेशानुसार।
**शुल्क** – 1000/ (डीडी/बैंकर चेक) जो प्रबंधक श्री गोवर्द्धन संस्कृत महाविद्यालय रामकोट अयोध्या के पक्ष में देय हो।
**अंतिम तिथि** – विज्ञापन प्रकाशन से 21 दिन के भीतर। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेंगा। जिन अभ्यर्थियों ने वर्ष 2016 में प्रकाशित विज्ञप्ति के दृष्टिगत आवेदन प्रस्तुत किया है, उन्हें पुनः आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की बाध्यता नहीं है।
उपरोक्त समस्त विवरण से परिपूरित आवेदन, समस्त शैक्षिक अभिलेखों तथा आवेदन पत्र पर फोटो जो स्वप्रमाणित हो, के साथ – प्रबंधक, श्री गोवर्द्धन संस्कृत महाविद्यालय, रामकोट, अयोध्या, को संबोधित करते हुए डाक से ही प्रेषित करे, अन्य माध्यम अस्वीकार्य । आवेदन के साथ दस रुपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र कि "अभ्यर्थी द्वारा शैक्षिक अथवा अन्य अभिलेख कूट रचित, परिवर्तित, परिवर्धित,संशोधित अथवा त्रुटिपूर्ण नहीं है। यदि उपरोक्तानुसार होना पाया गया तो अभ्यर्थन/नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जाए और समुचित कार्यवाही करने के साथ साथ विधिक कार्यवाही भी संपादित की जाए ,हमको कोई आपत्ति न होगी भी यदि आवेदन पत्र के साथ संलग्न नहीं होगा तो आवेदन पत्र विचार में नहीं लिया जाएगा।
विशेषः विस्तृत जानकारी के लिए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी की परिनियमावली का अवलोकन करें।

**प्रबंधक**

# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने किया प्रदर्शन

## गर्ल्स हॉस्टल की छत पर ड्रोन उड़ता देख दहशत में आईं छात्राएं, विरोध प्रदर्शन करते हुए कॉलेज में सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : जिले के मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल की छत पर बृहस्पतिवार की रात ड्रोन उड़ता दिखाई देने और छत पर किसी अज्ञात की चहलकदमी की आहट से छात्राएं दहशत में आ गयी। डर के मारे छात्राओं ने 112 पर फोन किया तो पुलिस पहुंची लेकिन वह गेट से ही वापस लौट गयी।

जिले के मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज इसी सत्र से प्रारंभ हुआ है। कॉलेज कैंपस में बने गर्ल्स हॉस्टल में करीब तीन सौ की संख्या में छात्राएं हैं, लेकिन इन छात्राओं की सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं है। वहीं बिजली कटौती ने इन छात्राओं की मुसीबत और बढ़ा दी है। बृहस्पतिवार की पूरी रात हॉस्टल से बिजली गुल रही। वहीं आधी रात हॉस्टल की छत पर ड्रोन उड़ता देख छात्राएं दहशत में आ गयी। अंधेरे में उन्होंने किसी तरह हिम्मत कर छत पर देखने की कोशिश की तो वहां किसी व्यक्ति की चहलकदमी सुनकर वह सभी डर गया। इसको लेकर सुबह छात्राएं धरने पर बैठ गयीं और विरोध प्रदर्शन करते हुआ कालेज में सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। छात्रा मुस्कान, प्रियांशी ने बताया कि बीते 48 घंटे से कालेज में बिजली नहीं है। दिन में कुछ देर के लिए बिजली आई थी, लेकिन रात में फिर से गुल हो गयी। छात्राओं ने बताया कि आधी रात के करीब हॉस्टल की छत पर तीन ड्रोन कैमरे उड़ते हुए दिखाई दिए। इसके बाद छत पर किसी के चलने की आवाज भी सुनाई दी। अंधेरे में इस तरह की घटना होने पर छात्राएं दहशत में आ गयीं। उन्होंने तत्काल कालेज की वार्डेन और डायल 112 पर इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर गयी लेकिन वह गेट से ही जांच पड़ताल कर वापस हो गयी। छात्राओं का कहना है कि पुलिस हॉस्टल की छत पर जाकर जांच करती तो यह पता चलता कि छत पर कौन था लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। डर और दहशत में छात्राएं पूरी रात जागती रहीं। उनकी मांग है कि कालेज में तत्काल सुरक्षा, बिजली व पानी की व्यवस्था की जाए।

कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. बीएन मिश्रा का कहना है कि रात में छात्राओं ने छत पर ड्रोन उड़ता देखा और किसी की चहलकदमी भी सुनाई दी इसको लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। प्रशासन को भी सूचित किया गया है। बिजली की व्यवस्था के लिए वैकल्पिक जनरेटर की व्यवस्था कराई जा रही है। वहीं कालेज में एक अक्टूबर से 10 सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती हो जायेगी। तब तक के लिए गार्ड की भी वैकल्पिक व्यवस्था कराई जा रही है।

### दो दिन पहले ही यहां पहुंचे हैं छात्र-छात्राएं

मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कालेज की कक्षाएं अब तक अंबेडकर नगर जिले में संचालित हो रही थीं। इस शैक्षिक सत्र से इन कक्षाओं को यहां शिफ्ट किया गया है। कालेज में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को अगस्त से यहां पर रहना था लेकिन व्यवस्था पूरी न होने के कारण उन्हें दो महीने तक कालेज आने से रोका गया था। दो दिन पहले कालेज प्रशासन के बुलाने पर छात्र छात्राएं यहां पहुंची है। कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में करीब तीन सौ छात्राएं रहेंगी। अधिकतर छात्राएं यहां पहुंच भी चुकी है लेकिन कालेज की व्यवस्था अभी भी अधूरी है।



आक्रोशित छात्राओं को समझाते कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. बीएन मिश्रा। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### नगर में फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**करनैलगंज** : त्यौहार व जुम्मे की नमाज के मद्देनजर शुक्रवार को एसडीएम नेहा मिश्रा व एएसपी अभिषेक दावाच्या के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर में फ्लैग मार्च किया। बस स्टॉप से शुरू होकर नई बाजार, गाड़ी बाजार, घंटाघर, स्टेशन रोड होते हुए कोतवाली तक पहुंचे फ्लैग मार्च में अधिकारियों ने लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। तहसीलदार सुभद्र प्रसाद, कोतवाल तेज प्रताप सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### एलपीजी पंचायत में किया गया जागरूक

**गोंडा** : भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्वावधान में सेल्स एरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुभागपुर में एलपीजी पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमेa राज्य प्रमुख यूपीएसओ राजेश कुमार भी मौजूद रहे। घरेलू गैस उपभोक्ताओ के सुरक्षा को लेकर आयोजन में कई जानकारी दी गई। श्री साई भारत गैस ग्रामीण वितरक के प्रोप्राइटर प्रेम कुमार मिश्रा, टेरिटरी मैनेजर सुल्तानपुर नरपत सिंह, एलपीजी विक्रय अधिकारी चेतन शर्मा समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### कॉलेज को विधि कक्षाएं चलाने की मिली मान्यता

**गौरा चौकी** : हकीकुल्लाह चौधरी कॉलेज ऑफ लॉ मनकापुर, घारीघाट के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। कॉलेज को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त हुई है। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक, प्राचार्य, निदेशक, शिक्षक एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने खुशी व्यक्त की है। कॉलेज के प्रबंधक मो कमाल चौधरी ने विश्वविद्यालय प्रशासन एवं बीसीआई के प्रति आभार प्रकट किया है। और कहा कि यह मान्यता छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगी। हकीकुल्लाह चौधरी ला कॉलेज के निदेशक पी.के. सिंह ने कहा कि एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित किये जायेंगे।

### छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित

**गोंडा** : शुक्रवार को फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज में छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित जूपिटर हाल में आयोजित राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति वितरण समारोह का सीधा प्रसारण भी छात्रों और स्टाफ ने देखा।

### प्रभु के स्मरण से विपत्ति से मिलती है मुक्ति

**दुर्जनपुर घाट** : तरबगंज मार्ग स्थित काली माता मंदिर झाम पुरवा में दुर्गा पूजा महोत्सव के साथ नौ दिवसीय श्री देवी भागवत कथा यज्ञ चल रहा है। कथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे कथावाचक आचार्य शेषमणि महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि विपत्ति और दुख निवारण के लिए प्रभु नाम का संकीर्तन सर्वश्रेष्ठ साधन है। कार्यक्रम में यजमान राम कुमार मिश्रा, पेशकार मिश्रा, छोटू, दीपक, शैलेंद्र मिश्रा सहित कमेटी के अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

### फुलवारी मंचन देखकर भावविभोर हुए दर्शक

**गोंडा** : रानी बाजार में चल रही रामलीला में दर्शकों को भगवान राम की विविध लीलाओं का मंचन कलाकारों ने किया। रामलीला के मंच पर कलाकारों द्वारा अहिल्या उद्धार, गंगा का पृथ्वी पर आगमन, नगर भ्रमण और फुलवारी लीला जैसे प्रसंगों का जीवंत अभिनय प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वैभव नारायण, लाल जी तिवारी ,अनिल घरवाला, राज नारायण मोदनवाल , पूरन चंद्र गुप्ता, चंद्र प्रकाश, विशाल समेत ने लोग मौजूद रहे।

### शिविर में किया जागरूक

**गोंडा** : उप्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के तत्वावधान में चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में एचआईवी ,एड्स एवं टीबी के प्रति जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एचआईवी, एड्स, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी व सी सहित टीबी की स्क्रीनिंग, टेस्टिंग एवं एक्स-रे संबंधी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई।

### रामायण संस्कार परीक्षा के विजेताओं का सम्मान

**नवाबगंज** : ग्राम सभा खरगूपुर विकासखंड नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय मौहरी में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित रामायण संस्कार परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बजरंग दल के विभाग संयोजक शारदाकांत पांडे की अगुवाई में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि तरबगंज क्षेत्र के विधायक प्रेम नारायण पांडे रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवाबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के साकीपुर गांव का एक युवक गुरुवार की शाम सड़क दुर्घटना में असमय काल का शिकार हो गया। गोंडा कचहरी से पेशी निपटाकर लौटते समय रास्ता भटककर वह बहराइच रोड पर पहुंच गया, जहां सोनी गुमटी के पास अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया और गांव में सन्नाटा छा गया।



रामचंदर सिंह (फाइल फोटो)।

साकीपुर मजरे डीहा निवासी वशिष्ठ सिंह का बड़ा बेटा रामचंदर सिंह (35) नंदिनी नगर महाविद्यालय में नौकरी करता था। गुरुवार को वह न्यायालय में चल रहे दांपत्य विवाद के मुकदमे की पेशी पर गोंडा गया था। लौटते वक्त हादसे का शिकार हो गया। परिजनों ने बताया कि रामचंदर की शादी गोरखपुर की अर्चना से हुई थी। विवाद के चलते पत्नी बेटा विराट (11) को लेकर मायके चली गई, जबकि बड़ी बेटी पारुल (15) जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, पिता के साथ ही रहती थी। लंबे समय से मानसिक तनाव में चल रहे रामचंदर की असमय मौत से परिवार टूट गया है। छोटा भाई हरेंद्र सिंह लखनऊ मेडिकल कॉलेज में नौकरी करता है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी है, लेकिन दुर्घटना उनके थाना क्षेत्र की नहीं है।

### बाइक की ठोकर से युवक की गई जान

**मनकापुर** : कोतवाली क्षेत्र के अमघटी गांव निवासी युवक की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से मौत हो गई। मृतक के भाई के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अमघटी गांव निवासी मुन्नूलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बीते बुधवार की शाम लगभग सात बजे उसका भाई चिन्नू लाल यादव खरिका बगिया से दूध देकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह भटपुरवा में शोभाराम यादव के घर के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में चिन्नू लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनकापुर लाया गया, जहाँ हालात गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### विद्यालय में घुसकर शिक्षिका से मारपीट

**नवाबगंज** : नवाबगंज के हरिवंशपुर कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को परिसर में घुसकर शिक्षिका के साथ मारपीट की और विद्यालय का रजिस्टर फाड़ दिया। अयोध्या जिले के लवकुश नगर नया घाट निवासी शिक्षिका सुधा देवी ने बताया कि वह हरिवंशपुर कंपोजिट विद्यालय में तैनात हैं। शुक्रवार को करीब 11 बजे वह बच्चों को पढ़ा रही थीं, तभी बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मी पत्नी रामनारायण और दीनानाथ विद्यालय में आ धमके। शिक्षिका के अनुसार, दोनों लोग किसी पुराने गांव के विवाद को लेकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लात-घूंसे से मारपीट की और मेज पर रखा विद्यालय का रजिस्टर फाड़ दिया। यही नहीं, जाते-जाते उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि शिक्षिका की शिकायत पर लक्ष्मी और दीनानाथ के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने समृद्ध नारी का दिया संदेश

**रुपईडीह, अमृत विचार** : शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन ने छितौनी गांव में चौपाल लगाई। यहां पर उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश पर चर्चा करते हुए नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व स्वावलंबन पर विशेष बल दिया। सीडीओ अंकिता जैन ने स्वयं सहायता समूह के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि समूह की महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। चौपाल के बाद डीएम व सीडीओ ने दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इसके अलावा दो महिलाओं के गोद भराई की रस्म को भी पूरा कराया। एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता, सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा, मनरेगा उपायुक्त जनार्दन प्रसाद यादव, एनआरएलएम के उपायुक्त जे.एन राव आदि उपस्थित रहे।



महिलाओं की गोदभराई करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

### दुर्गा पूजा महासमिति ने अव्यवस्था से कराया अवगत

**गोंडा** : नवरात्र में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव के दृष्टिगत केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने स्वच्छता, विद्युत विभाग, नगर पालिका से संबंधित कार्यों की धीमी गति को लेकर एक बार पुन: डीएम से मिलकर त्वरित व तीव्र कार्य कराने का आग्रह किया है। महासमिति के अध्यक्ष अरुण शुक्ल व महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू ने डीएम प्रियंका निरंजन से भेंट की और नगर पालिका विद्युत विभाग, पंचायत राज विभाग द्वारा कराए गए कराए जा रहे कार्यों की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को तीव्रगामी कार्य करने हेतु निर्देशित करने का आग्रह किया।

### दुर्गा पूजा पंडालों में गूंज रहे जयकारे



यह तस्वीर छतईपुरवा के ब्रम्हचारी स्थान पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की है। परंपरा के अनुरूप इस बार भी चार प्रमुख स्थानों बस स्टेशन, मौर्य नगर चौराहा, कैलाश बाग तथा स्टेशन रोड स्थित सर्वामाई पर प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वहीं, स्टेशन रोड पर पूर्व वर्षों की भांति माता वैष्णोदेवी की गुफा भी बनाई गई है, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अमृत विचार

## 34 स्कूलों के प्रधानाचार्य व लिपिकों का वेतन रोका

**गोंडा** : माध्यमिक शिक्षा विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए शुक्रवार को पीएम श्री बालिका इंटर कॉलेज में समीक्षा बैठक आयोजित हुई इस बैठक में जिले के सभी राजकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त, संस्कृत व वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य शमिल हुए। अध्यक्षता संयुक्त शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडल डॉ. ओमप्रकाश गुप्त व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने की। बैठक में यू डायस की प्रगति व इंस्पायर अवार्ड के तहत प्रत्येक विद्यालय से हुए नामांकन की समीक्षा की गई। इस समीक्षा में 34 स्कूल कॉलेज फिसड्डी पाए गए। इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन स्कूलों के प्रधानाचार्यों व लिपिकों का वेतन रोक दिया है। बैठक में करीब 200 स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे। शासकीय कार्यों में रुचि न लेने वाले स्कूल कॉलेजों को बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा और इसके लिए विद्यालय का प्रबंध तंत्र स्वयं उत्तरदायी होगा।

## चोरी की अफवाह में युवक को पेड़ से बांधकर पीटा



पेड़ से बंधा युवक।

**नवाबगंज, अमृत विचार।** चोरी की अफवाहों ने थाना क्षेत्र के गांवों में दहशत मचा रखी है। ताजा मामला कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत शाहपुर गांव का है। गुरुवार रात, मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक निर्मोही यादव, जो पड़ोसी बल्लीपुर गांव का रहने वाला है, सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के बाद भटककर शाहपुर पहुंच गया। गांववालों ने उसे चोर समझकर घेर लिया, गमछे से पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा। पुलिस ने युवक को बंधन मुक्त कर परिजनों को सौंपा। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी डायरी

### शिक्षक की लापरवाही से छात्र का पैर टूटा



अस्पताल में भर्ती छात्र।

**कटरा बाजार।** अध्यापक की लापरवाही से खेलते समय प्राथमिक विद्यालय अशोकपुर में अध्ययनरत छात्र का पैर टूट गया है। अशोकपुर चिरैयाटांड़ निवासी समर सिंह ने थाने में तहरीर दिया है जिसमे उन्होंने कहा है कि उनका बेटा प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता है विद्यालय में तैनात अध्यापक कृष्ण गोपाल नायक बच्चों को कबड्डी खिला रहे थे जिसमें मेरे बच्चे को खेल रहे लोगों ने पटक दिया जिससे मेरे बेटे का पैर टूट गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल में तैनात शिक्षकों ने इलाज न कराते हुए मेरे बच्चे को घर पर छोड़ गए। जब मैं अपने बच्चे को इलाज के लिए डॉक्टर के यहां ले गए तो वहां जांच में बच्चे के पैर की हड्डी टूटी मिली। चिकित्सकों ने बच्चे का ऑपरेशन कर दिया है। पूरी घटना में शिक्षकों की लापरवाही है। उन्होंने कार्यवाही की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पाण्डेय ने बताया कि प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं था जानकारी हुई है लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण गोपाल नायक ने बताया कि बच्चे लंच के समय अपने आप कबड्डी खेल रहे थे अचानक गिरने से एक रितेश जो कक्षा 5 का छात्र है पैर टूट गया है। कटरा बाजार पुलिस पूरे प्रकरण में जांच कर रही है।

### दो दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम व वर्कशॉप शुरू

**गोंडा** : मां पटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को एरा फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम व वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंजीनियर सचिन एस, इंजीनियर गुरुराज एवं इंजीनियर लोहित रहे। उन्होने छात्रों को नवाचारी विचारों एवं रोबोटिक्स के विषय में सरल एवं प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सुशील कुमार चौधरी, डॉ. अजय प्रताप सिंह एवं अधिष्ठाता शैक्षणिक मारुत नंदन त्रिपाठी ने किया। वर्कशॉप में कॉलेज के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा संकाय सदस्यों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में कॉलेज के निदेशक प्रो. भरतेन्दुनाथ मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को नई तकनीकों, शोध तथा व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराते हैं। उन्होंने छात्रों को इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने इनोवेशन, डिज़ाइन थिंकिंग एवं रोबोटिक्स पर अपने विचार साझा किए और प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।निदेशक प्रो. मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ उद्योग जगत की नई चुनौतियों के लिए भी तैयार करती हैं। इसी कड़ी में कॉलेज कैंपस में वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया और झाड़ू लगाकर कैंपस की सफाई की गयी।



पाठशाला में जानकारी देतीं राजयोगिनी अनामिका

### कर्म ही भाग्य का निर्माता : अनामिका

**परसपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनामिका बहिन ने दुरौनी चौराहे पर संचालित ब्रह्माकुमारीज पाठशाला में संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य अपने जीवन की परिस्थितियों का स्वयं निर्माता है। सुख, समृद्धि और शांति हमारे पुण्य कर्मों का फल हैं, जबकि दुख, अशांति, अभाव और कलह हमारे पाप कर्मों का परिणाम होते हैं। उन्होंने कहा कि भाग्य या प्रारब्ध कोई स्वतंत्र शक्ति नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजन्मों और वर्तमान कर्मों का ही प्रतिफल है। मनुष्य अपने पुरुषार्थ से ही भाग्य का निर्माण करता है।

### रामलीला महोत्सव में बालि-सुग्रीव युद्ध व तारा विलाप का हुआ मंचन



राम-सुग्रीव के बीच मित्रता का दृश्य। अमृत विचार

**करनैलगंज** : नगर में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के 16वें दिन बालि-सुग्रीव युद्ध और तारा विलाप की लीला का मंचन किया गया। युद्ध के रोमांच और तारा के करुण विलाप ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन में दिखाया गया कि सबरी की आज्ञा से भगवान श्रीराम ऋष्यमूक पर्वत पर पहुंचे। बाली के भय से सुग्रीव वहीं निवास करते थे। संदेह दूर करने के लिए सुग्रीव ने हनुमान जी को श्रीराम के पास भेजा। इस मौके पर रामजीलाल मोदनवाल, मोहित पाण्डेय, कन्हैया लाल वर्मा, शिव पूजन गोस्वामी, बरसाती लाल कसेरा, सनद तिवारी मौजूद रहे।

# जुमे की नमाज को लेकर रही सतर्कता

**गोंडा, अमृत विचार** : शारदीय नवरात्र एवं शुक्रवार की नमाज़ के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नगर क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त भी किया। एसपी ने शहर की प्रमुख मस्जिदों एवं मंदिरों का निरीक्षण किया और वहां मौजूद धर्मगुरुओं, नमाज़ियों व श्रद्धालुओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।



भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण करते एसपी। अमृत विचार

### टीकाकरण अभियान के प्रति किया जागरूक

**करनैलगंज** : नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। टीकाकरण से इनकार करने वाले चिन्हित परिवारों को जागरूक किया गया। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने नई बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर ऐसे परिवारों से संवाद किया और टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी परिवार छूटने न पाए।

**उत्साहवर्धन** | सांसद खेल स्पर्धा में दिखा रोमांच, विजेताओं को किया गया सम्मानित

# कबड्डी और रस्साकसी में उभरीं प्रतिभाएं

संवाददाता, नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार** : नंदिनी नगर महाविद्यालय का खेल मैदान शुक्रवार को एक रंगीन उत्सव का केंद्र बन गया। सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे दिन नवाबगंज और वजीरगंज ब्लॉकों के बालक-बालिकाओं ने कबड्डी और रस्साकसी में अपनी ताकत और तकनीक का लोहा मनवाया। मैदान पर दर्शकों की तालियों और खिलाड़ियों के जोश ने माहौल को रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कैसरगंज सांसद करन भूषण सिंह ने की। उन्होंने कहा कि खेल केवल शरीर को मजबूत नहीं बनाते, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। विजेता खिलाड़ियों को सांसद ने मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह। अमृत विचार

पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने खिलाड़ियों को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार आती रहती है, लेकिन संघर्ष और मेहनत की भावना ही खिलाड़ी को आगे ले जाती है। हमारे गांव-गांव से निकलने वाली ये प्रतिभाएं आने वाले समय में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। कबड्डी में मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। नवाबगंज ब्लॉक की जूनियर बालिका वर्ग में नंदिनी नगर की सोनी की टीम ने चंदापुर की विद्योतमा की टीम को हराकर खिताब जीता।

वजीरगंज ब्लॉक के जूनियर बालक वर्ग में शक्ति सिंह की टीम ने अभिनंदन सिंह की टीम को मात दी। नवाबगंज सीनियर बालिका वर्ग में नंदिनी नगर की नसरीन की टीम ने गोनार्द की नेहा की टीम को पराजित किया। वजीरगंज जूनियर बालिका वर्ग में डीएवी की टीम विजेता रही, जबकि सीनियर बालक वर्ग में आनंद दूबे की टीम ने इंद्रापुरम के सत्यम बरनवाल की टीम को हराकर पहला स्थान हासिल किया। रस्साकसी में भी खिलाड़ी पूरे जोश के साथ मैदान में उतरे। नंदिनी के पहलवानों की टीम ने नंदिनी नगर हॉस्टल की टीम को मात देकर खिताब अपने नाम किया।

# आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश

# मिशन 2047



विजन 2047 हमारे लिए एक संकल्प है। एक ऐसा संकल्प कि हम उत्तर प्रदेश को न केवल भारत का सबसे सशक्त और समृद्ध राज्य बनाएँगे, बल्कि दुनिया के सामने विकास, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का आदर्श भी पेश करेंगे। हम वो प्रदेश बनाएंगे जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपने विकास, अपनी तकनीकी ताकत, अपने उद्योग और अपनी अद्वितीय संस्कृति के लिए जाना जाएगा। यहाँ विकास की गंगा व परंपरा की यमुना साथ-साथ बहेंगी। आइए, हाथ से हाथ, मन से मन और कदम से कदम मिलाकर हम सब इस महान यात्रा का शुभारंभ करें।



## चिन्हित 12 सेक्टर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कृषि एवं संबद्ध | पशुधन संरक्षण | स्वास्थ्य | शिक्षा | पर्यटन | सुरक्षा एवं सुशासन |
| अवस्थापना | समाज कल्याण | संतुलित विकास | नगर एवं ग्राम्य विकास | औद्योगिक विकास | आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी |

## पर्यटन सेक्टर

1947-2017 तक उपेक्षा के कारण उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय पर्यटन हिस्सेदारी घटकर 13.1% रह गई

2017 के बाद तीव्र उछाल से यह 18.99% पहुँची

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, श्रीराम जन्मभूमि, दीपोत्सव, ब्रज विकास, पर्यटन परिपथ और हेलीपोर्ट सुविधाओं से यूपी बना धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र

महाकुंभ 2025 ने यूपी को विश्व मानचित्र पर स्थापित कर अर्थव्यवस्था व रोजगार को नया आयाम दिया

### 2047 तक पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश

लघु अवधि (2029-30 तक)

नैमिषारण्य, विंध्याचल, मथुरा जैसे नए पर्यटन कॉरिडोर, रामायण-कृष्ण-बौद्ध सर्किट का विस्तार, ईको टूरिज्म और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने पर फोकस

मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)

यूपी को विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रुप में स्थापित कर परंपराओं और समृद्ध वैभव को वैश्विक पहचान दिलाना

## नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर

1947-2017 तक शहरीकरण अव्यवस्थित रहा निकाय और बजट आबादी के अनुरुप नहीं थे, बुनियादी सुविधाएँ अधूरी और विकास असंतुलित था

2017 के बाद योजनाबद्ध और तकनीक-सक्षम शहरीकरण शुरु हुआ

नए व विस्तारित निकाय, स्मार्ट सिटी मॉडल बने

राज्य राजधानी क्षेत्र और क्षेत्रीय विकास योजनाओं से जल-सीवर का संयोजन

हरित क्षेत्र और स्वच्छता में हुआ सुधार

### 2047 तक नगर विकास

लघु अवधि (2029-30 तक)

हर शहर को आधुनिक स्मार्ट सिटी बनाना, जहाँ स्वच्छ पेयजल व स्वच्छता उपलब्ध हो

24x7 बिजली और पक्का आवास उपलब्ध हो

मेट्रो, लाइट मेट्रो और इको-फ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट से शहरी कनेक्टिविटी सुदृढ़ करना

तीन नए रीजनल आर्थिक जोन, पारदर्शी नगर वित्तीय प्रबंधन, आधुनिक सीवेज व अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू करना

मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)

पाँच अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट शहर विकसित करना, जो कनेक्टिविटी, जीवन स्तर और निवेश के मामले में वैश्विक मानकों के अनुरुप हों

पूरे प्रदेश में 100% ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा वैज्ञानिक पुनर्चक्रण व्यवस्था सुनिश्चित करना

## आपके सुझाव से बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश UP 2047

## मिशन

**समग्र विकास**
हर नागरिक को घर, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य

**आर्थिक नेतृत्व**
उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बढ़त

**सांस्कृतिक पुनर्जागरण**
परम्परा और आधुनिकता का संतुलित संगम

## पशुधन संरक्षण सेक्टर

वर्ष 2017 तक अपार संभावनाओं के बाद भी पशुधन और दुग्ध विकास सेक्टर उपेक्षित रहा

पहले दुग्ध, अंडा और मत्स्य क्षेत्र में योगदान सीमित था

2017 के बाद नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, चारा व चिकित्सा प्रबंधन और गोवंश संवर्धन- संरक्षण से बड़ा बदलाव आया

प्रदेश में 414 लाख मी. टन दुग्ध उत्पादन हो रहा है (राष्ट्रीय योगदान 16.2%, देश में प्रथम)

अंडा उत्पादन में दोगुनी वृद्धि, मत्स्य उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव का साक्षी बना उत्तर प्रदेश

यह सेक्टर रोजगार-सेवायोजन के नए अवसरों का सहज माध्यम बन कर उभरा है

### 2047 तक पशुधन संरक्षण

लघु अवधि (2029-30 तक)

प्रदेश में दुधारु पशुओं की उत्पादकता दोगुनी, अंडा उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन में देश का शीर्ष राज्य बनना

गोवंश नस्ल सुधार, सॉर्टेड AI, प्रोटीनयुक्त आहार और निर्यातोन्मुख मछली प्रजातियों का विस्तार करना

मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)

उत्तर प्रदेश को दूध व अंडा उत्पादकता में विश्वस्तरीय स्तर पर पहुँचाना

मत्स्य व पशुपालन को निर्यातोन्मुख बनाना और पशुधन विज्ञान व प्रबंधन के अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की स्थापना करना

## अवस्थापना सेक्टर

1947-2017 तक प्रदेश में आधारभूत ढांचा लगभग ठहरा रहा

सीमित सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास हेतु कोई ठोस नीति नहीं थी और ऊर्जा उत्पादन मात्र 12,000 मेगावॉट तक सीमित था

2017 के बाद जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर अभूतपूर्व प्रगति हुई। 22 एक्सप्रेसवे, 16,000 किमी रेल लाइन, मल्टीमोडल लाजिस्टिक्स हब, 16 संचालित व 5 निर्माणाधीन हवाई अड्डे तथा जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स ने उत्तर प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर पॉवरहाउस बना दिया

ऊर्जा उत्पादन 20,000 मेगावॉट से अधिक और विद्युतीकृत मजरों की संख्या दोगुनी हो गई

### 2047 तक अवस्थापना

लघु अवधि (2029-30 तक)

जेवर एयरपोर्ट को आधुनिक कार्गो ट्रांजिट हब बनाना

सभी जिलों को एक्सप्रेसवे से जोड़ना

स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार तथा नेपाल सीमा पर ट्रांजिट हब और पर्यटन स्थलों पर रोपवे विकसित करना

मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)

"एक मंडल-एक एयरपोर्ट" के तहत हर मंडल में विश्वस्तरीय हवाई अड्डे का विकास

उत्तर प्रदेश को वैश्विक विमानन और अवसंरचना का केंद्र बनाने पर फोकस

अपने विचार और संकल्प साझा करने के लिए अभी QR कोड स्कैन करें या विज़िट करें:

https://samarthuttarpradesh.up.gov.in

## शिक्षा सेक्टर

1947-2017 तक शिक्षा अवसंरचना कमजोर रही ड्रॉपआउट दर अधिक और तकनीकी-कौशलपरक शिक्षा का अभाव था

बेरोजगारी, भर्तियों में भेदभाव और महिलाओं की सीमित भागीदारी बड़ी चुनौतियाँ थीं

2017 के बाद व्यापक सुधार हुए, स्कूल चलो अभियान और ऑपरेशन कायाकल्प से विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएँ पहुँचीं

अटल आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय और प्रोजेक्ट अलंकार जैसे अभिनव प्रयास हुए

10 नए राज्य विश्वविद्यालय, आधुनिक आईटीआई और लगभग 50 लाख टैबलेट-स्मार्टफोन से युवाओं का डिजिटल सशक्तिकरण हुआ

पारदर्शी भर्तियों से लाखों युवाओं को रोजगार और महिला श्रम भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई

### 2047 तक शिक्षा क्षेत्र

लघु अवधि (2029-30 तक)

थीम आधारित विश्वविद्यालयों की श्रृंखला, ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना

IIT-IIM समकक्ष संस्थानों की स्थापना, साथ ही अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कैम्पस व एक्सचेंज प्रोग्राम से युवाओं को वैश्विक अवसर देना

मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)

उत्तर प्रदेश को शिक्षा व कौशल विकास का वैश्विक केंद्र बनाना

प्रदेश में विश्वस्तरीय अनुसंधान और नवाचार केंद्र स्थापित हों और प्रदेश की उच्च शिक्षा संस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाने पर जोर

## समाज कल्याण सेक्टर

1947-2017 तक योजनाओं का लाभ सीमित और अपारदर्शी रहा

2017 के बाद लक्षित व पारदर्शी मॉडल से 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए

जीरो पावर्टी अभियान, पेंशन, सामूहिक विवाह, उज्ज्वला, अन्नपूर्णा भवन व राशन कार्ड बना सुरक्षा कवच

### 2047 तक सामाजिक सुरक्षा एवं गरीब कल्याण

लघु अवधि (2029-30 तक)

वंचित वर्गों को शिक्षा स्वास्थ्य आवास-आजीविका में समान अवसर

महिलाओं की श्रम भागीदारी को 50% तक बढ़ाना, बहुआयामी गरीबी का उन्मूलन और हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का लक्ष्य


मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)

पूर्वांचल बुंदेलखंड का संतुलित विकास

युवाओं को नवाचार, खेल-संस्कृति में वैश्विक अवसर

यूपी को स्किल्ड मानव संसाधन का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनाना

ADVERTORIAL



# उत्तर प्रदेश
# विकासशील परिवेश सुरक्षित निवेश



**ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर, 2025 तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS) का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह मेगा शो प्रदेश की औद्योगिक ताकत, सांस्कृतिक धरोहर और "मेड इन यूपी" की वैश्विक पहचान को सामने लाएगा। 80 से अधिक देशों के बायर्स, हजारों एग्जिबिटर्स और लाखों विजिटर्स की मौजूदगी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खास बनाएगी। ओडीओपी और जीआई उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ेगी। साथ ही 17 प्रमुख सेक्टर्स की भागीदारी, विभागीय स्टॉल्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन को और भी आकर्षक बनाएंगे।**

"यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र की उल्लेखनीय वृद्धि और असीम संभावनाओं का सच्चा प्रतिबिंब है। पिछले दो संस्करणों की अपार सफलता ने हमारे लोगों की उद्यमशीलता की भावना में हमारे विश्वास को और मजबूत किया है। तीसरे संस्करण की तैयारी करते हुए, हम वैश्विक खरीदारों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जो हमारे राज्य की ताकत, कौशल और परंपरा का प्रतिनिधित्व करने वाले बेहतरीन उत्पादों को देखेंगे और खरीदेंगे"

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो

**25 से 29 सितंबर, 2025**

**ग्रेटर नोएडा में सजेगा यूपीआईटीएस का ग्लोबल मंच, दिखेगी मेड इन यूपी की ताकत**

"आज यूपी इतनी तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है, देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ यहाँ निवेश कर रही हैं, इसके पीछे यूपी सरकार की विकासपरक नीतियों की बड़ी भूमिका है। पिछली सरकारों में यूपी में अपराधी बेखौफ थे और निवेशक यहां आने से भी डरते थे। लेकिन, यूपी की सरकार में अपराधियों में खौफ है और निवेशक यूपी के भविष्य में भरोसा देख रहे हैं। मैं विकास की इस रफ्तार के लिए यूपी सरकार को बधाई देता हूँ"

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023

**1914** एग्जिबिटर्स | **70 हजार** B2B विजिटर्स | **1 लाख+** बिजनेस लीड्स

**66 देशों के 400+** विदेशी खरीदार

**10 लाख बार** #UPITS2023 इंटरनेट पर अंकित किया गया

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024

**2122** एग्जिबिटर्स | **1 लाख+** B2B विजिटर्स | **2 लाख+** बिजनेस लीड्स

**70 देशों के 350+** विदेशी खरीदार

**3.2 करोड़ बार** #UPITS2024 इंटरनेट पर अंकित किया गया

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025*

**2500** एग्जिबिटर्स | **2.5 लाख+** B2B विजिटर्स | **2 लाख+** बिजनेस लीड्स

**80+ देशों के 500+** विदेशी खरीदार

**5 करोड़ बार** #UPITS2025 इंटरनेट पर अंकित किया जायेगा

*लक्ष्य

- पंजीकरण: मोबाइल ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड (QR Code) आधारित पंजीकरण।
- यह आयोजन प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, सांस्कृतिक पहचान और "मेड इन यूपी" की ताकत दुनिया के सामने रखेगा।
- 80 देशों से 500+ बायर्स के आने की उम्मीद, अब तक 75 देशों के 340 बायर्स ने पुष्टि की।
- ओडीओपी की विशेष प्रदर्शनी से स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा।
- उद्देश्य – यूपी को निर्यात में शीर्ष पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना।
- यूरोप और सीआईएस से 110 बायर्स की संभावना, 88 ने सहमति दी।
- शो में 17 प्रमुख सेक्टर्स के उत्पाद प्रदर्शित होंगे, विशेष फोकस ओडीओपी व जीआई प्रोडक्ट्स पर।
- सरकार के विभिन्न विभाग 37085 स्क्वायर मीटर में अपने-अपने स्टॉल्स लगाएँगे (28649 स्क्वायर मीटर बुक)।




- उद्देश्य – प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, सांस्कृतिक विरासत और मेड इन यूपी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना।
- विदेशी सहभागिता – लगभग 80 देशों से खरीदार और निवेशक इसमें भाग लेंगे।
- बायर्स और निवेशक – 500 से अधिक इंटरनेशनल बायर्स की मौजूदगी की उम्मीद है।
- प्रमुख सेक्टर्स – कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र एवं हैंडलूम, आईटी, स्टार्टअप, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा।
- स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा – MSME और स्टार्टअप्स को अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।
- सांस्कृतिक झलक – कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की कला, शिल्प, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी।
- राज्य सरकार का विजन – इस आयोजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक ग्लोबल इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना।

### मुख्य आकर्षण

इन्वेस्ट यूपी, यूपीसीडा, जीएनआईडीए, यीडा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा विभाग।

विजिटर्स के लिए विशेष स्टॉल – नगर विकास, पर्यटन, स्वच्छ गंगा मिशन, स्वास्थ्य, आयुष, पर्यावरण व वन विभाग।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस – कृषि, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य और यूपीएसआरएलएम।

अतिरिक्त सेक्टर्स – शुगर व केन, टेक्सटाइल्स, हैंडलूम, क्रेडाई, बैंकिंग-फाइनेंस, ऑटो-ईवी, यूपीएसडीएम और हायर एजुकेशन।

खास आकर्षण – सीएम युवा, न्यू एंटरप्रेन्योर्स और पार्टनर कंट्री पवेलियन।

आयोजन स्थल पर फूड कोर्ट्स, B2B - B2C स्टेज और कल्चरल स्टेज भी होंगे, जहां सांस्कृतिक गतिविधियाँ और शोज होंगे।

### यूपीआईटीएस में निर्यात

**2023**

पहले संस्करण के दौरान भी 1000 करोड़ रुपए से अधिक रहा था ओवरऑल बिजनेस वॉल्यूम।

**2024**

बी2बी और बी2सी के माध्यम से 2200 करोड़ रुपए से अधिक के मिले निर्यात ऑर्डर।

शीर्ष 20 उद्यमियों को ही 630 करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात ऑर्डर मिले। इनमें मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, कानपुर, बागपत, बाराबंकी, मिर्जापुर, मथुरा, संभल और ग्रेटर नोएडा जैसे जिलों के उद्यमी शामिल रहे।

### भारत सरकार से सहयोग

वाणिज्य मंत्रालय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (FIEO) के समर्थन से दुनियाभर से विदेशी खरीदारों को जुटाने के लिए वित्तीय सहायता।

विदेश मंत्रालय (MEA): अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रचार और खरीदारों को भारतीय वाणिज्य दूतावासों के माध्यम से वीजा सहायता एवं यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का प्रचार।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय : पीएमएस (खरीद और विपणन) योजना के तहत उद्यमियों और स्टार्टअप को वित्तीय और विपणन सहायता।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई): सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूपीआईटीएस का प्रचार।

अमृत विचार
शनिवार, 27 सितंबर 2025





उम्र दिमाग पर हावी होने का मामला है। अगर आपको कोई फर्क नहीं पड़ता, तो कोई फर्क नहीं पड़ता।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

# भारत की आत्मनिर्भर दिशा

भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान और रणनीतिक स्वतंत्रता से भी जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत अब विदेशों पर निर्भर रहकर आगे नहीं बढ़ सकता। यह विचार केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान की पुनरावृत्ति नहीं है, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका को परिभाषित करने वाला एक दृढ़ संकल्प भी है। आज दुनिया जिस बहु-ध्रुवीय स्थिति में है, वहां हर राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि रखकर नीतियां बना रहा है। ऊर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी तक, हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। ऐसे में भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह उत्पादन, नवाचार और व्यापार के हर मोर्चे पर स्वयं सक्षम बने। प्रधानमंत्री ने जो कहा वह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इस बात की कि यदि हम आत्मनिर्भर नहीं बने, तो बदलते हालात में पिछड़ जाएंगे और अवसर इस रूप में कि भारत के पास विशाल जनशक्ति, बढ़ता हुआ बाजार और तकनीकी क्षमता है, जिनके बल पर हम आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हो सकते हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजन इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश, जो कभी रोजगार के लिए पलायन की पहचान रखता था, अब निवेश और औद्योगिक विकास का केंद्र बन रहा है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य को नई दिशा दी है और यही कारण है कि आज देश-विदेश के निवेशक यहां अवसर तलाश रहे हैं। मोदी का यह कहना कि यूपी अब निवेश और प्रगति का नया केंद्र है, इस बदली हुई स्थिति का प्रमाण है। यह भी सही है कि आत्मनिर्भरता केवल उत्पादन बढ़ाने से नहीं आएगी। इसके लिए शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और डिजिटलीकरण पर जोर देना होगा। प्रधानमंत्री ने डिजिटल ड्राइव, एयरोस्पेस, रक्षा उत्पादन और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों का उल्लेख करके यह संकेत दिया है कि भारत का लक्ष्य केवल आयात घटाना नहीं बल्कि विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा करना भी है। जब देश का 55 प्रतिशत मोबाइल उत्पादन उत्तर प्रदेश से हो रहा है, तो यह केवल एक सांकेतिक उपलब्धि नहीं बल्कि संभावनाओं की झलक है। हालांकि चुनौतियां कम नहीं हैं। अभी भी भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर्याप्त संसाधनों और तकनीकी सहयोग के अभाव से जूझ रहे हैं। कृषि क्षेत्र, जो आज भी बड़ी आबादी को रोजगार देता है, तकनीकी आधुनिकीकरण की प्रतीक्षा में है।

अब जब नए भारत की परिकल्पना सामने है, तो जरूरी है कि पारदर्शिता, सुशासन और जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाए। इसका अर्थ है ऐसा भारत, जो अपनी जरूरतें स्वयं पूरी करे, अपने उद्योगों को मजबूती दे और साथ ही विश्व के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री का यह संदेश केवल नीति निर्माताओं और उद्योगपतियों के लिए नहीं है, बल्कि आम नागरिक के लिए भी है। जब उपभोक्ता स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे और युवा नवाचार को अपनाएंगे तभी आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी।

## प्रसंगवश

# वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत

विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की नवीनतम आर्थिक प्रभाव प्रवृत्ति रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2025 में विश्व की सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में अपने पिछले दसवें स्थान से 8वें स्थान पर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। अनुमान है कि अगले दशक में भारत चौथे स्थान पर होगा। भारत का पर्यटन क्षेत्र 2025 में 231.6 अरब डॉलर का योगदान देगा, जो बुनियादी ढांचे, विपणन और सेवा वितरण में मजबूत वृद्धि और रणनीतिक विकास को दर्शाता है। आज विश्व पर्यटन दिवस है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की है और 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाया जाता है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है, जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

यूरोपीय देश जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और स्पेन प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं। वहीं हांगकांग एसएआर, मलेशिया और फिलीपींस जैसे एशियाई गंतव्य पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन खर्च में तीव्र वृद्धि देखने वाले देशों में सऊदी अरब (+91.3%), तुर्की (+38.2%), केन्या (+33.3%), कोलंबिया (+29.1%), और मिस्र (+22.9%) शामिल हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म काउंसिल की रिपोर्ट में इस ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका से जुड़े हुए हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है, जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है।

# समझौता होने की वजह अमेरिका से निराशा तो नहीं!





अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

17 सिंतबर को पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच एक ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे न सिर्फ भारतीय विदेश नीति की बड़ी विफलता के रूप में देखा जा रहा है, बल्कि यह निकट भविष्य में कई तरह की चुनौतियां खड़ी कर सकता है। इस्लामी छाप वाले दोनों देशों के बीच हुए म्युचुअल स्ट्रेटजिक डिफेंस एग्रीमेंट के मुताबिक एक देश पर हमला दोनों देशों पर हुआ हमला माना जाएगा और उससे निपटने के संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। इसका सीधा सा मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध होता है, तो सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा। याद रखने लायक है कि पाकिस्तान पहले ही चीन के साथ सैन्य गठजोड़ कायम कर चुका है, जो हालिया आपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर इस समझौते की घोषणा की गई, लेकिन इसके पीछे एक अहम घटना है, जिससे अरब जगत को अमेरिका से निराशा हुई और अपनी हिफाजत का डर सताने लगा है। इसी नौ सितंबर को इजराइल ने दोहा की राजधानी कतर के एक ठिकाने पर हमला किया, जहां हमास के पांच पदाधिकारी और कतर का एक सुरक्षा अधिकारी मारे गए।

> कतर पर इजराइली हमले के बाद ट्रंप ने लापरवाही भरा बयान दिया कि हम क्या कर सकते हैं, यह इजराइल का अपना फैसला था। अमेरिकी रुख से 'अरब' सकते में आ गए हैं।

कतर ने इस हमले को इजराइल का राज्य प्रायोजित आतंकवाद कहा। आश्चर्यजनक यह था कि इस समय कतर के अल-उदेद एयरबेस पर आठ हजार अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं, लेकिन वे अपनी जगह से हिले नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने लापरवाही भरा बयान दिया कि हम क्या कर सकते हैं, यह इजराइल का अपना फैसला था। अमेरिकी रुख से 'अरब' सकते में आ गए हैं, क्योंकि अमेरिका 1945 से तेल के भारी मुनाफा वाले व्यापार पर अधिपत्य के बदले अरब और खाड़ी देशों को सुरक्षा देता रहा है।

बदलते हालात में अमेरिका अब इजराइल को रोकना नहीं चाहता। 1991 के खाड़ी युद्ध में अमेरिका ने यहां पांच लाख सैनिक तैनात किए थे, लेकिन कतर पर इजराइली हमले ने अमेरिका पर अरबों का भरोसा डिगा दिया है। इजराइल परमाणु हथियारों से लैस है। उसके खिलाफ वैसे ही एक वैकल्पिक प्रतिरक्षा तंत्र की जरूरत थी। पाकिस्तान के पास परमाणु बम है और वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अरब देशों के समर्थन में जरूरत पड़ने पर उसके इस्तेमाल का इरादा भी जताया है। सउदी अरब के संबंध फिलिस्तीन के मुद्दे पर अमेरिका से हमेशा से तनावग्रस्त रहे हैं, लेकिन कतर पर हमले के बाद निर्णायक स्थिति बन गई है।

यह समझौता भारत के लिए चिंताजनक है, क्योंकि पाकिस्तान ने अपनी गोलबंदी में ऐसे देशों को भी खींच लिया है, जो भारत के मित्र समझे जाते रहे हैं। 26 अप्रैल को पहलगाम में हुए आंतकी हमले में बेकसूर पर्यटकों की जानें गईं। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान के भीतर आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइलें दागी गईं। चार दिन बाद इसे न्यू नार्मल बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर सिर्फ स्थगित किया गया है। मतलब भारत अभी भी युद्ध की स्थिति में है और यदि कोई कार्रवाई करता है, तो इस बार सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दे सकता है।

कूटनीतिक हलकों में सहज ढंग से यह प्रश्न उठाया जाने लगा है कि क्या अब सऊदी अरब भी पाकिस्तान-चीन गठजोड़ में शामिल हो गया है। आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया था और इसे भारतीय सेना ने स्वीकार भी किया था।

भारत को चीन-पाकिस्तान की संयुक्त ताकत का सामना करना पड़ा। तो क्या अब भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की स्थिति में पहले से बड़े तीन देशों के सामरिक गठजोड़ का सामना करना पड़ेगा? भारत के सऊदी अरब से आजादी के समय से ही राजनयिक संबंध रहे हैं और यह हमें तीसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्ति करने वाला देश है। प्रधानमंत्री अब तक तीन बार सऊदी अरब जा चुके हैं और पिछले ही साल 225 मिलियन डालर का एक रक्षा समझौता भी हुआ है। इस सबके बावजूद सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ सैन्य गठजोड़ बनाया, जो आश्चर्य की बात है।

यहां ध्यान जाए बिना नहीं रह सकता कि गाजा पर अन्यायपूर्ण युद्ध में इजराइल का साथ देकर अमेरिका न सिर्फ यूरोप में कमजोर हुआ है, बल्कि मध्यपूर्व में भी उसकी पकड़ काफी कमजोर हुई है। इसी का नतीजा है कि अरब देश जो उस पर पूरी तरह निर्भर हो चुके थे, अब अपने लिए स्वतंत्र रूप से सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम कर रहे हैं।


इस रक्षा समझौते में ऐसी क्षमता है कि यह मध्यपूर्व और दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन की स्थिति को आने वाले दिनों में बदल सकता है। भारत के लिए जटिल स्थिति है, क्योंकि आपरेशन सिंदूर के बाद से अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का दायरा सिकुड़ता जा रहा है और अमेरिका-चीन के बीच हमारी स्थिति पेंडुलम जैसी हो गई है। उधर, आंतकवाद को समर्थन देने और आंतरिक अशांति से त्रस्त होने के बावजूद पाकिस्तान अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहा है। यह अपनी विदेश नीति की गंभीर समीक्षा का समय है।

## आमने सामने



उत्तर भारत में जब आप महिला से मिलते हैं, तो पहला सवाल होता है कि आपके पति कहां काम करते हैं? तमिलनाडु में महिला से पूछा जाता है कि आप कहां काम करती हैं? यह बदलाव रातों-रात नहीं आया है। इसमें 100 साल लग गए।
**–टीआरबी राजा**, मंत्री, तमिलनाडु

एक बार फिर डीएमके ने सीमा लांघी है। यूपी, बिहार और उत्तर भारत का अपमान किया है। कांग्रेस ने कहा, बिहार बीड़ी है। रेवंत रेड्डी ने बिहार के डीएनए को गाली दी। बिहार और यूपी की महिलाओं का ऐसा अपमान! तेजस्वी यादव चुप क्यों हैं?
**–शहजाद पूनावाला**
प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी



# शक्ति का संचार करते मां के शक्ति पीठ



सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्यकार

हिंदू धर्म के पुराणों के अनुसार जहां-जहां सती के अंग या शरीर के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां तीर्थ बन गए। यही तीर्थ शक्तिपीठ कहे जाते हैं। शक्तिपीठ शाक्त मत के अनुसार साधना के अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल हैं। ये तीर्थ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैले हुए हैं। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों का वर्णन है। यद्यपि देवी भागवत में 108 तथा देवी गीता में 72 शक्तिपीठों की चर्चा मिलती है। तंत्र चूड़ामणि में शक्तिपीठों की संख्या 52 बताई गई है। भारत विभाजन के बाद इनमें से एक शक्ति पीठ पाकिस्तान में चला गया और चार बांग्लादेश में। इनके अतिरिक्त एक शक्तिपीठ श्रीलंका, एक तिब्बत तथा दो नेपाल में हैं। इस प्रकार आज के भारत में केवल 42 शक्तिपीठ हैं।

किरीट शक्तिपीठ : पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के तट पर लालबाग कोट पर स्थित है किरीट शक्तिपीठ। यहां सती माता का किरीट अर्थात् मुकुट गिरा था। कात्यायनी पीठ वृंदावन : उत्तर प्रदेश मथुरा जनपद स्थित वृंदावन में स्थित है कात्यायनी वृंदावन शक्तिपीठ। यहां सती का केशपाश गिरा था। करवीर शक्तिपीठ : महाराष्ट्र के कोल्हापुर में स्थित 'महालक्ष्मी' अथवा 'अंबाई का मंदिर' ही यह शक्तिपीठ है। यहां माता का त्रिनेत्र गिरा था। श्रीपर्वत शक्तिपीठः यहां की शक्ति श्रीसुंदरी एवं भैरव सुंदरानंद हैं। कुछ विद्वान इसे लद्दाख (जम्मू-कश्मीर) में मानते हैं, तो कुछ असम के सिलहट से चार किमी दक्षिण-पश्चिम स्थित जौनपुर में मानते हैं। यहां सती के 'दक्षिण तल्प' (निपटी) का निपात हुआ था।

> जहां-जहां सती के अंग या शरीर के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां तीर्थ बन गए। यही तीर्थ शक्तिपीठ कहे जाते हैं।

विशालाक्षी शक्तिपीठ : उत्तर प्रदेश, वाराणसी के मीरघाट पर स्थित है। यहां माता सती के दाहिने कान की मणि गिरी थी। गोदावरी तट शक्तिपीठ : यह शक्तिपीठ आंध्र प्रदेश के राजमुंद्री जिले में गोदावरी नदी के तट पर अवस्थित है। यहां माता का बायां कपोल गिरा था। शुचींद्रम शक्तिपीठ : तमिलनाडु में तीन महासागर के संगम-स्थल कन्याकुमारी से 13 किमी दूर शुचींद्रम में स्थायु शिव का मंदिर है। उसी मंदिर परिसर में यह शक्तिपीठ है। यहां माता सती के ऊपरी दांत गिरे थे। पंचसागर शक्तिपीठ : यह शक्तिपीठ वाराणसी जनपद के निकट स्थित है। यहां माता के निचले दांत गिरे थे। ज्वालामुखी शक्तिपीठ : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में स्थित है यह शक्तिपीठ। यहां सती की जिह्वा गिरी थी।

उज्जयिनी शक्तिपीठः कुछ उज्जैन के निकट शिप्रा नदी के तट पर स्थित भैरव पर्वत को, तो कुछ गुजरात के गिरनार पर्वत के सन्निकट भैरव पर्वत को वास्तविक शक्तिपीठ मानते हैं। इस स्थान पर सती की कोहनी गिरी थी। अट्टहास शक्तिपीठः अट्टहास शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल में कटवा-अहमदपुर रेलवे लाइन पर है। यहां सती का निचला होंठ गिरा था। जनस्थान शक्तिपीठः ये महाराष्ट्र के नासिक में पंचवटी में स्थित है। यहां माता की ठुड्डी गिरी थी।

कश्मीर शक्तिपीठः कश्मीर में अमरनाथ गुफा के भीतर हिम शक्तिपीठ है। माना जाता है कि यहां माता सती का कंठ गिरा था। नंदीपुर शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बोलपुर के पास वटवृक्ष के नीचे एक देवी मंदिर है। यहां देवी का कंठ हार गिरा था। श्रीशैल शक्तिपीठः आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद के कुर्नूल के पास श्रीशैलम है। यहां पर माता सती की 'ग्रीवा' गिरी थी।


नलहाटी शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में है यह शक्तिपीठ। यहां माता की उदरनली गिरी थी। मिथिला शक्तिपीठः यहां माता सती का बायां कंधा गिरा था। रत्नावली शक्तिपीठः रत्नावली शक्तिपीठ का निश्चित स्थान अज्ञात है, किंतु बंगाल पंजिका के अनुसार यह तमिलनाडु के मद्रास (चेन्नई) में कहीं है। यहां सती का दायां कंधा गिरा था। अंबाजी शक्तिपीठः यहां माता सती का उदर गिरा था। गुजरात में जूनागढ़ के गिरनार पर्वत पर स्थित मां अंबाजी का मंदिर ही शक्तिपीठ है। मान्यता है कि इसी स्थान पर माता सती का ऊपरी होंठ गिरा था। जालंधर शक्तिपीठः यह शक्तिपीठ पंजाब के जालंधर में स्थित है। यहां माता सती का बायां स्तन गिरा था। रामगिरि शक्तिपीठः रामगिरि शक्तिपीठ की स्थिति को लेकर मतांतर हैं। कुछ विद्वान मैहर स्थित शारदा मंदिर को शक्तिपीठ मानते हैं तो कुछ चित्रकूट के शारदा मंदिर को। यहां देवी के दाएं स्तन का निपात हुआ था। वैद्यनाथ का हार्द शक्तिपीठः झारखंड के गिरिडीह जनपद में स्थित वैद्यनाथ का हार्द या हृदय पीठ शिव तथा सती के ऐक्य का प्रतीक है। यहां सती का हृदय गिरा था। बकरेश्वर शक्तिपीठः माता का यह शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित है, जहां माता का त्रिकूट (दोनों भौंहों के मध्य का स्थान) गिरा था।

कन्याकुमारी शक्तिपीठः तमिलनाडु में तीन सागरों-हिंद महासागर, अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी के संगम स्थल पर कन्याकुमारी का मंदिर है। यहीं भद्रकाली का शक्तिपीठ है। यहां माता सती की पीठ गिरी थी। बहुला शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बर्दवान जनपद में स्थित है बहुला शक्तिपीठ, जहां सती के वाम बाहु का पतन हुआ था।

इसके अलावा भैरव पर्वत शक्तिपीठ, भैरव पर्वत शक्तिपीठ, मणिवेदिका शक्तिपीठ, प्रयाग शक्तिपीठ, विरजा शक्तिपीठ, कांची शक्तिपीठ, कालमाधव शक्तिपीठ, शोण शक्तिपीठ, कामाख्या शक्तिपीठ, जयंती शक्तिपीठ, मगध शक्तिपीठ, त्रिस्तोता शक्तिपीठ, त्रिपुरसुंदरी शक्तिपीठ, विभाष शक्तिपीठ, देवीकूप शक्तिपीठ, युगाद्या शक्तिपीठ, विराट शक्तिपीठ, कालीघाट काली मंदिर, मानस शक्तिपीठ, लंका शक्तिपीठ, गंडकी शक्तिपीठ, गुह्येश्वरी शक्तिपीठ, हिंगलाज शक्तिपीठ, सुगंधा शक्तिपीठ, करतोया घाट शक्तिपीठ, चट्टल शक्तिपीठ, यशोर शक्तिपीठ भी इनमें शामिल हैं।

## सोशल फोरम

# निराला की रायलटी और भिखारी बुढ़िया का किस्सा





मधु सिंह
ब्लॉगर

एक बार हिंदी के महान साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' रॉयल्टी के एक हजार रुपये लेकर, इक्के में बैठकर, इलाहाबाद की एक सड़क पर चले जा रहे थे। रास्ते में सड़क के किनारे एक बूढ़ी भिखारिन बैठी हुई थी। ढलती उम्र में भी वह हाथ पसार कर भीख मांग रही थी। उसे देखकर निराला जी ने इक्का रुकवाया और उनके पास गए और पूछा, "माई! आज कितनी भीख मिली?"

बुढ़िया ने जवाब दिया, "सुबह से आज कुछ नहीं मिला बेटा!"

बुढ़िया के इस उत्तर को सुनकर निराला जी सोच में पड़ गए कि बेटे के रहते मां भीख मांग रही है।

एक रुपये बुढ़िया के हाथ पर रख कर बोले, "मां अब कितने दिन भीख नहीं मांगोगी?"

बुढ़िया ने सोचते हुए जवाब दिया, "तीन दिन बेटा!"

निराला ने फिर पूछा, "दस रुपये दे दूं तो?"

बुढ़िया ने हिसाब लगाते हुए कहा, "बीस या पच्चीस दिन।"

निराला फिर बोले, "सौ रुपये दे दूं तो?"

"चार-पांच महीने तक!" बुढ़िया ने जवाब दिया।

चिलचिलाती धूप में सड़क के किनारे मां मांगती गई और बेटा देता गया।

इक्के वाला हक्का-बक्का देखता रहा।

बेटे की जेब हल्की होती गई और मां के भीख न मांगने की अवधि बढ़ती चली गई।

जब निराला जी ने रुपयों की अंतिम ढेरी भी बुढ़िया की झोली में डाल दी तो बुढ़िया खुशी से चीख उठी और कहने लगी, "अब कभी भी नहीं मांगूंगी बेटा, कभी नहीं।"

निराला जी ने संतोष की सांस ली। बुढ़िया के पैर छुए। बुढ़िया ने उन्हें ढेरों आशीष और दुआएं दीं।

निराला जी इक्के में बैठकर घर की राह चल दिए। उनके चेहरे पर एक अजीब संतोष का भाव था।

**–फेसबुक वाल से**



## सामयिकी

# नेपालः युवाओं ने अपनी ही संपत्ति तबाह कर दी

नेपाल हाल ही में एक असाधारण राजनीतिक उथल-पुथल का गवाह बना। जेन जी आंदोलन के बाद वहां सत्ता परिवर्तन बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, लेकिन इस क्रांति से उभरे हालात से दुनिया भर के युवाओं को सीख लेने की भी जरूरत है। देश के कई हिस्सों में आगजनी, तोड़फोड़ और सरकारी संपत्तियों का नुकसान देखने को मिला। ये घटनाएं यह सोचने पर विवश करती हैं कि क्या यह आक्रोश सही दिशा में जा रहा था? आखिर क्यों अपने ही देश की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाकर खत्म करने पर तुले हुए थे। आज नेपाल के लोग भी संभवतः इस पर मंथन और पछतावा कर रहे होंगे।



हरीश उप्रेती करन
लेखक


हम अक्सर भूल जाते हैं कि सरकारी संपत्ति, चाहे वह कार्यालय, पुल, बस हो या कोई अन्य इमारत, वह सब हमारे ही टैक्स के पैसों से आकार लेती है। यह हमारी ही मेहनत की कमाई का रूप है। जब गुस्से में हम इन्हें आग के हवाले कर देते हैं, तो हम दरअसल अपने ही भविष्य को राख में बदल रहे होते हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इन चीजों को दोबारा बनाने में भी हमारा ही पैसा खर्च होगा। सरकारी खजाना कोई अलग इकाई नहीं है, वह जनता की जेब से ही आता है, इसलिए यदि हम अपने गुस्से का इजहार इस प्रकार करेंगे, तो यह आत्मघाती ही नहीं, मूर्खता भी है।

युवाओं का आक्रोश समझ में आता है। वे परिवर्तन चाहते हैं, वे साफ-सुथरी राजनीति चाहते हैं और वे अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं। यह बिल्कुल जायज है, लेकिन जब यह आंदोलन इमारतों को जलाने और वाहनों को तोड़ने की शक्ल ले लेता है, तब इसका असली उद्देश्य खो जाता है। आंदोलन की शक्ति दिशा में होती है, केवल जोश में नहीं। जब युवा जोश में होश खो बैठते हैं, तो नुकसान तय होता है। यही हाल इन प्रदर्शनों का रहा है।

हमारे समाज में हर बड़े आयोजन चाहे वह शादी हो, तीर्थ यात्रा हो या कोई सामाजिक सभा, वरिष्ठ जनों की उपस्थिति को अनिवार्य माना जाता है। उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक की सांस्कृतिक परंपराओं में यह बात रची-बसी है। कारण स्पष्ट है कि युवाओं में जोश होता है, पर अनुभव नहीं। वहीं, बुजुर्गों में वह दृष्टि होती है जो किसी भी उथल-पुथल को समझदारी से संभाल सकती है। इस आंदोलन में भी यही कमी दिखाई दी। युवाओं का समूह, दिशा विहीन, बिना किसी रणनीति के, केवल आक्रोश के सहारे मैदान में उतर गया। यदि इनके साथ कुछ अनुभवी और विचारशील नेतृत्व होता, तो शायद यह आंदोलन इतिहास में केवल और केवल एक सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बन जाता, न कि विनाश और क्षति का। उनका आक्रोश अगर कथित तौर पर भ्रष्टाचारियों के प्रति था, तो गुस्सा भी उन पर और उनकी अकूत संपत्तियों पर निकलना चाहिए था न कि सरकारी संपत्ति पर।

अब वक्त संभलने का है, युवा अपने आक्रोश को संकल्प में बदलें। नेपाल की जनता ने अपनी ताकत दिखाई है। सरकार गिर गई, मंत्री भाग गए। यह दर्शाता है कि जनता की आवाज में दम है, लेकिन अब समय है कि इस आक्रोश को संकल्प में बदला जाए। सरकारी संपत्तियों को नष्ट करना, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। अब जरूरत है स्थिरता की, विवेक की और निर्माण की। युवा अगर सचमुच बदलाव चाहते हैं, तो उन्हें नेताओं को जवाबदेह बनाने, नीतियों पर सवाल उठाने, और लोकतांत्रिक तरीकों से दबाव बनाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए, तभी उनका आंदोलन सफल और सार्थक कहा जाएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# गांव अब खोते जा रहे हैं अपनी पहचान

प्राचीन काल से लेकर अंग्रेजों के आगमन तक अपनी सादगी, साफगोई, भोलापन और अपनी भलमनसाहत के लिए साहित्यिक कृतियों में बहुचर्चित और सुविख्यात हमारे गांव हमारे देश की हर शासन व्यवस्था की मौलिक, प्राथमिक तथा आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर इकाई रहे हैं। इसका अपवाद पश्चिमोत्तर भारत में सिंधु और रावी नदी के तट पर सुविकसित अबसे साढ़े चार हजार साल पुरानी कांस्ययुगीन सिंधु घाटी सभ्यता रही हैं, जो पूर्णतः नगरीय सभ्यता थी। हालांकि इसकी उत्तरवर्ती वैदिक सभ्यता पूरी तरह से ग्रामीण सभ्यता थी। ध्यातव्य हो कि पूर्णतः ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति के रूप विख्यात वैदिक काल में ही भारतीय ज्ञान-विज्ञान और आध्यात्म के महान ग्रंथों वेदों, अरण्यको और भारतीय आध्यात्मिकता, तार्किकता, दार्शनिकता और बौद्धिकता की पराकाष्ठा को स्पर्श करने वाले उपनिषदों की रचना की गई। यह तथ्य उन शहरी और कस्बाई मानसिकता से ग्रसित और बुरी तरह कुंठित लोगों के लिए चिंतनीय और विचारणीय है, जो गांवों में गुजर बसर करने वालों को अनपढ़, असभ्य, गंवार, अशिक्षित और जाहिल समझते हैं। वैदिक काल से लेकर मुगलों के शासनकाल तक लगभग संपूर्ण उत्तर भारतीय शासकों के समय लगभग समस्त भारतीय गांव शासन व्यवस्था की प्राथमिक मौलिक और अक्क्षुण ईकाई रहे हैं।

उत्तर भारत की तरह सुदूर दक्षिण भारत में चोल, चालुक्य, सातवाहन और चेर राजाओं ने अपनी शासन व्यवस्था में आम लोगों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं ग्रामीण जन-जीवन में उन्नति और समृद्धि लाने के लिए उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था का प्रबंधन किया था। वर्तमान दौर के मंत्रिपरिषदों की तर्ज पर ग्रामीण स्तर पर विभिन्न कार्यों को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न और संचालित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया था। समितियों के माध्यम से दक्षिण भारतीय शासकों ने सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण शासन व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया था। इतिहासकार मेगस्थनीज की प्रसिद्ध पुस्तक इंडिका में उत्तर भारत के विशेष रूप से मगध साम्राज्य के गांवों में पाई जाने वाली उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था के साथ-साथ उत्तम उन्नत और समृद्ध ग्रामींण जन-जीवन का उल्लेख मिलता है। इंडिका में मगध साम्राज्य की उन्नति और समृद्धि के साथ-साथ उत्कृष्ट साहित्यिक और सांस्कृतिक हलचलों का भी पता चलता है। इस प्रकार ऐतिहासिक अवलोकन से पता चलता है कि संपूर्ण भारत में हर प्रकार की शासन प्रणालियों में उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था पाई जाती रही है। हमारी शासन व्यवस्था की मौलिक स्वाभाविक और प्राथमिक ईकाई रहे गांव पहचान खोते जा रहे हैं। आपसी सहयोग, सहकार, समन्वय, साहचर्य, सामंजस्य और सदियों से हमारे चलन का हिस्सा रही है। संयुक्त परिवार प्रणाली के माध्यम जीवन जीने के आदती ग्रामीण लोकजीवन में अब एकाकी परिवार प्रणाली और एकाकी जीवनशैली तेजी से आगे बढ़ने लगी है। गावों में सदियों से प्रचलित समूहगत और सामूहिक जीवन पद्धति विलुप्त होती जा रही है। आधुनिकीकरण, तकनीकीकरण, शहरीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों के दुरूपयोग ने गांवों की आपसदारी को न केवल तहस-नहस किया हैं, बल्कि आधुनिकता की इस अंधी दौड़-भाग ने गांवों को आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक रूप से प्रदूषित व कुपोषित किया है। तोता, मैना, कोयल, बुलबुल गौरेय्या और कौवे की बोलियां सुनने के लिए आज हमारे कान तरस जाते हैं। इसके साथ ही साथ गांवों के पर्यावरण और आबो-हवा में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल सकता हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों का बुलेट ट्रेन की रफ्तार से बढ़ता प्रयोग और हाईटेक होते जन-जीवन ने गांवों में मोबाइल कंपनियों के टावरों की संख्या बढ़ा दी है। इन टावरों की तरंगों ने तमाम चहचहाती पक्षियों की जान ले ली। अंग्रेजों के आगमन के पूर्व भारतीय गांव अपनी सहज-सरल आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर थे। अंग्रेजों ने अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं और संपूर्ण भारत को बाजार बनाने की मंशा से गांवों की सदियों पुरानी आत्मनिर्भरता के साथ-साथ गांवों की स्वाभाविक सहजता भोलापन, भलमनसाहत और मौलिकता को तहस-नहस कर दिया। अग्रेंजों ने भारतीय ग्रामीण अर्थतंत्र और अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ रहे भारतीय लोगों की बहुविविध हुनरमंद दस्तकारी, परंपरागत कुशल शिल्पकारी, हुनर और हाथों की जादूगरी से लबरेज हस्तकला को छिन्न-भिन्न कर दिया। स्वाधीनता उपरांत भारतीय गांवों को फिर से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर अनगिनत प्रयास किए गए, परंतु तमाम प्रयासों और प्रयत्नों के बावजूद आज भी हमारे गांव राजधानियों और चमचमाते शहरों की अनुषंगी पूरक और पराश्रित अर्थव्यवस्था के रूप में जीने के लिए अभिशप्त हैं। शहरों और राजधानियों को चमकाने के लिए सारा संसाधन उपलब्ध कराने वाले गांव आज बदहाली और बदत्तरी के शिकार हैं। गावों में गुजर-बसर करने वाले लोगों की आजीविका का साधन आज भी खेती-किसानी और खेती-किसानी पर आधारित लघु कुटीर उद्योग हैं। इसलिए खेती-किसानी को लाभकारी स्थिति में पहुंचाने के लिए व्यावसायिक स्वरूप प्रदान किया जाए तो आज फिर से गांव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकते हैं।

गांवों को फिर से सुसज्जित करने के लिए गांवों की प्राकृतिक और स्वाभाविक बुनावट व सजावट की तरफ लौटना होगा। गावों में फिर से साक्षात सहकारी और जिंदा संवाद कायम कर गांवों की मौलिक पहचान फिर से वापस लाई जा सकती है। बाजारवादी चकाचौंध और लगातार विज्ञापनों के शोर ने गंवई व्यंजनों की सुगंध और स्वाद को न केवल क्रूरता से कुचल दिया है, बल्कि हमारे खान-पान की पौष्टिक और प्रचलित परंपरा से हमको बहुत दूर कर दिया हैं। गुड़ भेली से तरह-तरह की बनी मिठाइयों खाद्य और पेय पदार्थों का स्थान पेप्सी, कोका-कोला जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय और खाद्य पदार्थों ने ले लिया है। भारतीय गांवों की मौलिक पहचान पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। जनमानस में गंगा को बचाने के लिए जो तड़प और बेचैनी पाई जाती है उसी तरह की तड़प और बेचैनी गांवों को बचाने के लिए जनमानस के ह्रदय में पैदा करने की आवश्यकता है।

लेखक
मनोज कुमार सिंह

# स्वर्ग के करीब की एक जगह : त्रियुंड



दूर किसी मैदानी शहर से किसी पहाड़ी शहर तक आना, आरामदायक होटल में रुकना, कुछ खास जगहों को देखना और फिर वापस लौट जाना। हम में से अधिकतर लोगों का घूमने का प्लान यही होता है, लेकिन कुछ हम जैसे भी होते हैं, जिनके लिए घूमने का मतलब है हर पल को जीना, उस जगह के जर्रे-जर्रे को महसूस करना और एडवेंचर ही जिंदगी है। आप भी एडवेंचर के शौकीन हैं और प्रकृति को करीब से महसूस करना चाहते हैं तो बस बैग पैक करिए और निकल पड़िए त्रियुंड ट्रैकिंग के लिए।

मार्च से जून और सितंबर से नवंबर तक त्रियुंड यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त समय है। मैं अपने मित्र के साथ जब हिमाचल के खूबसूरत शहर मैक्लोडगंज पहुंचा तो चारों तरफ मनमोहक नजारे थे। आप इस यात्रा में मैक्लोडगंज को बेस कैंप की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। हमने शाम को वहीं एक ट्रैवल एजेंट से त्रियुंड में रहने के लिए टेंट बुक कर लिया। टेंट का किराया एक हजार रुपये प्रति व्यक्ति था, जिसमें रात का खाना और सुबह का नाश्ता भी शामिल था। मैक्लोडगंज से करीब चार किलोमीटर ऊपर है गोलू मंदिर यानी वो जगह, जहां से कोई वाहन आगे नहीं जा सकता। त्रियुंड की असली यात्रा यहीं से शुरू होती है। यहीं पुलिस का एक पिकेट है, जहां ऊपर चढ़ने से पहले आपको रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। यह औपचारिकता पूरी करके हमने त्रियुंड की तरफ कदम बढ़ाए।

घड़ी बता रही थी कि दोपहर के ग्यारह बजने वाले हैं। सामने था पथरीला और जोखिम भरा रास्ता न कोई सड़क, बस दोनों तरफ पेड़ों से ढकी पगडंडी। शुरुआत में भरपूर जोश था इसलिए कदम तेजी से चल रहे थे, लेकिन कुछ ही मिनटों में हकीकत समझ आ गई। तेज धूप, बिना अभ्यास की चढ़ाई और तेज रफ्तार का असर। नतीजा, हमें पांच मिनट में ही पहला स्टॉप लेना पड़ा। फिर तय किया कि अब धीरे-धीरे चलेंगे। करीब एक घंटे बाद लगा जैसे पहाड़ ने हमसे दोस्ती कर ली हो। तेज धूप ठंडी हवा में बदल गई। नीचे मठों से आती घंटियों की आवाज एक प्यारी धुन-सी बन गई। हमारा बदन अब हमारे इरादों का साथ देने लगा। धीरे-धीरे प्रकृति का घूंघट उठने लगा और हम महसूस करने लगे एक नई और अनदेखी दुनिया को।

कहीं रास्ते का नामोनिशान नहीं था तो कहीं चट्टानों के बीच से राह खोजनी पड़ी। कहीं जंगली फूलों की खुशबू हमें अपनी ओर बुला रही थी तो कहीं डरावनी खाई थी। हरे-भरे मैदान मिले तो कुछ सहमी-सफेद भेड़ें हमारा स्वागत करती दिखीं। कभी सहयात्रियों का कोई झुंड दोस्त बन रहा था। इस बीच हम पहुंच गए "मैजिक व्यू कैफे" त्रियुंड ट्रैक का एक अहम पड़ाव।

थोड़ा आगे बढ़ते ही मौसम खुशगवार हो गया, लेकिन कुछ कदमों बाद बारिश ने हमें तरबतर कर दिया। ठंड काफी बढ़ गई थी। अब मुझे अपनी ऊनी टी-शर्ट का महत्व समझ आने लगा। कुछ दूरी पर आसमान से ओले गिरने लगे। हाथ-पांव ठंड से कांप रहे थे। तभी एक छोटी-सी दुकान दिखी और हम वहां जाकर छिप गए। त्रियुंड का अंतिम एक किलोमीटर ट्रैकिंग सबसे थकाने वाला है। इसमें करीब 22 खतरनाक मोड़ हैं। यहां तक पहुंचते-पहुंचते ऑक्सीजन भी कम होने लगती है, जिससे सांसें तेजी से फूलने लगती हैं। मैंने अपनी बोतल में बचे पानी का आखिरी घूंट पिया और साथी का हाथ पकड़कर सामने की चट्टान पार की। हमारे सामने हरा-भरा मैदान था, जो जैसे हमारा स्वागत कर रहा हो। यही तो हमारी मंजिल थी, हम त्रियुंड पहुंच चुके थे।

इस पड़ाव को पार करने के बाद जो दृश्य सामने था, वो बेमिसाल था। हमारे सामने फैला था बड़ा मैदान, जिस पर मानो हरी घास की कालीन बिछी हो। यहां-वहां रंग-बिरंगे टेंट चमक रहे थे। सामने खड़ा था धवल सफेद बर्फ से ढका हिमालय (धौलाधार पर्वत श्रृंखला)। हमारी सारी थकान न जाने कहां गुम हो गई थी। मैं अपनी जिंदगी की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक का दीदार कर रहा था। जल्द ही हमने अपने लिए एक टेंट लगवा लिया। मैदान के अंतिम छोर पर, ताकि हिमालय का दृश्य बिना किसी रुकावट के सामने हो। टेंट छोटा था, लेकिन काम चल सकता था। कभी चारागाह रहा त्रियुंड अब बेहद रौनक से भरा था। सूरज ढलने ही वाला था और मौसम में काफी ठंडक थी। कई एकड़ में फैले मैदान में हर तरफ बस और बस प्रकृति थी।

मैदान के अंतिम सिरे पर पड़ी एक शिला पर बैठकर मैं विराट हिमालय को निहार रहा था। ठंडी घास पर रखे मेरे पैर जैसे हिमालय को छूने को मचल रहे थे। धीरे-धीरे हिमालय सूरज को अपनी गोद में ले रहा था और कुछ देर के लिए सफेद हिमालय के रंग बदलते रहे। सचमुच यह अद्भुत नज़ारा था। इतना कि मुझे तस्वीर लेना भी याद नहीं रहा। यह वो खूबसूरती थी, जिसके बारे में शायद ही आपने कभी कल्पना की हो। हल्की-हल्की ठंडी हवा बालों और चेहरे को जैसे किसी अपने की तरह सहला रही थी। मुझे लग रहा था कुछ जगहें देखने से ज्यादा महसूस करने के लिए होती हैं, जैसे त्रियुंड।

शाम के सात बज चुके थे। त्रियुंड में घिरते अंधेरे ने रात होने की दस्तक दी। दुनियादारी से परे एक खामोश और सुनहरी-सी रात थी। यहां की कुछ दुकानों में लालटेनें जल रही थीं या कहीं-कहीं टेंट में हल्की-सी टॉर्च की रोशनी थी बस। अंधेरा गहरा चुका था। जल्द ही अलग-अलग देशों और कोनों से आए लोग दोस्त बन गए। हमने साथ में ही डिनर किया। भूख इतनी ज्यादा थी कि उस वक्त मिला दाल-चावल-राजमा बेहद स्वादिष्ट लगा। थोड़ी देर बाद हम अपने कैंप की तरफ लौट आए।

मैं सुबह साढ़े चार बजे ही टेंट से बाहर निकल आया। एक मासूम सी सुबह हमारा स्वागत कर रही थी। सूरज धीरे-धीरे ऊपर आ रहा था। चारों तरफ खामोशी थी। बर्फीले बादल पास से गुजर रहे थे। ठंड और बढ़ गई थी। शायद मैं उस मैदान में पहला इंसान था जो उस समय टेंट से बाहर खड़ा था। मैं उस पल के हर लम्हे को अपने अंदर समेट लेना चाहता था। दिल कह रहा था- काश, वक्त थोड़ा और रुक जाए, लेकिन 'काश' हमेशा एक खतरनाक शब्द होता है। वापस लौटते समय मेरे पास थे, उस खूबसूरत जगह पर बिताए गए शानदार पल।



लेखक
मृदुल कपिल

# किस्सा रहस्य

मनीष को अपनी दुकान में समय से पहुंचना होता था। आज सुबह से बारिश होने के कारण उसे दुकान के लिए निकलने में देर हो गई। वह सोच रहा था कि दुकान अभी तक बंद होगी। रामप्रसाद तो अभी पहुंचा ही नहीं होगा। अतः उसने मोबाइल से रामप्रसाद से संपर्क किया तो पता चला कि वह दुकान में मौजूद है। यह सुनकर उसे घोर ताज्जुब हुआ कि इतनी बरसात में वह समय पर कैसे पहुंच गया? वह काम पर सदा देर से आता था, जिसके लिए वह कई बार झिड़कियां सुन चुका था और मनीष उसे हटाने का भी निर्णय ले चुका था। वह दुकान में पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान की अच्छी तरह सफाई हो चुकी थी। दुकान में कोई ग्राहक नहीं था और रामप्रसाद स्टूल पर बैठा ऊंघ रहा था। अपनी कुर्सी पर बैठते हुए मनीष ने उससे पूछा, "रामप्रसाद ! मुझे यह बताओ कि पहले तो तुम हमेशा लेट से आते थे, लेकिन आजकल इतनी जल्दी कैसे आ रहे हो? बरसात में प्रायः लोगों को अपने कार्यस्थल पर पहुंचने में देर हो जाती है। तुम्हारे सवेरे पहुंचने का क्या कारण है?" यह सुनकर रामप्रसाद ने कहा , "मालिक ! क्या बताऊं? जब बारिश होती है तो मेरी छत टपकने लगती है और मैं रात-भर बैठकर सवेरा करता हूं। कमरे में चारों ओर सीलन भरी हुई है। इसीलिए सवेरे उठकर चल देता हूं। यहां रहता हूं ,तो कम-से-कम भींगता तो नहीं हूं।"



अंजना वर्मा

# कैनवास की मोनालिसा



यूं तो गाहे-बगाहे अपने अगल-बगल मैंने रेल से कई यात्राएं की है, लेकिन उन यात्राओं की दूरी ज्यादा से ज्यादा बीस से तीस किलोमीटर तक ही रही है। कभी कोई लंबी रेलयात्रा नहीं की। इसलिए इन छोटी रेल यात्राओं को मैं अपनी मुकम्मल रेलयात्रा नहीं कह सकता। हां ! सन 2018 की गंभीर बीमारी की परिस्थितियों ने मुझे पहली बार एक मुकम्मल और पूर्ण रेलयात्रा कराई। इस रेलयात्रा को ही मैं अपनी सार्वकालिक व पूर्ण रेलयात्रा मानता हूं। मुंबई से लौटते समय ज्योहीं रेल ने पटरियों पे चलना और दौड़ना शुरू किया तो मुझे ऐसा लगा कि जैसे मुझे दुनिया जहान की सारी खुशियां मिल गईं हों। ऐसा नहीं की मुंबई जैसे महानगर और अर्थ की राजधानी में हमारे वृहद उत्तर प्रदेश जैसे राज्य का जौनपुर जैसा जिला अनुपस्थित हो। यह सच है कि मेरे बीमार होने की दशा में इलाज के मामले में मुंबई जौनपुर से कहीं ज्यादा बेहतर और सर्वोत्कृष्ट रहा, लेकिन हम संवेदनशील कलम वाले न जाने क्यों जीवन की मशीनी आपाधापी और इतने बड़े-बड़े कंक्रीट के जंगल से अपनी संवेदना बैठा नहीं पाते। वैसे भी मुंबई प्रवास के समय लगा कि इस महानगर में हमारे जनपद जौनपुर के हर घर से कोई न कोई अपने घर की रोटियां अपने प्रयास से चला पा रहे हैं। इतना ही नहीं, यहां पर हमारे जौनपुर के चंद लोग तो आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक कड़ी के वे मील के पत्थर है, जिसे मुंबई नकार नहीं सकती।

मेरी दवा व इलाज करवाने के बाद की वापसी केवल एक मरीज की वापसी नहीं थी, बल्कि मेरे अंदर के एक साहित्यकार की भी वापसी थी। जिसे मैंने अपने रेल के डिब्बे में बखूबी महसूस किया, जो रेल का डिब्बा जाते वक्त नीरस व बेजान सा लगा था, वही रेल का डिब्बा घर वापसी के समय महज एक रेल का डिब्बा भर नहीं अपितु वह रेल का डिब्बा हमारे यहां का पूरा गांव सा लग रहा था। रेल के डिब्बे का गांव अपने में सब कुछ समेटे था। इसमें गांव की सरलता के साथ ही वह सोंधापन पन था, जिसके चलते हमारे जौनपुर का हर गांव जाना जाता है। इस रेल के डिब्बे से बातकर कुछ लोगों का खिलखिलाना जीवन की आयुर्वेदिक ऊर्जा का आभास करा रहा था। बीच में ग्रामीण तंज के अंदाज में कुछ राजनैतिक चर्चा-परिचर्चा इस यात्रा को और यादगार बना रहे थे। मैं खुद इस रेलयात्रा को किसी लेखक के यात्रा-वृत्तांत को जी रहा था।

हां इस रेलयात्रा में मेरे अंदर के लेखक को एक बात कचोट जरूर रही थी कि इस रेलयात्रा के कचोटपन की पात्र उस डिब्बे की खुली खिड़की के पास बैठी बिल्कुल शांत सी अपने अपने में खोई हुई सी लड़की, जिसके अंदर इस यात्रा का कहीं दूर-दूर तक कोई उल्लास नहीं दिख रहा था। वह जैसे अपनी किसी असहाय पीड़ा के आकंठ में डुबी बस बाहर देख रही थी। मुझे लगा कि शायद इसने रेलयात्रा नहीं कि, बल्कि इस पूरी रेलयात्रा में वह केवल अपने प्रश्नों का आत्ममंथन कर रही थी या उनके उत्तर को तलाश रही थी। मेरे इस प्रथम पूर्ण रेलयात्रा में वह नीली सलवार पहनी हुई लड़की चुभ रही थी और मुझे लगा कि यह अपने प्रेम के विश्वास की कस्तुरी किसी धोखेबाज को दे बैठी है। सच मैं कवि तो था, लेखक भी था, लेकिन किसी कैनवास का चित्रकार न था, लेकिन फिर भी ये लड़की मेरे रेलयात्रा के कैनवास की एक मोनालिसा बनके रह गई है।



लेखक
रंगनाथ द्विवेदी

# बतकही



लेखक
शिवालिक अवस्थी

आज यदि कोई सबसे ज्यादा खुश है तो वह है कुमार साहब का बेटा रोहन। आखिर रोहन के चचेरे भाई की शादी जो है। रोहन को पहले दिन से ही उसके चाचा राजेश ने शादी का सारा तय कार्यक्रम कह सुनाया था ताकि रोहन को किसी भी कार्य में परेशानी न हो। रोहन भी पूरी जिम्मेदारी के साथ हर कार्य को पूरी तरह निभाने में मशगूल था। शाम को बारात जाने का समय हो गया। रोहन जल्दी तैयार हुआ और अपने ताया के लड़के योगेश के साथ अलग गाड़ी पर बारात के साथ चल पड़ा। बीच रास्ते में योगेश ने गाड़ी को कहीं ओर घुमा दिया और थोड़ी देर गाड़ी रोकने के बाद वह दुकान से शराब की बोतल ले आया। रोहन ने शराब पीने से इनकार किया और बोला कि चाचा जी ने मुझे बहुत काम सौंपे हैं मुझे उन्हें पूरा करना है, यह काम नहीं करना है, लेकिन योगेश ने रोहन को भी शराब पिलाई और खुद भी शराब का खूब सेवन किया। उन दोनों ने इतनी शराब पी कि कुछ भी होश न रहा। वे दोनों शादी की रस्में तक नहीं देख सके। उधर रोहन के पिता समझ चुके थे कि असली माजरा क्या है? लेकिन शादी के बीच में उन्होंने माहौल को संभाले रखा। रोहन को सुझाए गए सारे काम, उन्होंने ही किए। अगले दिन रोहन घर आ पहुंचा। उसके बाल बिखरे थे और कपड़े भी गंदे हो चुके थे। यह देखकर रोहन के पिता ने सबके सामने उसकी पिटाई की। रोहन, जो पहले पूरी जिम्मेदारी के साथ हर कार्य करने में मशगूल था, एक शराब ने उसका खूब मजाक बनाया। रोहन की तरह ऐसे कई लोग हैं, जो किसी भी समारोह का आनंद तो उठाना चाहते हैं, लेकिन शराब पीने की लत उन्हें सब कुछ भुला देती है। उन्हें यह ज्ञात नहीं रहता कि समारोह की स्मृतियां कितनी महत्वपूर्ण होती हैं, जो असल आनंद देती हैं।

न्यूज ब्रीफ

## तालाब में गिरी बच्ची की डूबने से मौत

**जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार** : अलीनगर के मिर्जापुरवा में परी (2) पुत्री बब्लू घर के पीछे खेलते समय पैर फिसलने से कुड़वा तालाब में गिरकर डूब गयी। जब काफी देर तक वह नजर नहीं आयी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घर के पीछे गए तो देखा की परी का शव तालाब में उतरा रहा था। इस घटना से कोहराम मच गया। परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

## फुलवारी लीला देख श्रद्धालु भावविभोर

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार** :श्री नवयुवक रामलीला समिति भूपगंज बाजार के तत्वावधान में आयोजित64 वें श्रीरामलीला महोत्सव में फुलवारी लीला का मंचन किया गया। कलाकारों का अभिनय देखश्रद्धालु भावविभोर हो गए। रामलीला के आयोजन में अध्यक्ष मनोज सोनी, महामंत्री रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष विनय मिश्रा, संयोजक राहुल सोनी, प्रबंधक सूरज शर्मा, दानेन्द्र शर्मा, हरेंद्र प्रताप सिंह, आलोक शुक्ला, जितिन सोनी, धर्मराज शर्मा सहित सभी पदाधिकारी सक्रिय रहे।

## मानकविहीन मरम्मत कार्य का विरोध

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार** : पशु चिकित्सालय से हरिहरपुर जाने वाले पिच मार्ग की मरम्मत शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी ने शुरू करायी। मरम्मत कार्य में पीले ईंटों से का प्रयोग किया जा रहा है। इसका ग्रामीणों ने विरोध किया। राजिंदर, विकास तिवारी, शाहिद, आरिफ, हसीब, सलीम, फिरोज, महबूब आदि ने बताया कि क्षतिग्रस्त मार्ग पर पीली ईंटों का खड़ंजा डालकर मरम्मत की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मार्ग के डामरीकरण कराये जाने की मांग की है।

# भेड़िये ने हमला कर दो लोगों को किया घायल

## मंझारा तौकली के बभनन पुरवा में जानवरों को चारा डालने गयी महिला व एक ग्रामीण को बनाया निशाना

दहशत बरकरार


संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार** : कैसरगंज तहसील क्षेत्र में आदमखोर भेड़िए के हमले थम नहीं रहे हैं। शुक्रवार सुबह छहः बजे जानवरों को चारा डालने गई महिला पर भेड़िए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला के चीखने और शोर मचाने की आवाज सुन कर ग्रामीण लाठी डंडा लेकर दौड़े इस बीच भेड़िया खेत की तरफ भागा लेकिन जाते-जाते उसने हमला कर एक ग्रामीण को भी घायल कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हुई। जिसको परिवार के लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में भर्ती कराया है। जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन की।

घटना शुक्रवार सुबह छह बजे ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के मजरा बभनन पुरवा की है। सावित्री देवी पत्नी हनुमान अपने जानवरों को चारा डालने घर से बाहर गई थीं। सुबह का समय होने की वजह से गांव के लोग अपने काम में व्यस्त थे। तभी अचानक एक भेड़िए ने उस पर हमला बोल दिया। महिला ने अपने बचाव में शोर मचाया और चिल्लाने लगी। ग्रामीणों ने शोर सुनते ही घर से लाठी डंडा लेकर दौड़ पड़े। इस पर भेड़िया खेतों की ओर भाग गया लेकिन उसके हमले में सावित्री गंभीर रूप से घायल हो गईं और बेहोश होकर गिर पड़ीं। भेड़िए के हमले से महिला की गर्दन और पीठ पर गहरे घाव हुए हैं। सावित्री के पति हनुमान और ग्रामीणों ने इकट्ठा होने के बाद गन्ने के खेत में छुपे भेड़िए की वन विभाग की टीम के साथ तलाश भी की। लेकिन भेड़िया नहीं मिला। इसी बीच भेड़िए ने दयालपुरवा निवासी हरिश्चंद्र पर भी हमला किया। हालांकि ग्रामीणों की मौजूदगी के कारण हरिश्चंद्र बच गए।

परिवार के लोगों ने ग्रामीणों की मदद से सावित्री को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### पीड़ितों से मिलने आज मंझरा तौकली आएंगे सीएम



**बहराइच, अमृत विचार** : भेड़िये के आतंक से कराह रहे मंझरा तौकली के ग्रामीणों के बीच आज सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। योगी आदित्यनाथ का 27 सितम्बर को बहराइच का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री वन्यजीव प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर अपरान्ह 02 :05 बजे तहसील कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम मंझारा तौकली पहुंचकर वन्यजीव प्रभावित ग्रामवासियों से वार्ता करेंगे। इसके उपरान्त अपरान्ह 02 :45 बजे मुख्यमंत्री श्रावस्ती के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

### डीएम ने अस्पताल में घायल महिला का जाना हाल

**बहराइच, अमृत विचार** : जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंच कर शुक्रवार को वन्यजीव हमले में घायल हुई सावित्री देवी पत्नी हनुमान का कुशलक्षेम पूछा। डीएम त्रिपाठी ने सावित्री देवी के साथ चिकित्सालय में पूर्व से भर्ती प्रिंस व अंकेश का हाल जाना तथा मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एमए. पाण्डेय को निर्देश दिया कि वन्यजीव हमले में घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। डॉ. त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को बताया कि वन्य जीव हमले में घायल तीनों भर्ती मरीज़ स्वस्थ हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को वन्यजीव के हमले में सावित्री के अतिरिक्त हरिश्चन्द्र भी मामूली रूप से घायल हुए थे। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज पर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# धूमधाम से मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**बहराइच, अमृत विचार** : इंटरनेशनल फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा बहराइच व श्रावस्ती में विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से शुरू हुई। फार्मासिस्ट क्विज का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम बहादुर जायसवाल ने की। श्रावस्ती व बहराइच फार्मासिस्ट मौजूद रहे। मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर शनि श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद शब्बान, महासचिव पद पर सुभाष श्रीवास्तव, सचिव अरुण कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष मुबीन खान तथा मंडल मीडिया प्रभारी सद्दाम हुसैन को चुना गया। साथ ही जिला कार्यकारिणी बहराइच का पुनर्गठन भी किया गया। महासचिव एजाज अहमद, कोषाध्यक्ष मोहित, मीडिया इंचार्ज पद पर सिद्धार्थ शुक्ला, सचिव पंकज यादव, अध्यक्ष छात्र विंग वीरू सिंह तथा अध्यक्ष आई.टी. प्रद्युमन पांडे को चुना गया। श्रावस्ती की कार्यकारिणी में जिला प्रभारी अरुण विश्वकर्मा, जिलाध्यक्ष छात्र विंग विपिंद्र मिश्रा, जिला प्रवक्ता राम कुमार मौर्य तथा संगठन मंत्री संदीप साहू को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष पद का अतिरिक्त भार आशीष कुमार सोनी को सौंपा गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अस्मित रस्तोगी, राष्ट्रीय महासचिव सरफ़राज़ अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सोनी, प्रदेश प्रवक्ता परमेश वर्मा तथा प्रदेश अध्यक्ष आई.टी. सेल विश्वनाथ प्रताप यादव उपस्थित रहे।

# बिजली उपकेंद्र पर लोगों का प्रदर्शन

संवाददाता, बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार** : विद्युत उप केंद्र सहाबा के कर्मचारियों की मनमानी के खिलाफ उपभोक्ताओं का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ता सब स्टेशन पर पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उपभोक्ता समस्या के समाधान न किए जाने तक आंदोलन करने और सब स्टेशन पर धरना देने की तैयारी में है। इन लोगों को सभी दलों के पदाधिकारी और क्षेत्रीय लोगों का समर्थन भी है। हालांकि पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया। लेकिन लोग मानने के लिए तैयार नहीं थे। प्रदर्शनकारी मौके पर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने और समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे थे। सहाबा विद्युत सब स्टेशन के अधिकारियों-कर्मचारियों की मनमानी को लेकर सब स्टेशन से संबंधित गांव के विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान हैं। 48 घंटे तक इलाके में बिजली आपूर्ति नहीं की गई। जब विद्युत आपूर्ति की गई लेकिन वोल्टेज जीरो होने के कारण किसी भी उपभोक्ता को कोई लाभ नहीं मिला। विद्युत कटौती भी रोस्टर से अधिक की जा रही है।



सहाबा विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

# नेपाल की जेल से भागा कैदी पकड़ा गया

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार** : नेपाल में बीते दिनों हुए आंदोलन के दौरान राजधानी काठमांडू की जेल तोड़कर करीब 1500 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से कई फरार कैदी अब तक नेपाल सीमा पर पकड़े जा चुके हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवानों ने चेकिंग अभियान के दौरान एक फरार कैदी को भारत-नेपाल सीमा स्थित रुपईडीहा चेकपोस्ट पर गिरफ्तार किया। सहायक कमांडेंट अभिषेक एवं निरीक्षक ऋतुराज ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दिलीप खनाल के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि वह स्मैक के कारोबार में संलिप्त होने के कारण पहले नेपाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था



गायत्री विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं व पुलिसकर्मी।

## गायत्री विद्यालय में छात्राओं को किया गया जागरूक

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार** : गायत्री विद्यालय परिसर में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो फेज 5 .0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप निरीक्षक ज्योत्सना ने छात्राओं से कहा कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध और साइबर अपराध से सावधान रहना आज के समय की आवश्यकता है। किसी भी शिकायत की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1090, 112, 181, 1098 और 108 पर तुरंत संपर्क करें। इस अवसर पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर पंकज तिवारी प्रधानाचार्य सुधीर सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उप निरीक्षक ज्योत्सना, कांस्टेबल विकास, महिला आरक्षी अनुराधा सिंह, कल्पना सिंह और वंदना कटियार की भी उपस्थिति रही।

# अधिकारियों ने जेल का किया निरीक्षण

**बहराइच, अमृत विचार** : जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रतिभा चौधरी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैया करायी जा रही सुविधाओं व सफ़ाई का जायजा लिया। उच्चाधिकारियों ने पाकशाला, चिकित्सालय व बैरकों का निरीक्षण किया। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों को कपड़ा, खिलौना, बिस्कुट व चॉकलेट इत्यादि का वितरण भी किया।



कन्या पूजन करती श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद

**नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार** : नवाबगंज में शुक्रवार को श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर कस्बे में कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराया गया। नवाबगंज में इस वक्त दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम है। शुक्रवार को कमल सिंह के आवास पर कन्याओं को भोजन कराया गया। इस दौरान कई कन्याओं ने वहां पहुंचकर कन्या भोज में हिस्सा लिया। लोगों ने कन्याओं से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमल सिंह, राम नरेश सिंह, अमरजीत सिंह, आनंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने चस्पा की चोरी करने की नोटिस

**बहराइच, अमृत विचार** : चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि अब उन्होंने नोटिस चस्पा कर शहरवासियों को चेतावनी दी है। लुटेरों ने गत दिनों रूपईडीहा थाना क्षेत्र के महानंद पुरवा और सोराहिया गांव में नोटिस चस्पा की थी। घटना कोतवाली देहात के घसियारीपुरा की है। चोरों ने दो घरों की दीवारों पर नोटिस चस्पा की है। नोटिस में लिखा है कि 26 सितंबर की रात में 2:30 बजे उन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया जाएगा।




चस्पा नोटिस



परमहंस पीजी कॉलेज में आयोजित कवि सम्मेलन में मौजूद कवि एवं अतिथिगण।

## सहेजे सभ्यता अब भी हमारे गांव की हिन्दी

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार** : रामकृष्ण परमहंस पीजी कालेज में हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबन्धक राजेन्द्र सिंह व संचालन उमा प्रसाद वर्मा ने किया। रेनू राव ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। संदीप कुमार सिंह अनुरागी बाराबंकी ने दोहे, रिंकू सिंह राज ने गजल प्रस्तुत की, सहेजे सभ्यता अब भी हमारे गांव की हिन्दी। रत्नेश पाल कानपुर, नीलेन्द्र सिंह राणा, उमा प्रसाद वर्मा, सूर्य विक्रम सिंह सूर्य, राम नरेश मौर्य पंकज, शिव कुमार सिंह रैकवार, प्रवक्ता शेखर श्रीवास्तव, सालिगराम वर्मा, वीरेंद्र नाथ आदि कवियों ने काव्यपाठ किया।

# कल एक-दूजे के होंगे 400 जोड़े

**बहराइच, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 28 सितंबर को 400 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। जिसमें 340 जोड़े हिंदू रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधेंगे, तो 60 जोड़ों को मुस्लिम रीति रिवाज के तहत निकाह पढ़ाया जाएगा।

गेंद घर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह योजना में नए शासनादेश के तहत प्रति जोड़े पर एक लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। वधू के खाते में 60 हजार रुपये की नगद धनराशि भेजी जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडेय ने बताया कि शासनादेश के तहत पात्रों को लाभ दिया जाएगा।

# बिजली बिल वसूली करने गए संविदाकर्मी पर चाकू से हमला

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार** : पयागपुर क्षेत्र के ग्राम हवड़ा दाखिला सतपेडिया में शुक्रवार को बकाया बिजली बिल वसूलने गए एक संविदा कर्मी पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, संविदा कर्मी सिपाही लाल अपने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए सतपेडिया गांव गए थे। इसी दौरान, बिल बकायादार ग्राहक लायक राम ने विवाद शुरू कर दिया और कर्मचारी को सरिया से मारने के लिए दौड़ा लिया कुछ लोगों के बचाव के बाद लोगों ने सरिया छीन ली तो उसने अचानक कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में संविदा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

इस घटना के बाद, विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता दीपेंद्र कुमार ने खुटेहना चौकी में हमलावर लायक राम के खिलाफ नामजद प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने हमलावर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# शुभेन्दु के सितार वादन ने किया मंत्रमुग्ध

**बलरामपुर, अमृत विचार** : संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश, भातखण्डे संस्कृति विवि एवं स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को बलरामपुर जिले में हुआ। समापन अवसर पर प्रख्यात सितार वादक पंडित शुभेन्दु राव एवं तबला वादक जहीन खान की प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का पहला चरण कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरदौरी में आयोजित हुआ। पंडित राव के सितार की मधुर धुनों और तबला वादक जहीन खान की थाप ने वातावरण को सुरमय बना दिया। प्रबंधक सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि स्पिक मैके भारतीय शास्त्रीय संगीत व संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। दूसरे चरण का आयोजन कुबेरमती पाण्डेय मेमोरियल इंटर कॉलेज श्रीदत्तगंज में हुआ। शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रमोद मिश्र ने किया। पंडित राव ने राग वृन्दावनी सारंग से प्रस्तुति की शुरुआत की। सुर और ताल के अद्भुत संगम ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और विद्यार्थी झूमते नजर आए। संचालन संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर सचिन सिंह, परिमल शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



स्कूल में सितार वादन करते पंडित शुभेन्दु राव। ● अमृत विचार

# डॉक्टर व मरीज के बीच अहम कड़ी हैं फार्मासिस्ट

**उतरौला, सादुल्लानगर, बलरामपुर, अमृत विचार** : विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन, बलरामपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष शिवम सोनी व पदाधिकारियों के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि औषधि निरीक्षक ने कहा कि फार्मासिस्ट केवल दवाएं बेचने वाला नहीं, बल्कि मरीज को सही जानकारी देने वाला मार्गदर्शक है। विशिष्ट अतिथि अजय श्रीवास्तव व नवीन सिंह ने फार्मासिस्टों को एकजुट रहने पर बल दिया। तबरेज अहमद ने पीपीआर-2015 पर कोर्ट से जल्द सकारात्मक निर्णय की उम्मीद जताई। संचालन उस्मान खान ने किया।

# लोगों ने दो लाइनमैन को पेड़ से बांधा

फूटा गुस्सा

• शारदीय नवरात्र पर भी अनियमित आपूर्ति से आक्रोश

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार** : शारदीय नवरात्रि के पर्व पर भी बिजली की नियमित आपूर्ति न होने से कोतवाली देहात के दुर्गापुर गांव के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार रात, लगातार बिजली कटने और बार-बार ट्रिपिंग होने के कारण ग्रामीणों ने बिजली विभाग के दो कर्मचारियों, लाइनमैन सद्गुर और मनोज कश्यप को पकड़कर एक पेड़ से बांध दिया।

गांव निवासी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि दोनों लाइनमैन किसी काम से गांव आए थे। जब ग्रामीणों ने घंटों से चल रही बिजली समस्या पर जवाब मांगा और संतोषजनक उत्तर नहीं मिला, तो उन्होंने कर्मचारियों को कुछ समय के लिए पेड़ से बांध दिया। स्थिति तब सामान्य हुई जब विभाग के उच्चाधिकारियों ने ग्रामीणों को फोन पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना रात 9 बजे बिजली कट जाती है, फिर लगभग 1 बजे बहाल होती है, उसके बाद 3 बजे कटौती और देर रात तक ट्रिपिंग होती रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही और मनमानी कटौती ने नवरात्रि जैसे पर्व के उत्साह को भी प्रभावित किया है। क्षेत्रीय अवर अभियंता कमलेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है और विभाग जल्द ही समस्या का समाधान करेगा।



ग्रामीणों द्वारा पेड़ से बांधे गए लाइनमैन।

# कल बलरामपुर आएंगे मुख्यमंत्री

**बलरामपुर, अमृत विचार**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 सितंबर को बलरामपुर जनपद का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री का आगमन तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम घुघुलपुर में प्रस्तावित है। इस अवसर पर वे जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और प्रशासनिक अमला मुस्तैद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के इस दौरे से जिले के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है।



सदर विधायक का बुके देकर स्वागत करते डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव।

## आईपीटी स्टडी प्वाइंट सेंटर का विधायक ने किया शुभारंभ

**बलरामपुर, अमृत विचार** : आईपीटी स्टडी प्वाइंट सेंटर का शुभारंभ शुक्रवार को सदर विधायक पल्टू राम ने किया। संस्था के डायरेक्टर डॉ. अजय श्रीवास्तव ने विधायक सहित शिक्षाविद अविनाश मिश्रा और समाजसेवी डॉ. तुलसीष दुबे का बुके व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। विधायक पल्टू राम ने कहा कि इस स्टडी प्वाइंट के खुलने से छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। डायरेक्टर डॉ. अजय श्रीवास्तव ने बताया कि सेंटर की स्थापना विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखकर की गई है। यहां पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए सरकार प्रायोजित 'ओ' लेवल कोर्स उपलब्ध कराया जा रहा है। सेंटर मैनेजर आशीष शुक्ला ने कहा कि संस्थान में आधुनिक सुविधाएं मुहैया हैं। कार्यक्रम में जे.पी. श्रीवास्तव, अंबरीष शुक्ला, निशांत चौहान, स्वप्निल साहू, अनिल मौर्य, आदित्य पांडेय और अर्पित कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम

अटल भवन में हर घर स्वदेशी विषय पर आयोजित की गयी कार्यशाला

# घर-घर स्वदेशी अभियान से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार** : आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को तुलसी पार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर जिला कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की, जबकि मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिल रही है। दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे त्योहारों पर लोग स्वदेशी परिधान पहनें और स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें, यही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

पूर्व मंत्री व सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। कोरोना काल में भारत ने वैक्सीन बनाकर आत्मनिर्भरता का संदेश पूरी दुनिया को दिया। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि दुनिया भारत की प्रगति को हजम नहीं कर पा रही, जबकि पाकिस्तान भीख मांगने की स्थिति में है। उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही हम वैश्विक चुनौतियों का जवाब दे सकते हैं।

जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में भारत किसी से डरने वाला नहीं है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, अभियान संयोजक वरुण सिंह मोनू व डीपी सिंह बैस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




स्वदेशी अभियान कार्यशाला में मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य भाजपा पदाधिकारी।



पालिका प्रशासन को ट्रैक्टर और माउंटेन लोडर अर्पित करते अध्यक्ष व अन्य लोग।

## चेयरमैन ने सौंपे दो ट्रैक्टर माउंटेन लोडर

**बलरामपुर, अमृत विचार** : पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने बुधवार को नगर पालिका को दो ट्रैक्टर माउंटेन लोडर सौंपे। पालिका परिसर में आयोजित सादे समारोह में चेयरमैन ने कर्मचारियों को चाबियां सौंपीं। उन्होंने बताया कि ये लोडर कूड़ा उठाने, निर्माण सामग्री ढोने और जमीन समतल करने जैसे कार्यों में सहायक होंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि आधुनिक मशीनरी से न केवल कर्मचारियों का श्रम कम होगा, बल्कि सफाई व्यवस्था व शहर के सौंदर्यीकरण में तेजी आएगी। चेयरमैन ने यह भी बताया कि जल्द ही और मशीनें व उपकरण खरीदे जाएंगे ताकि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर डीपी सिंह बैस, जाल धर्मेंद्र गौड़, सभासद मनोज साहू, रूपेश कुमार मिश्र, नगर अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, महामंत्री मनीष तिवारी, जयंत सिंह धर्मू, अशोक गौतम, अक्षय शुक्ला, गौरव मिश्रा, शिवम मिश्रा, मंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं को ब्लॉक संसाधन केंद्र कैंपस स्थित पीएम श्री विद्यालय अशोकनगर पर तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कुल 28 स्पेशल एजुकेटर ने प्रतिभाग किया। इनके द्वारा अपने विकास क्षेत्र में अवस्थित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिकाओं को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान करना तथा उन्हें सामान्य बच्चों के साथ विकसित होने का अवसर प्रदान करना है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी ने कहा कि नई शिक्षा नीति की तहत प्री-प्राइमरी क्लासेज का संचालन विद्यालयों में किया जाना है, जो को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र के नाम से संचालित हो रहा है। इस दौरान प्रशिक्षक अवनीश त्रिपाठी, गणेश गौड़ आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**कुशीनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में "मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0" के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को मजबूत करने हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह द्वारा थाना कसया क्षेत्र के आकाश इंस्टिट्यूट कोचिंग संस्थान कस्बा कसया में जागरूक किया। वही जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड ने बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं, कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न सहायता नंबरों का प्रचार-प्रसार कर पंपलेट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त एण्टी रोमियों टीम द्वारा बेवजह घूमने वाले युवकों को चेतावनी भी दी गई।

# छात्रों ने पेंटिंग और मेहंदी स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सीएचसी उसका बाजार अंतर्गत कार्यरत आरबीएसके टीम बी उसका बाजार ने किसान इंटर कॉलेज परिसर में किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर आयोजित रंगोली, पेंटिंग और मेहंदी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में आरबीएसके टीम बी के चिकित्सक डॉक्टर मुमताज अहमद खान और डॉक्टर सरिता कुमारी ने बताया कि किशोर-किशोरियों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आरबीएसके के जिले से आये



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित।

डीइआईसी मैनेजर अनंत प्रकाश व डॉक्टर विजय कुमार ने कार्यक्रम प्रतियोगिता में भाग ले रही छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक किया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सीएचसी उसका के अधीक्षक डॉक्टर एसके पटेल, डीइआईसी मैनेजर अनंत प्रकाश, डॉ. विजय कुमार स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय गुप्ता ने शील्ड सर्टिफिकेट व उपहार देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत होकर बच्चों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर टीम के फार्मासिस्ट वेद प्रकाश समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**कुशीनगर, अमृत विचार।** हाटा नगर पालिका के सरोजनीनगर मोतीपाकड कबिलसहा में सड़क के किनारे धान के खेत में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिला जिसकी पहचान लालबाबू यादव के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतू भेज दिया। शुक्रवार की सुबह जब गांव के लोग भ्रमण के लिए निकले तो सड़क के किनारे खेत में शव देख लोगों ने परिजनों के साथ साथ पुलिस को जानकारी दी।मृतक की पहचान लाल बाबू यादव पुत्र महंथ यादव उम्र 52वर्ष निवासी कविलसहां के रूप में हुई।

लाल बाबू यादव एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। वृहस्पतिवार को देर शाम हाटा से घर के लिए गये थे लेकिन घर नही पहुच पाए और शुक्रवार सुबह उनका शव खेत में मिला लालबाबू की तीन बेटियां व एक बेटा है जिनमें दो लड़कियों की शादी कर चुके थे।

## ताबड़तोड़ काटे जा रहे हरे पेड़, विभाग मौन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले में लकड़ी माफिया बेधड़क हरे पेड़ काट रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इन वन माफिया द्वारा तीन से चार पेड़ का परमिट लिया जाता है और इस परमिट पर 25 से 30 पेड़ की अवैध कटान कर दी जाती है। इसमें अधिकारियों की मौन स्वीकृति रहती है जो विभाग के कमाई का अवैध स्रोत बताया जाता है। पेड़ों की कटान को लेकर जब संवाददाता की टीम डीएफओ कार्यालय पहुंची तो साहब की कुर्सी खाली पड़ी थी। जब वहां तैनात कर्मचारी से पूछा गया तो उसने बेखौफ होकर बताया कि साहब अभी दवा खाकर सो रहे हैं जाइए बाद में मिलेंगे। समय दोपहर का करीब एक बजा होगा। कई लोग उनसे मिलने के लिए भी खड़े थे लेकिन साहब सो रहे थे। इस नौकरशाही फरमान को सुनकर लोग स्तब्ध रह गए। जब टीम ने इस



बारे में डीएम के मोबाइल नंबर पर बात की तो डीएम ने कहा मैं अभी डीएफओ को फोन करता हूं। काफी देर बैठने के बाद भी डीएफओ साहब अपने ऑफिस में नहीं आये। ऑफिस में खाली कुर्सी का लिया गया फोटो इसका प्रमाण है कि वह अपने ऑफिस में नहीं बैठते। कार्यालय में तैनात एक बाबू ने बताया कि यहां डीएफओ से बाबू भी परेशान हैं। वह ज्यादातर लखनऊ रहते हैं। कभी-कभार अगर आए तो अपने आवास पर काम निपटाकर लखनऊ रवाना हो जाते हैं।

## ननिहाल आया बालक नदी में डूबा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उसका बाजार थाना अंतर्गत कर्मा ग्राम पंचायत के टोला नौखनिया में ननिहाल आया एक आठ वर्षीय बालक शुक्रवार की दोपहर में पैर फिसलने से कूड़ा नदी में लापता हो गया। गोताखोरों और पुलिस ने खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चला। बालक यहीं के निवासी सुरेश का नाती अरुण (8) है। वह अपने पिता पिंकू के घर बोगदिहा लुंबिनी, नेपाल से तीन दिन पहले अपने नाना के घर आया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इसके नाना सुरेश नदी के किनारे अपनी नांव की सफाई कर रहे थे, इसी बीच अरुण भी आ गया और पैर फिसलने से वह नदी में गहराई में चला गया। जब तक लोग पहुंचते तब तक वह लापता हो गया। सूचना पर गोताखोरों के साथ एसओ हरेकृष्ण उपाध्याय मौके पर पहुँचे, लेकिन सफलता नही मिली। बाद में पीएसी के गोताखोर स्टीमर के साथ काफी खोजबीन की।

# गृहमंत्री का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जिलाधिकारी ने किया स्वागत

**कुशीनगर, अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह का जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर ने स्वागत किया। गृहमंत्री एयरपोर्ट 16 मिनट तक रुके। वह सीमा सुरक्षा बल के विशेष विमान से निर्धारित समय 2:10 बजे की बजाय 2:20 बजे कुशीनगर एयरपोर्ट पर पहुंचे। 2:36 बजे वह बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से बिहार के बेतिया के लिए रवाना हो गए। एसपी केशव कुमार द्वारा एयरपोर्ट परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। बिहार रवाना होने से पूर्व शाह ने पार्टी के सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों से मुलाकात कर हाल जाना। स्वागत करने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सांसद विजय दूबे व देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक पीएन पाठक, मनीष जायसवाल, विवेकानंद पांडेय, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, डा. असीम राय समेत अन्य लोग मौजूद रहे। शाह के आगमन पर एयरपोर्ट के



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी केशव कुमार। अमृत विचार

बाहर बड़ी संख्या में जुटे उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी शाह जिंदाबाद के नारे लगाए।

## ट्रेनों का किया जाएगा मार्ग विस्तार, मिलेगी सुविधा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 55335/55336 कासगंज-मथुरा जं.-कासगंज सवारी गाड़ी का 01 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2025 तक अस्थाई रूप से गंगापुर सिटी तक मार्ग विस्तार किया जायेगा। फलस्वरूप विस्तारित मार्ग पर 55335 कासगंज-गंगापुर सिटी सवारी गाड़ी 01 अक्टूबर से 30 नवम्बर,2025 तक कासगंज से 11.05 बजे प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुये मथुरा जं0 से 15.20 बजे, भरतपुर से 15.55 बजे, बयाना से 16.25 बजे, हिन्डौन सिटी से 16.55 बजे तथा श्री महावीर जी से 17.07 बजे छूटकर गंगापुर सिटी 18.20 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी यात्रा में 55336 गंगापुर सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी 01 अक्टूबर से 30 नवम्बर,2025 तक विस्तारित मार्ग पर गंगापुर सिटी से 19.00 बजे प्रस्थान कर श्री महावीर जी से 19.25 बजे, हिन्डौन सिटी से 19.37 बजे, बयाना से 20.05 बजे, भरतपुर से 20.40 बजे तथा मथुरा जं0 से 22.00 बजे छूटकर मथुरा कैण्ट से 22.12 बजे, हाथरस सिटी से 22.55 बजे, हाथरस रोडसे 23.04 बजे, सिकन्दरा राव से 23.30 बजे तथा मरहरा से 23.50 बजे छूटकर दूसरे दिन कासगंज पहुंचेगी।

## नवनिर्मित दोहरीकरण लाइन का किया निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** परिचालनिक सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ांचे में विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के डोमिनगढ़-गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट-कुसम्ही तीसरी लाइन तथा गोरखपुर जं.-नकहा जंगल दोहरीकरण परियोजना (22 किमी.) रू. 520 करोड़ की लागत से पूर्ण की गई है। इस परियोजना के अन्तर्गत अन्तिम चरण में गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ (04 किमी.) तीसरी लाइनतथा गोरखपुर-नकहा जंगल (05 किमी.) दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल श्री प्रणजीव सक्सेना ने 26 सितम्बर, 2025 को इस नवनिर्मित तीसरी लाइन तथा दोहरीकरण का निरीक्षण तथा सफल स्पीड ट्रायल किया। गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन तथा गोरखपुर-नकहा जंगल दोहरीकरण एवं गोरखपुर जं. स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज(एफ.ओ.बी.) के डिस्मेंटल कार्य में लगभग 250 विभागीय और संविदा कर्मचारी कार्यरत थे। सभी कार्यों को निर्धारित लक्ष्य केअनुरूप निष्पादित किया गया है। डोमिनगढ़-गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट-कुसम्ही तीसरी लाइन तथा गोरखपुर जं.-नकहा जंगल दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गतप्रथम चरण में नकहा जंगल यार्ड; द्वितीय चरण में गोरखपुर कैंट-कुसम्ही (9.80 किमी.); तृतीय चरण में डोमिनगढ़ यार्ड; चौथे चरण में गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट (3.5 किमी.) तथा पाँचवे एवं अन्तिम चरण में गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ (04 किमी.) तीसरी लाइन तथागोरखपुर-नकहा जंगल (05 किमी.) दोहरीकरण का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। डोमिनगढ़-गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट-कुसम्ही तीसरी लाइन तथा गोरखपुर जं.-नकहा जंगल दोहरीकरण परियोजन के अन्तर्गत डोमिनगढ़, गोरखपुर जं., गोरखपुर कैंट, कुसम्ही तथा नकहा जंगल स्टेशनों पर ट्रेनों का संचलन अब इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ई.आई.) प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है। डिजिटलाइजेशन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली एक महत्वपूर्ण कदम है जो ट्रेनों के संचालन को संरक्षित एवं सुगम बनाती है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग मानवीय त्रुटि की सम्भावना को कम करता है, जिससे संरक्षा में सुधार होता है, यह सिस्टम तेजी से कार्य करता है जिसके फलस्वरूप ट्रेनों का आवागमन बेहतर होता है, इसका मेंटेनेंस कम है, भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये इस सिस्टम को अपडेट करना आसान है तथा इसे कम स्थान पर स्थापित किया जा सकता है। इससे ट्रेनों का संचलन कम्प्यूटर डिस्प्ले पर माउस के एक क्लिक से किया जा रहा है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,426.46 | 24,654.70 |
| गिरावट | 733.22 | 236.15 |
| प्रतिशत में | 0.90 | 0.95 |

**सोना : 1,17,700** प्रति 10 ग्राम

**चांदी : 1,41,900** प्रति किलो

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार, 27 सितंबर 2025

www.amritvichar.com

## बिजनेस ब्रीफ

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रहा। एक सप्ताह पहले कुल भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 86.4 अरब डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### व्हाट्सएप की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने मेटा प्लेटफॉर्म्स और व्हाट्सएप की अपीलों पर सुनवाई पूरी कर ली है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन अपीलों में 2021 अद्यतन व्हाट्सएप गोपनीयता नीति के लिए सोशल मीडिया दिग्गज पर सीसीआई के जुर्माने को चुनौती दी गई थी। चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य (तकनीकी) अरुण बरोका की एनसीएलएटी पीठ ने सभी पक्षों को छह अक्टूबर तक लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया है। पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा, सभी पक्ष छह अक्टूबर, 2025 तक अधिकतम दस पेज की संक्षिप्त दलीलें दाखिल करें।

### अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरता हुआ डॉलर के मुकाबले चार पैसे की बढ़त के साथ 88.72 पर बंद हुआ। विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने तथा वैश्विक कच्चेतेल के मूल्य में आई गिरावट के कारण रुपये में यह सुधार आया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और घरेलू शेयर बाजार में जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा में तेज वृद्धि पर अंकुश लगाया।

# भारत-रूस के कारोबारी रिश्तों को उड़ान, यूपी अहम किरदार

## ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन हुआ भारत-रूस बिजनेस डायलॉग

- **30 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य में उत्तर प्रदेश निभाएगा अहम भूमिका : राकेश सचान**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा



यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस के साथ बिजनेस डॉयलॉग बैठक में विदेशी निवेशकों का स्वागत करते मंत्री राकेश सचान।

अमृत विचार। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित भारत-रूस बिजनेस डायलॉग में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2025 तक रूस के साथ व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है, और इसमें उत्तर प्रदेश अहम भूमिका निभाएगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सचान ने कहा कि यूपी में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं, जो 15 प्रतिशत आबादी को रोजगार देती हैं। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना ने प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाई है।

सचान ने कहा कि भारत-रूस संबंध दशकों पुराने हैं। कभी भारत के औद्योगिकीकरण में मदद करने वाले रूस के साथ आज हमारी साझेदारी रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष सहित अनेक क्षेत्रों में रणनीतिक स्तर तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत ने 2025 तक रूस के साथ द्विपक्षीय व्यापार को 30 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है और यह लक्ष्य अवश्य हासिल होगा।

**निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर :** सचान ने कहा कि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला उत्तर प्रदेश विशाल बाजार है। यहां निवेशकों को उत्पादन और उपभोग दोनों स्तर पर मजबूत अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने रूस से आग्रह किया कि वह अपनी उन्नत तकनीक से प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में सहयोग करे। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने किया। इस मौके पर इनवेस्ट यूपी पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। संचालन रूस की उपप्रमुख (आर्थिक विभाग) ज्लाटा अंटुशेवा ने किया और स्वागत भाषण उप व्यापार आयुक्त डॉ. इवगेनी जेंचेंको ने दिया।

### कारोबारी रिश्तों को नया आयाम : रूस

रूस की प्रतिनिधि ज्लाटा अंटुशेवा ने कहा कि भविष्य में दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक डॉ. अजय सहाय ने कहा कि व्यापार के साथ-साथ शिपिंग रूट और बीमा जैसे क्षेत्रों में भी दोनों देशों के सहयोग की संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी विवेक अग्रवाल ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो भारत-रूस रिश्तों के लिहाज से एक महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब 'उत्तम प्रदेश' बन चुका है और यहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं। पैरामाउंट कम्युनिकेशन के प्रबंध निदेशक संदीप अग्रवाल ने कहा कि भारत और रूस एक-दूसरे के भरोसेमंद साथी हैं। ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार और औषधि क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी और आगे बढ़ेगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशाल ढींगरा ने एमएसएमई क्षेत्र में सहयोग की उम्मीद जताई।

## युवाओं में दिखा जोश, उद्यमिता से जुड़े विचारों को जाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

- युवाओं की संख्या : 1500
- व्यापारिक पूछताछ : 2000 से अधिक
- आकर्षण : ओसियान इंटरप्राइजेज (125 से अधिक युवाओं की रुचि)
- मेन स्टॉल : क्यूटीएम, ग्रिप इंटरनेशनल, प्रॉस्पर समूह, कोशिश समाधान
- नव उद्यम : डॉ. गैराज, मिस्टर सैंडविच, धोबीलाइट, अर्द्धसैनिक कैंटीन

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी (यूपीआईटीएस-2025) का दूसरा दिन युवाओं की उमंग और नए अवसरों की तलाश का गवाह बना। मुख्यमंत्री युवा संवाद के तहत हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में पहुंचकर न केवल नवीन उद्योगों और उद्यमिता से जुड़े विचारों को जाना, बल्कि बड़ी संख्या में व्यापारिक पूछताछ भी दर्ज कराई। मुख्यमंत्री युवा संवाद का दूसरा दिन इस बात का प्रतीक बना कि प्रदेश का युवा अब अवसरों को पहचानकर उन्हें साधने के लिए तैयार है। उत्साह, जिज्ञासा और नवाचार से भरी यह भीड़ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक ठोस कदम है। आयोजन ने साबित कर दिया है कि योगी सरकार की पहल युवाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा दे रही है। लखनऊ, बरेली, कानपुर, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, मैनपुरी और मथुरा से आए करीब 700 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से 1500 युवा प्रदर्शनी में आए। सभी स्टॉलों पर मिलाकर युवाओं ने दो हजार से अधिक व्यापारिक पूछताछ की। खासकर ओसियान इंटरप्राइजेज के उपहार सामग्री वाले स्टॉल पर 125 से अधिक छात्रों ने गहरी रुचि दिखाई। वहीं क्यूटीएम, ग्रिप इंटरनेशनल, प्रॉस्पर समूह और कोशिश सस्टेनेबल समाधान जैसे मशीनरी आपूर्तिकर्ता स्टॉलों पर भी जबरदस्त भीड़ रही। कॉनक्लेव के दौरान 20 से अधिक बी-टू-बी मीटिंग्स आयोजित हुईं। इसके साथ ही डॉ. गैराज, मिस्टर सैंडविच, धोबीलाइट, अर्द्धसैनिक कैंटीन और अमूल इंडिया जैसे स्टार्टअप्स व ब्रांड्स ने छात्रों को अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए।

## भारत-ईयू के बीच एफटीए को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है इटली

न्यूयॉर्क, एजेंसी


वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ इटली के उपप्रधानमंत्री एंतोनियो तजानी।

इटली के उप प्रधानमंत्री एंतोनियो तजानी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और भारत तथा यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के प्रति उनके देश की प्रतिबद्धता दोहराई। तजानी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बैठक को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह आने वाले महीनों में भारत की यात्रा करेंगे।

उन्होंने लिखा, न्यूयॉर्क में मैंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इटली व भारत के बीच रणनीतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी है। हम आगामी महीनों में मेरी भारत यात्रा के साथ इसे और मजबूत करना चाहते हैं। कहा, मैंने मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए इटली के समर्थन की पुष्टि भी की। ईयू भारत का दूसरा सबसे बड़ा साझेदार है।

## आरबीआई ने मृत ग्राहकों से संबंधित दावों के निपटान को बनाया सरल

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकों के मृत ग्राहकों के खातों और लॉकर से संबंधित दावों का 15 दिनों के भीतर निपटान करने के लिए संशोधित मानदंड जारी किए। रिजर्व बैंक ने कहा कि निपटान में देरी होने पर नॉमिनी यानी नामित व्यक्तियों को मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। संशोधित निर्देशों का उद्देश्य मृत ग्राहकों से संबंधित दावों के निपटान में बैंकों की गतिविधियों को सरल बनाना है। इसमें ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दस्तावेजीकरण को भी मानकीकृत किया गया है।

## दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से सहमा बाजार

मुंबई, एजेंसी



अगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली होने से स्थानीय शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक व निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 733.22 अंक यानी 0.90 प्रतिशत टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 80,426.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 827.27 अंक गिरकर 80,332.41 पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 236.15 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 24,654.70 अंक पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,587.50 अंक यानी 3.16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।

### समझौते को जल्द पूरा करने के लिए वार्ता जारी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी रखने का फैसला किया। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के दौरे के बाद 24 सितंबर को स्वदेश लौट आया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सरकार के अधिकारियों के साथ समझौते के संभावित स्वरूप को लेकर रचनात्मक बातचीत की। मंत्रालय ने कहा, "दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया। बयान के मुताबिक, अपनी यात्रा में गोयल ने अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से भी मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के प्रमुख उद्योगपतियों एवं निवेशकों से भी दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की।



# महिलाएं तय करें कि राजद व उसके सहयोगी सत्ता में न लौटें

## प्रधानमंत्री ने बिहार की महिलाओं को किया संबोधित, कहा- इनके शासनकाल में भारी तकलीफें झेलनी पड़ीं

पटना, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसके शासनकाल में बिहार की महिलाओं को भारी तकलीफें झेलनी पड़ीं। साथ ही उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली पार्टी और उसके सहयोगी दल राज्य में दोबारा सत्ता में न लौट सकें।

प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत के अवसर पर बिहार की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के लिए 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री ने कहा, नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं का आशीर्वाद मेरे लिए बड़ी शक्ति है। आज से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत हुई है। अब तक 75 लाख बहनें इस योजना से जुड़ चुकी हैं और सभी के खातों में 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं। उन्होंने कहा, जब कोई बहन या बेटी रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ती है, तो उसके सपनों को पंख लगते हैं और समाज में उसका सम्मान भी बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनधन योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि यदि महिलाओं के बैंक खाते न खोले गए होते, तो यह राशि सीधे उनके खातों में नहीं पहुंच पाती। पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पहले एक प्रधानमंत्री कहा करते थे कि दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है, तो जमीन पर सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं और 85 पैसे कोई पंजा मार लेता है। लेकिन आज जो 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं, उन्हें कोई लूट नहीं सकता। उन्होंने कहा, इस योजना से केंद्र सरकार के 'लखपति दीदी अभियान' को भी नई ताकत मिली है। अब तक दो करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं और हमारा लक्ष्य तीन करोड़ तक पहुंचने का है। मुझे उम्मीद है कि सबसे अधिक 'लखपति दीदी' बिहार से बनेंगी। महिला सशक्तीकरण पर प्रधानमंत्री ने कहा, आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में सेना और पुलिस बलों में शामिल हो रही हैं। वे लड़ाकू विमान भी उड़ा रही हैं- यह हर महिला के लिए गर्व की बात है।

### दो लाख तक की अतिरिक्त सहायता और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण देंगे

प्रधानमंत्री ने राजद सरकार के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा, लेकिन हमें वे दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद का शासन था। लाल टेन (राजद का चुनाव चिह्न) का राज था, उस दौरान अराजकता और भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं-बहनों ने झेली। वो दिन जब बिहार की बड़ी-बड़ी सड़कें टूटी-फूटी होती थीं, पुल-पुलिया का नाम नहीं था। इन हालातों में सबसे अधिक तकलीफ हमारी माताओं-बहनों को ही उठानी पड़ी। मोदी ने महिलाओं से आग्रह किया, ये प्रण भी करना है कि माताएं-बहने अब बिहार को फिर कभी, उस अंधेरे में नहीं जाने देंगी, अपने बच्चों को बर्बाद होने से बचाने का यही रास्ता है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने महिलाओं को कठिन परिस्थितियों से निकालने के लिए दिन-रात मेहनत की है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को भविष्य में दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा, आज आपके दो भाई, नीतीश और मोदी मिलकर आपकी समृद्धि और स्वाभिमान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आज का यह कार्यक्रम भी इसी का उदाहरण है।

## हिंदी दिवस कार्यक्रम के विरोध में होटल में घुसे कन्नड़ समर्थक संगठन के 41 सदस्य गिरफ्तार

- **गृह मंत्रालय की राजभाषा समिति ने हिंदी प्रचार सभा की थी आयोजित**

बेंगलुरु, एजेंसी


हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का विरोध करते कन्नड़ समर्थक।

बेंगलुरु में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के विरोध में एक पांच-सितारा होटल में जबरन घुसने और हंगामा करने के आरोप में एक कन्नड़ समर्थक संगठन के 41 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके बाद कर्नाटक रक्षण वेदिके (केआरवी) ने शनिवार से राज्य के सभी 31 जिलों में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है, जिसमें मांग की गई है कि उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मामले वापस लिए जाएं और उन्हें रिहा किया जाए।

सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय की राजभाषा समिति ने होटल में एक हिंदी प्रचार सभा आयोजित की थी, जिसमें छह संसद सदस्यों ने भाग लिया था, तभी बृहस्पतिवार को कन्नड़ समर्थक संगठन के सदस्य होटल में घुस आए। कार्यक्रम के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह बैठक गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का प्रयास है। पुलिस के एक बयान के अनुसार, संसदीय राजभाषा समिति ने 23 से 25 सितंबर तक यहां रेसकोर्स रोड स्थित होटल में एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इसके अंतिम दिन कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुआ। बैठक के अंतिम दिन सत्र सुबह 9.30 बजे शुरू हुआ। इसमें कहा गया है, सुबह लगभग 10:45 से 11 बजे के बीच एक संगठन के लगभग 30 से 40 सदस्य बैठक के एजेंडे के विरोध में अवैध रूप से आयोजन स्थल में घुस आए और उन्होंने उपस्थित सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा डाली तथा हंगामा किया।

## आर्यन के खिलाफ समीर वानखेड़े की याचिका पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



- **दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी से पूछे सवाल**

दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी एवं एनसीबी के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े से शुक्रवार को सवाल किया कि अभिनेता शाहरुख खान व उनकी पत्नी गौरी खान के स्वामित्व वाली 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' और 'नेटफ्लिक्स' के खिलाफ मानहानि याचिका कैसे विचारणीय है। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सवाल भी खड़े किए।

वानखेड़े ने इन कंपनियों पर वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के जरिये उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव नेवानखेड़े के वकील से पूछा कि दिल्ली में यह याचिका कैसे विचारणीय है। अदालत ने कहा, 'आपकी याचिका दिल्ली में विचारणीय नहीं है। यदि आपका मामला यह होता कि दिल्ली समेत विभिन्न स्थानों पर आपकी मानहानि हुई है और सबसे अधिक नुकसान दिल्ली में हुआ है, तो भी हम इस मामले पर दिल्ली में ही विचार करते। वानखेड़े का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने कहा कि वेब सीरीज दिल्ली समेत विभिन्न शहरों में प्रसारित की जा रही है और इसमें अधिकारी को बदनाम किया गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह याचिका में तदनुसार संशोधन करेंगे।

## चेक बाउंस के लंबित मामलों में कमी लाने को बदले नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **उच्चतम न्यायालय ने लंबित मामलों पर व्यक्त की चिंता**



प्रमुख शहरों की जिला अदालतों में बहुत अधिक संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कम करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें स्वैच्छिक समझौता और आरोपियों की परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रिहाई शामिल है।

न्यायमूर्ति मनमोहन और एनवी अंजारिया की पीठ ने, चेक बाउंस मामलों की सुनवाई करते हुए जहां मुंबई हाईकोर्ट ने जिला अदालतों के समान निष्कर्ष को पलटते हुए आरोपियों को रिहा कर दिया था परक्राम्य लिखत (एनआई) अधिनियम के तहत अपराधों के शमन/समझौते से संबंधित 15 साल पुराने दिशा-निर्देशों में बदलाव किया। खंडपीठ ने कहा कि यह न्यायालय इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेता है कि विभिन्न निर्णयों में इस अदालत द्वारा बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद भारत के प्रमुख महानगरों के जिला न्यायालयों में एनआई अधिनियम के तहत चेक बाउंस के लंबित मामलों की संख्या अब भी बहुत अधिक बनी हुई है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों का हवाला देते हुए खंडपीठ ने कहा कि एक सितंबर तक दिल्ली की जिला अदालतों में एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत लंबित मामले 6,50,283 थे, मुंबई जिला अदालतों में 1,17,190 और कलकत्ता जिला अदालतों में 2,65,985 थे।

### तिरुपति लड्डू विवाद: हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सीबीआई के निदेशक द्वारा शीर्ष अदालत द्वारा गठित एसआईटी से बाहर के एक अधिकारी को प्रसिद्ध तिरुमला तिरुपति मंदिर के 'लड्डू प्रसादम' में इस्तेमाल होने वाले घी में मिलावट की जांच करने की अनुमति देने को न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन बताया गया था। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रसादम तैयार करने में इस्तेमाल किये जा रहे 'मिलावटी घी' की जांच करते समय सीबीआई निदेशक ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन किया। निदेशक की याचिका पर राहत प्रदान करते हुए सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इस जांच की निगरानी जांच एजेंसी के प्रमुख स्वयं कर रहे हैं, ऐसे में अगर विशेष अधिकारी को जांच में सहयोग को कहा जाता है, तो उसमें कुछ गलत नहीं है।

### रुश्दी की किताब पर प्रतिबंध के लिए दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने सलमान रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास द सैटेनिक वर्सेज पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले साल नवंबर के आदेश का हवाला दिया। उच्च न्यायालय ने 1988 में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार द्वारा 'द सैटेनिक वर्सेज' के आयात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बंद कर दी थी और कहा था कि चूंकि अधिकारी संबंधित अधिसूचना पेश करने में विफल रहे हैं, इसलिए यह मान लेना चाहिए कि वह (अधिसूचना) है ही नहीं।

## बाढ़ प्रभावित राज्यों के 27 लाख किसानों को 540 करोड़ रुपये दिए

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र सरकार ने शुक्रवार को तीन बाढ़ प्रभावित राज्यों - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के 27 लाख किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय योजना है, जिसे प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में भूमिधारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू किया था। इस योजना के तहत, डीबीटी से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करने की घोषणा की। यह किस्त विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के किसानों के लिए प्राथमिकता पर जारी की गई, जो हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। तीनों राज्यों के लगभग 2.7 लाख महिला किसानों सहित 27 लाख से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में कुल 540 करोड़ से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। केंद्र ने हिमाचल के 8,01,045 किसानों को 160.21 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। पंजाब के 11,09,895 किसानों को 221.98 करोड़ रुपये मिले, जबकि उत्तराखंड के 7,89,128 किसानों को 157.83 करोड़ रुपये मिले।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में आया मध्यम तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल के रामेछाप जिले में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर चार तीव्रता वाला भूकंप महसूस आया। भूकंप से हालांकि किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, अपराह्न दो बजकर 14 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काठमांडू से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व में रामेछाप जिले के वटैली क्षेत्र में स्थित था। इससे पहले 17 अगस्त को भी इसी जिले में रिक्टर पैमाने पर चार की तीव्रता वाला भूकंप आया था।

### पाकिस्तान: हादसे में एक ही परिवार के 11 की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में देर रात हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। बचाव अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा बृहस्पतिवार देर रात डेरा इस्माइल खान जिले में उस समय हुआ, जब वाहन ब्रेक फेल हो जाने के कारण खाई में गिर गया। वाहन झोब जिले से डेरा इस्माइल खान को ओर जा रहा था। बचाव अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से पांच महिला, एक पुरुष और एक बच्चे के शव समेत सात शव बरामद किए गए। तीन घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया।

### टिकटॉक को अमेरिकी स्वामित्व की मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार सोशल मीडिया मंच 'टिकटॉक' को अमेरिका में, यहां के कानूनों द्वारा तय की गई राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को पूरा करते हुए संचालन जारी रखने की अनुमति होगी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल एक कानून पारित किया था, जिसमें चीनी कंपनी 'बाइटडांस' को निर्देश दिया गया था कि वह 'टिकटॉक' की संपत्तियां अमेरिकी कंपनी को बेच दे नहीं तो ऐप पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इसे मंजूरी दे दी है।

### मिस्र में आग लगने से आठ लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के नील डेल्टा क्षेत्र में शुक्रवार तड़के आग लगने से एक इमारत आंशिक रूप से ढह गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। गवर्नर के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गरबिया प्रांत के कपड़ा निर्माण के लिए प्रसिद्ध एल-महल्ला शहर में एक रंगाई इकाई की दूसरी मंजिल पर बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण बॉयलर फट गया और आग लग गई। इस वजह से इमारत आंशिक रूप से ढह गई।

# ब्रिटेन में काम पाने के लिए लोगों को दिखाना होगा डिजिटल पहचान पत्र

लंदन, एजेंसी

- **अवैध आव्रजन रोकने के लिए नई व्यवस्था लागू करेगी सरकार**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने देश में अवैध रूप से काम करने वाले लोगों पर नकेल कसने के उद्देश्य से डिजिटल पहचान पत्र को अनिवार्य बनाने की अपनी योजना से शुक्रवार को पर्दा उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल पहचान पत्र के बिना कोई भी व्यक्ति ब्रिटेन में रोजगार हासिल नहीं कर सकेगा।

ब्रिटिश सरकार ने कहा कि यह पहचान पत्र ब्रिटेन के सभी नागरिकों और वैध निवासियों के लिए उपलब्ध होगा। उसने दावा किया कि इससे पहचान की पुष्टि के लिए दस्तावेजों के सत्यापन की जटिल प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी, समय की बचत होगी और कल्याणकारी योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

दस डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास और कार्यालय) ने दुनिया के अन्य देशों में लागू इसी तरह की योजनाओं का जिक्र करते हुए भारत का उदाहरण दिया। उसने बताया कि भारत में किस तरह आधार कार्ड ने कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में धोखाधड़ी और विसंगतियों को कम करके हर साल लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर की बचत करने में सरकार की मदद की है।

## भारतीय कंपनियों पर होगा सर्वाधिक असर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है जिससे सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। ट्रंप ने गुरुवार को एक पोस्ट में लिखा कि 1 अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। इससे सिर्फ उन्हीं कंपनियों को छूट मिलेगी जो अमेरिका में अपनी फैक्टरी लगा रही हैं। ट्रंप ने यह भी साफ किया है कि फैक्टरी लगाने से उनका आशय यह है कि यह है कि उन्होंने अमेरिका में अपनी फैक्टरी का शिलान्यस कर दिया है या फैक्टरी निर्माणाधीन है। ट्रंप के इस नए फैसले का सबसे ज्यादा असर भारतीय फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों पर पड़ने की उम्मीद है, इससे बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने की भी आशंका जताई जा रही है। भारत से फिलहाल अमेरिका को करीब एक हजार करोड़ डॉलर की दवाओं का निर्यात होता है।

# दवाओं पर ट्रंप का टैरिफ



### भारत से दवाओं का निर्यात

- भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है।
- वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को निर्यात 21.09 प्रतिशत वृद्धि के साथ 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था।
- पिछले साल फिक्की की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत आपूर्ति भारतीय कंपनियां करती हैं।
- भारत ने पिछले वित्त वर्ष में 30.47 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया था। इसमें 31% अमेरिका को किया गया था।
- अमेरिका के अलावा ब्रिटेन की कुल दवाओं की मांग में से 25 प्रतिशत की आपूर्ति भारत कंपनियों की ओर से की जाती है।

### क्या होगा भारतीय कंपनियों पर असर

- भारत में करीब 3,000 दवा निर्माता और 10,000 से अधिक छोटी-बड़ी फार्मा इकाई हैं।
- इनमें लगभग 600-650 कंपनियों के पास अमेरिका को निर्यात करने का लाइसेंस है।
- इन कंपनियों की कॉस्ट प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाएगी क्योंकि उनकी काफी दवाएं सस्ती हैं।
- सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, सिप्ला जैसी कपनियों की 35% तक अमेरिका से आय होती है।
- इसके अलावा छोटी और मझोली कंपनियों के दौड़ से पूरी तरह बाहर होने की आशंका है।

### भारत में नौकरियों पर प्रभाव

- भारतीय फार्मा इंडस्ट्री में 3 लाख लोग सीधे और 27 लाख अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। 50 से 75 हजार सीधे और डेढ़ लाख तक अन्य रोजगार पर असर पड़ने का अनुमान।

### अमेरिका पर असर

- अमेरिका में हेल्थ केयर का खर्च काफी ज्यादा है और दवाओं की कीमतें पहले से विवादित हैं।
- भारतीय दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ से जेनेरिक दवाओं की कीमतें दोगुनी तक हो जाएंगी।
- इससे मध्यमवर्गीय अमेरिकियों का खर्च असहनीय हो जाएगा, बीमा कंपनियों पर बोझ बढ़ेगा।
- राजनीतिक रूप से ट्रंप को आलोचना झेलनी पड़ेगी क्योंकि वहां जनता सस्ती दवाएं चाहती है।

### यहां भी हमला

- भारी ट्रकों पर 25, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी पर भी 50-50% टैरिफ लगाया है।
- अपहोल्सटर फर्नीचरों पर भी 30% आयात शुल्क लगाने की घोषणा की गई है।
- पहले भारतीय उत्पादों पर 25% टैरिफ लगाया था जिसे बाद में 50% कर दिया गया।

### टैरिफ वार के कारण

- ट्रंप ने शुरू में भारत पर अमेरिकी उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाने का आरोप लगाया था।
- रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया गया।

# यूएन में नेतन्याहू ने दिखाए तेवर, बोले- गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करके रहेंगे

## हल्के शोर-शराबे के बीच दिया भाषण, कई देशों के प्रतिनिधियों ने किया सामूहिक रूप से बायकॉट

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इजराइल को गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करना ही होगा। उन्होंने गाजा में विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने से इन्कार पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद संयुक्त राष्ट्र में एक मुखर भाषण दिया। शुक्रवार को जब वह भाषण देने ही वाले थे, तब कई देशों के प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल से सामूहिक रूप से बाहर चले गए।

जैसे ही इजराइली नेता ने बोलना शुरू किया, हॉल में हल्का शोर सुनाई दे रहा था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल वहीं रुका रहा, जिसने हमास के खिलाफ नेतन्याहू के अभियान में उनका समर्थन किया था। जैसे ही उन्होंने अपना भाषण शुरू किया, कुछ लोगों ने तालियां भी बजाईं। जैसा कि नेतन्याहू अक्सर अतीत में करते आए हैं, उन्होंने एक दृश्य दिखाया जिसमें क्षेत्र का एक नक्शा था जिसका शीर्षक था 'द कर्स' यानी अभिशाप। उन्होंने उस पर एक बड़े मार्कर से निशान लगा रखे थे। वह मंच पर चढ़ते समय विशेष पिन पहने हुए थे जिस पर क्यूआर कोड लगा था। प्रधानमंत्री के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों, मंत्रियों और उनके साथ आए लोगों ने भी वही पिन लगाए हुए थे।

नेतन्याहू ने क्षेत्र में अपने राजनीतिक और सैन्य दृष्टिकोण में अपने प्रमुख सहयोगी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी बार-बार प्रशंसा की। नेतन्याहू को अंतरराष्ट्रीय अलगाव, युद्ध अपराधों के आरोपों और उस संघर्ष को समाप्त करने के बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है जिसे उन्होंने लगातार बढ़ाया है। शुक्रवार का भाषण उनके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिक्रिया देने का एक मौका था।



संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू।

### सीमा पर लगा दिए लाउडस्पीकर ताकि गाजा के लोग भी सुन सकें नेतन्याहू का भाषण

पश्चिम एशिया में इजराइली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है कि गाजा वासी और अन्य लोग नेतन्याहू की बात सुनें। सेना ने इजराइल-गाजा सीमा पर लाउडस्पीकर लगा दिए थे ताकि नेतन्याहू का भाषण सुनाई दे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह भी कहा था कि एक अभूतपूर्व अभियान में इजराइली सेना गाजा के निवासियों और हमास सदस्यों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में लेगी और उनके भाषण का इन मोबाइल के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या ऐसा हो पाया और किस हद तक हो पाया।

### ट्रंप का एलान- इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देंगे

- **अरब नेताओं से वार्ता के बाद बदला रुख, बोले- गाजा पर समझौता जल्द**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने बृहस्पतिवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा, मैं इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्ज़ा करने की इजाजत नहीं दूंगा। ऐसा नहीं होगा। हाल के वक्त में इजराइल का वेस्ट बैंक पर कब्जे की संभावना की बात सामने आई है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है और वह कब्जे की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, बस बहुत हो गया। गाजा पर समझौता जल्द होगा। गाजा की तरह वेस्ट बैंक पर भी फिलिस्तीनी प्राधिकारियों का शासन है। ट्रंप को गाजा में लंबे युद्ध के कारण अरब देशों के नेताओं के दबाव का सामना करना पड़ा है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि कब्जे संबंधी इजराइल का कोई भी कदम लक्ष्मण रेखा लांघने जैसा होगा। इजराइल का 1967 से वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी पर दखल है। फिलिस्तीनी चाहते हैं कि इन क्षेत्रों को मिलकर उनके देश का निर्माण हो।

### संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल की सहयोगी 68 कंपनियों को काली सूची में डाला

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली बस्तियों के साथ व्यापारिक संबंधों के जरिये फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के उल्लंघन में संलिप्तता को लेकर 68 और कंपनियों को शुक्रवार को काली सूची में डाल दिया। काली सूची में उन कंपनियों को शामिल किया गया है, जो वेस्ट बैंक में ज्यादातर लोगों की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध मानी जानी वाली इजराइली बस्तियों को सहयोग एवं सहायता प्रदान करती हैं। इनमें निर्माण सामग्री और खुदाई मशीनों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों से लेकर सुरक्षा, यात्रा और वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां शामिल हैं। 'डेटाबेस ऑफ कंपनी' नाम की इस सूची में अब कुल 158 कंपनियां हैं, जिनमें से ज्यादातर इजराइल की हैं।

# आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया हो एकजुट : भारत

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली, एजेंसी

- **संयुक्त राष्ट्र मंत्रिस्तरीय बैठक में शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण दोहराया**

भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया है। भारत ने आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है।

सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा। उन्होंने सार्वजनिक सेवा वितरण में जवाबदेही, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने, नागरिकों के बीच विश्वास,सामाजिक सामंजस्य एवं स्थायी शांति को बढ़ावा देने के लिए जन-केंद्रित तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने पर जोर देते हुए कहा कि समूचा विश्व एक परिवार की तरह है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि शांति निर्माण कार्य मांग-आधारित और राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी की मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। राजदूत जॉर्ज ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत इस एजेंसी का एक विश्वसनीय साझेदार है, और वह इस क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़ा रहेगा।

इसके अलावा, उन्होंने यूरोपीय संघ की 'बाह्य कार्रवाई सेवा' की महासचिव सुश्री बेलेन मार्टिनेज़ कार्बोनेल से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को मजबूत करने और वैश्विक एवं क्षेत्रीय विकास पर विचारों के आदान-प्रदान पर व्यापक चर्चा की।

### एफबीआई के पूर्व निदेशक कॉमी पर संसद में झूठ बोलने और कार्यवाही बाधित करने के आरोप में मामला दर्ज



**वाशिंगटन।** एफबीआई के पूर्व निदेशक जेम्स कॉमी पर झूठा बयान देने और कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अटॉर्नी जनरल से कॉमी और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर अभियोजन कार्रवाई शुरू करने का आग्रह के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है। एफबीआई के पूर्व निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज होने के कुछ ही मिनटों बाद उनके दामाद ट्रॉय एडवर्ड्स ने संघीय अभियोजक के पद से इस्तीफा दे दिया। एडवर्ड्स ने इस्तीफे में लिखा कि उन्होंने संविधान और देश के प्रति अपनी शपथ निभाने के लिए नौकरी छोड़ी है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे अमेरिका के लिए न्याय बताया। ट्रंप की करीबी मानी जाने वाली अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और एफबीआई निदेशक काश पटेल ने भी इस कार्रवाई का समर्थन किया। कॉमी ने आरोप लगने के बाद एक वीडियो में कहा, मुझे अदालतों पर पूरा भरोसा है, मैं बेगुनाह हूं। अब अदालत में ही बात करेंगे।

# परमाणु क्षमता बढ़ाने की दिशा में भारत के काम की सराहना

मास्को, एजेंसी



- **विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक ने कहा- दुनिया भारत को देख रही**

विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा कि भारत स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन, भारत और एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है।

यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। लियोन ने कहा कि कई देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है। लियोन ने परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस संबंधों पर बातचीत करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग हैं।

# यमन की राजधानी पर इजराइली हमला नौ लोगों की मौत

**अदन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को कहा कि उनके कब्जे वाली देश की राजधानी सना पर एक दिन पहले हुए इजराइली हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए हैं।

इससे पहले, बुधवार को दक्षिणी इजराइली शहर ऐलात में हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए ड्रोन हमले में 22 लोग घायल हो गए थे, जिसके बाद इजराइल ने जवाबी हमला किया। यमन के हूती-नियंत्रित उत्तरी हिस्से के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मृतकों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन वृद्ध शामिल हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि घायलों में 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 वृद्ध शामिल हैं।

# व्हाइट हाउस में शहबाज और मुनीर से मिले ट्रंप

## शहबाज ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का श्रेय देकर ट्रंप को शांति पुरुष बताया

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की, जहां उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, छह साल में व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज ने ट्रंप को दुनिया भर में संघर्षों को समाप्त करने के उनके ईमानदार प्रयासों के लिए शांति पुरुष बताया और पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम कराने में उनके साहसी और निर्णायक नेतृत्व की सराहना की। जुलाई 2019 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने वाशिंगटन की यात्रा की थी और राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की थी, जिन्होंने पाकिस्तान पर अरबों डॉलर की सहायता प्राप्त करते हुए अमेरिका से झूठ बोलने, धोखा देने आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया था। ट्रंप के उत्तराधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया था और व्हाइट हाउस में आमंत्रित करना तो दूर, किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से फोन पर बात तक नहीं की थी।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा करते हुए, शहबाज ने विशेष रूप से गाजा और पश्चिमी तट में शांति बहाली के लिए विचारों के आदान-प्रदान के वास्ते मुस्लिम नेताओं को आमंत्रित करने की ट्रंप की पहल की सराहना की। विश्वास जताया कि ट्रंप के नेतृत्व में पाकिस्तान-अमेरिका साझेदारी पारस्परिक लाभ के लिए और मजबूत होगी।



व्हाइट हाउस में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के साथ ट्रंप।

### आतंक पर समर्थन के लिए ट्रंप को धन्यवाद

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई में पाकिस्तान की भूमिका का सार्वजनिक समर्थन करने के लिए ट्रंप का आभार जताया और सुरक्षा एवं खुफिया क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी सुविधानुसार पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा करने का निमंत्रण भी दिया।

### ट्रंप ने शहबाज शरीफ को बताया महान नेता


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैठक से पहले मीडिया को बताया कि व्हाइट हाउस में एक महान नेता आने वाले हैं। ट्रंप ने कहा, असल में हमारे पास एक महान नेता आ रहे हैं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल। फील्ड मार्शल एक शानदार इंसान हैं और प्रधानमंत्री भी। यह बैठक लगभग एक घंटे 20 मिनट तक चली।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 27 सितंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 12.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अनुराधा 28 सितंबर 01.08 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज अति-आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में अधिक बड़ा प्रयोग न करें। जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए।

**वृष:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। बौद्धिक कार्यों में आप भाग लेंगे। शोध कार्य में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहने वाला है।

**मिथुन:** आज विरोधी आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आस्था कम हो सकती है। कार्यक्षेत्र में लक्ष्य सरलता से प्राप्त कर लेंगे। आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क:** आज तनाव का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है, इसीलिए तनाव से बचें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य लें। नए अनुबंध हो सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अपनी क्षमता पर अविश्वास न करें।

**सिंह:** आज व्यापार में आपकी लापरवाही अत्यधिक नुकसानदेह सिद्ध होगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। पारिवारिक वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**कन्या:** आज व्यापार में अचानक धन-लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च पद प्राप्त होने की संभावना है। आपकी आय बहुत ही अच्छी रहेगी। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। करियर को लेकर शुभ-सूचना मिल सकती है।

**तुला:** आज लंबी दूरी की यात्रा से आपको धन लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। दांपत्य संबंध बहुत ही अच्छा रहेगा। आप अध्ययन के प्रति रुचि लेंगे। छोटे बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। व्यापार में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपको अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिलेगा। आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। महिलाएं शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। पैतृक संपदा मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नकारात्मक शब्दों का प्रयोग न करें। कानूनी मामलों में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। उच्च अधिकारियों के साथ आपको परेशानी हो सकती है। परिवार में कलह का वातावरण रहेगा।

**मकर:** आज नौकरी में उच्च पद मिलने की संभावना है। व्यवसाय में बड़ी साझेदारी करने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक सहायक सिद्ध होगी। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है।

**कुंभ:** आज आप लोगों की सहायता करना चाहेंगे। संतान की उन्नति से आप प्रसन्न रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष रुचि लेंगे। आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों से आपके संबंध सुधरेंगे। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा।

**मीन:** आज आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा करेंगे। परिजनों के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। व्यापार कर रहे लोगों को नए निवेशक मिल सकते हैं। सहकर्मी आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। माता की सेहत का ध्यान रखें।

## सुडोकू - 112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

### सुडोकू - 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |



इस बार, महिला क्रिकेट टीम विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। मैं हमेशा टीम इंडिया के साथ खड़ा रहूंगा।

**-टाइगर श्रॉफ**

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शनिवार 27 सितंबर 2025

## हाईलाइट

### भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को हराया

**लखनऊ :** केएल राहुल (नाबाद 176) और साई सुदर्शन (100) की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरु किया। भारत ए ने 93 .3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

### जमाल ने गोलकोंडा मास्टर्स खिताब जीता

**हैदराबाद :** बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को यहां भारी बारिश के कारण अंतिम दौर रद्द किए जाने के बाद एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स का विजेता घोषित किया गया। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा उपविजेता रहे। टूर्नामेंट का नतीजा 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया। हुसैन (61-62-64) तीसरे दौर के बाद 54 होल में 23 अंडर 187 के स्कोर की बदौलत चार शॉट से आगे चल रहे थे। इस तरह उन्होंने अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता।

### पैसिफिक बैडमिंटन में चार पदकों पर कब्जा

**नई दिल्ली :** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। विशेष ओलंपिक भारत की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हारी

**कैनबरा :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां नेशनल हॉकी सेंटर में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-21 टीम से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए लालथंतलुआंगी (47वें मिनट) और सोनम (54वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए बियांका जुरर (36वें मिनट), एवी स्रांसबी (45वें मिनट) और सैमी लव (59वें मिनट) ने गोल दागे। मैच के शुरुआती हाफ में दोनों टीम गोल करने में नाकाम रही। जुरर ने मध्यांतर के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर ऑस्टेलिया का खाता खोला जबकि इसके नौ मिनट के बाद स्रांसबी के गोल से टीम ने 2-0 की बढ़त कायम कर ली।

## दबाव लिए बिना खेल का लुत्फ उठाना चाहती हूं : हरमनप्रीत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को आगामी आईसीसी महिला वनडे विश्व कप से पहले प्रशंसकों की उम्मीदों के बारे में पता है लेकिन वह पहली बार खिताब जीतने के दबाव में आए बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहती हैं। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 30 अक्टूबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगा।



आईसीसी के कप्तानों के संवाददाता सम्मेलन में भाग लेतीं भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट और न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन। एजेंसी

हरमनप्रीत ने आईसीसी द्वारा आयोजित कप्तानों की संवाददाता सम्मेलन में कहा मुझे लगता है कि अपने देश की कप्तानी करना किसी भी खिलाड़ी के लिए हमेशा एक खास पल होता है। वनडे विश्व कप में अपने देश की कप्तानी करना और भी खास होता है और उससे भी बढ़कर यह घरेलू विश्व कप है इसलिए यह और भी विशेष है। उन्होंने कहा मेरा मतलब है, यह अविश्वसनीय है। जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मुझे अपने देश की कप्तानी करने का मौका मिलेगा, यह बस एक सपना ही था।

उन्होंने कहा वनडे विश्व कप 12 साल बाद भारत में हो रहा है और मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए बेहद शानदार होने वाला है। हम दबाव लिए बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहते है। भारत पांच अक्टूबर को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा, लेकिन हरमनप्रीत इस मैच से जुड़ी राजनीतिक बातों की चिंता करने के बजाय क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है।

### भारत को हराना मुश्किल होगा : हीली

गत विजेता ऑस्ट्रेलिया की टीम सात बार चैंपियन रही है। कप्तान एलिसा हीली से जब पूछा गया कि क्या यह रिकॉर्ड उनके लिए एक बड़ी मुसीबत है? तो उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि किसी भी समय चीजों को लेकर बहुत ज्यादा आत्ममुग्ध होना ऑस्ट्रेलिया की संस्कृति में है। मुझे नहीं लगता कि यह इससे आसान हो सकता है। मुझे लगता है कि भारत को उसके घरेलू मैदान पर हराना वाकई बहुत मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में भारत को उसके घरेलू मैदान पर एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हराकर अपनी तैयारियों को मजबूत किया।

- **कप्तानों के संवाददाता सम्मेलन में हरमनप्रीत ने कहा देश के लिए खेलना हमेशा होता है खास**

### इन कप्तानों ने लिया ऑनलाइन भाग

पाकिस्तान (फातिमा सना), श्रीलंका (चामरी अटापट्टू), दक्षिण अफ्रीका (लौरा वोल्वार्ड्ट) और बांग्लादेश (निगार सुल्ताना जोती) की कप्तानों ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया।

### भारत के खिलाफ श्रीलंका दबाव में नहीं : अटापट्टू

अटापट्टू ने कहा कि गुवाहाटी में टूर्नामेंट के पहले मैच में प्रबल दावेदार भारत से भिड़ने से पहले श्रीलंका की टीम किसी दबाव में नहीं है।

### बेखौफ खेलने का मौका मिलेगा : सोफी

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि उनकी टीम के लिए यह अच्छा है कि सब का ध्यान भारत और ऑस्ट्रेलिया पर है। ऐसे में उनकी टीम को बेखौफ क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। मुझे लगता है कि लोगों ने इसका जिक्र किया है और आप इस बारे में बात करते रह सकते हैं कि हमने पिछले साल (टी20) विश्व कप कैसे जीता था, लेकिन यह बिल्कुल अलग प्रारूप है। हमें पिछले साल दुबई से मिली सीख को अपनाना होगा। नैट-साइवर ब्रंट को इंग्लैंड की कप्तान और उनकी मुख्य बल्लेबाज होने की दोहरी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। दायें हाथ की यह बल्लेबाज इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## एशिया कप के आखिरी सुपर 4 में भारत ने श्रीलंका को दिया 203 रनों का लक्ष्य

### बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने खेली ताबड़तोड़ पारियां

**दुबई, एजेंसी**

अभिषेक शर्मा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक लगाया जबकि संजू सैमसन ने 39 रन की उपयोगी पारी खेलकर श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप के आखिरी सुपर 4 मैच में शुक्रवार को भारत को पांच विकेट पर 202 रन तक पहुंचाया।

यह इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले भारत ने ओमान के खिलाफ और अफगानिस्तान ने हांगकांग के खिलाफ 188 रन बनाये थे। अभिषेक ने 31 गेंद में 61 रन बनाये जबकि पांचवें नंबर पर सैमसन ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा ने 34 गेंद में नाबाद 49 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट की तरह अभिषेक ने पावरप्ले में गेंदबाजों को खासी नसीहत दी और अर्धशतकों की हैट्रिक लगाई। उन्होंने इस पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाये जबकि शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव सस्ते में आउट हो गए। अभिषेक हालांकि तीसरी बार शतक से चूक गए और श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका की गेंद पर डीप मिडविकेट सीमा पर कैच दे बैठे। गिल चार रन बनाकर महीष तीक्षणा का शिकार हुए। कप्तान सूर्यकुमार (12) को वानिंदु हसरंगा ने पगबाधा आउट किया। नये बल्लेबाजी क्रम में अपनी लय तलाश रहे सैमसन टूर्नामेंट में पहली बार शानदार फॉर्म में दिखे। उन्होंने तीन छक्के लगाये जिनमें हसरंगा को लगाया गया छक्का शानदार था। उन्होंने जगह बनाने के लिए अपने फ्रंटफुट को लेग स्टंप के बाहर रखा और साइट स्क्रीन पर तूफानी छक्का लगाया। अगले ओवर में उन्होंने दासुन शनाका को छक्का लगाया। उन्होंने तिलक के साथ 66 रन की साझेदारी की। अक्षर पटेल ने पारी का अंत छक्के से किया।





भारत के अभिषेक शर्मा श्रीलंका के खिलाफ शॉट लगाते हुए। एजेंसी

### यॉर्कशायर के लिए मयंक अग्रवाल ने जड़ा बड़ा शतक

**हेडिंग्ले :** भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (175) ने डरहम के ख़िलाफ यॉर्कशायर के लिए हेडिंग्ले में एक बेहतरीन शतक लगाया। इस शतक की मदद से उनकी टीम पहली पारी की बढ़त लेने की कगार पर है, ताकि वे रेलिगेशन से बचने की उम्मीद कर सके। यह यॉर्कशायर का इस काउंटी सीजन आख़िरी मैच है। धूप भरे लीड्स के मैदान में यह बल्लेबाजों का दिन था, जहां दो खिलाड़ियों ने शतक लगाए।

## भारत-पाक झड़पों पर आईसीसी ने की कार्रवाई

- **सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया**
- **सजा के खिलाफ बीसीसीआई ने की अपील**
- **हारिस रऊफ पर भी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना**
- **साहिबजादा फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया**

**दुबई, एजेंसी :** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमों में बढ़ते तनाव के बीच आईसीसी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले पर टिप्पणी के लिए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया है जिसके खिलाफ बीसीसीआई ने अपील की है। जबकि भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के हारिस रऊफ को भी समान सजा सुनाई गई है। वहीं रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान बंदूक चलाने के अंदाज में जश्न मनाने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की।

टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा आईसीसी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए टूर्नामेंट खत्म होने तक कोई आधिकारिक विज्ञप्ति जारी नहीं करेगी। यह विज्ञप्ति सोमवार को आ सकती है चूंकि भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल रविवार को खेला जाना है। दोनों टीमों के बीच अभी तक दो मैच हुए और दोनों भारत ने जीते हैं। आईसीसी को सजा के बारे में प्रेस विज्ञप्ति जारी करनी थी लेकिन बाद में तय किया गया कि टूर्नामेंट खत्म होने के बाद ऐसा किया जाएगा।

### बीसीसीआई फैसले से सहमत नहीं

समझा जाता है कि बीसीसीआई रिचर्डसन की इस राय से सहमत नहीं है कि सूर्यकुमार ने आतंकवादी हमले के पीड़ितों और अपने देश की सेना के प्रति एकजुटता दिखाकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है। जानकार सूत्र ने कहा अगर भारतीय सेना के लिए खड़े होने वाले अपने कप्तान को बीसीसीआई सजा से बचा नहीं पाती तो इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। बीसीसीआई को कप्तान के लिए फटकार भी स्वीकार नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसके भी मायने होंगे कि कप्तान सूर्यकुमार यादव दोषी है।

## सिर्फ फाइनल का नतीजा रखेगा मायने : हेसन

**दुबई, एजेंसी**

एशिया कप में भारत के हाथों दो शर्मनाक पराजय झेलने के बावजूद पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन का मानना है कि अब सब सिर्फ फाइनल का नतीजा मायने रखता है। जिसमें टूर्नामेंट में 41 साल में पहली बार चिर प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने होंगे।

भारत ने ग्रुप लीग मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और सुपर 4 में छह विकेट से हराया। बांग्लादेश को 11 रन से हराने के बाद हेसन से जब पूछा गया कि रविवार के फाइनल के लिए उन्होंने खिलाड़ियों को क्या संदेश दिया है तो उन्होंने कहा हमें पता है कि हम 14 सितंबर को और 21 सितंबर को खेले थे। लेकिन अब सिर्फ एक ही मैच मायने रखता है और वह है फाइनल।

हमारा फोकस उसी पर है। हम सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने की कोशिश करेंगे। भारत और पाकिस्तान 1984 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कभी भी फाइनल में नहीं भिड़े हैं।

## चाइना ओपन में गॉफ का विजयी आगाज

**बीजिंग (चीनी), एजेंसी**

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शुक्रवार को रूस की कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में हराकर चाइना ओपन में अपने खिताब के बचाव के अभियान की शुरुआत की। आज यहां खेले गए मुकाबले में गॉफ ने राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराया।

21 वर्षीय अमेरिकी टेनिस स्टार के लिए पहले सेट में युवा खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, क्योंकि उन्हें चार ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट की शुरुआत में कुछ और ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, उन्होंने पहले दौर का मुकाबला मात्र 44 मिनट में जीत लिया।

मैच के बाद गॉफ ने कहा मुझे उम्मीद थी कि मुकाबला कांटे का होगा। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों के साथ कड़ी टक्कर दी है। मैंने अपनी लय पकड़ ली और लय में आ गई। कोई भी पहला राउंड हारना नहीं चाहता, इसलिए मुझे लगता है कि मैं थोड़ी तनाव में थी, लेकिन मैं खुद को संभालने में कामयाब रही और मुझे लगता है कि इसका असर मेरे स्कोर पर दिखा।

### सिनर ने सिलिच को आसानी से हराया

शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-2, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिनर ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और पहले सेट में तेज रिटर्न और प्रभावशाली बेसलाइन खेल से दो बार विपक्षी की सर्विस तोड़ी। दूसरे सेट में, उन्होंने 5-1 की बढ़त बना ली और बिना किसी कठिनाई के मैच जीत लिया। इससे पहले चीन के झांग झिझेन पहले दौर में फ्रांस के टेरेंस एटमाने से 2-0 से हार गए।



चीन में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल मैच में अमेरिका की कोको गॉफ कामिला राखिमोवा के खिलाफ शॉट लगाती हुई। एजेंसी

## क्रिकेटरों के तरीके ने प्रेरित किया : बोल्ट

**मुंबई, एजेंसी**

महान धावक उसेन बोल्ट का कहना है कि प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखने के बाद क्रिकेट उनके लिए ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बना था। बोल्ट का नाम रफ्तार और विश्व रिकॉर्ड का पर्याय है, उन्होंने अपने करियर का अंत आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पोडियम स्थान के साथ किया जो कभी भी किसी भी ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ने हासिल नहीं किया।

जमैका के इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को जमनाबाई नरसी परिसर में फायरसाइड चैट में कहा मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा मुरीद रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को बढ़ते हुए देखना, वे जिस तरह से काम करते, वे जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते और खुद को पेश करते थे, उसने मुझे कम उम्र में कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। जमैका ने माइकल होल्डिंग, कर्टनी वॉल्श, क्रिस गेल और जेफ डुजॉन जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर दिए हैं तो हो सकता है कि बोल्ट पर उनका प्रभाव पड़ा हो। बोल्ट के नाम 100 मीटर में 9.58 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड है।





मुंबई के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जमैका के पूर्व धावक उसेन बोल्ट।

खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। मुझे ट्रैक एंव फील्ड बहुत पसंद है इसलिए यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं बचपन से पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है।

**-उसेन बोल्ट**

जमैका के 39 वर्षीय एथलीट ने कहा यह कठिन सफर था क्योंकि शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता, लेकिन मैं सचमुच दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता था इसलिए मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन समय के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए प्रेरित किया, इसलिए यह सिर्फ समर्पण है।

## फीफा ने विश्व कप के लिए तीन शुभंकर घोषित किए

**ज्यूरिख :** फीफा ने गुरुवार को 2026 विश्व कप के लिए तीन आधिकारिक शुभंकर घोषित किए। कनाडा का मूस मेपल, मेक्सिको का जगुआर जायु और संयुक्त राज्य अमेरिका का बाल्ड ईगल क्लच, जो तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के पहले संस्करण का प्रतिनिधित्व करेंगे। मेपल, जायु और क्लच को एकता, विविधता और फुटबॉल के प्रति साझा जुनून के प्रतीक के रूप में पेश किया गया।

प्रत्येक शुभंकर को अपने देश की संस्कृति और भावना को प्रतिबिंबित करते हुए दुनिया भर के प्रशंसकों को प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया था। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा मेपल, जायु और क्लच फीफा विश्व कप की तरह ही खुशी, ऊर्जा और एकजुटता की भावना से भरपूर हैं।


**इंतजार खत्म** | विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के मुकाबले आज से होंगे शुरू

## घरेलू सरजमीं पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को भारत तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ब्लेड रनर, कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर की मदद से प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के कुछ बेहतरीन पैरा खिलाड़ी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शनिवार से यहां शुरू हो रही अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अद्भुत साहस, संकल्प और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

भारत विश्व पैरा खेलों का उभरती हुई ताकत बन चुका है और पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। पांच अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के 12वें सत्र का उद्घाटन बृहस्पतिवार को यहां के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। यह अब तक की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स चैपियनशिप है जिसमें 104 देशों के लगभग 2200 खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद है। भारत, कतर (2015), यूएई (2019) और जापान (2024) के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना है। इस दौरान 1500 से अधिक पैरा एथलीट 186 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे जो 2024 के जापान (कोबे) सत्र से 15 अधिक हैं।



शुभंकर विराज।

पेरिस पैरालंपिक में 308 (112 स्वर्ण, 96 रजत और 100 कांस्य) पदक जीतने वाले से 100 से अधिक पदक विजेता यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार कुल 101 पुरुष, 84 महिला और मिश्रित स्पर्धा होंगी। यह पहली बार है जब भारत इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। विश्व पैरा एथलेटिक्स के अध्यक्ष पॉल फिट्जगेराल्ड ने कहा कि इसमें कई विश्व रिकॉर्ड बनेंगे और नए चैंपियन सामने आएंगे। उन्होंने विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत की सराहना की। उन्होंने कहा अब तक की सबसे बड़ी पैरा विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी का श्रेय भारत को जाता है। यह पहली बार है जब पैरा एथलेटिक्स के लिए प्रतियोगिता और अभ्यास स्थल दोनों जगहों पर मोंडो ट्रैक बिछाई गई है। यह ट्रैक खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर करने के साथ चोट के खतरे को कम करती है। अभ्यास क्षेत्र में फ्लड लाइट्स भी लगाई गई हैं ताकि खिलाड़ी सुबह या सूर्यास्त के बाद भी अभ्यास कर सकें। इसके पास एक अत्याधुनिक फिटनेस सेंटर भी बनाया गया है।

### शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य

भारत अपने अब तक के सबसे बड़े 74 एथलीटों के दल को मैदान में उतारते हुए पदक तालिका में शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य बना रहा है। भारत ने 2019 में दुबई सत्र में नौ पदक (दो स्वर्ण, दो रजत, पांच कांस्य), 2023 में पेरिस में 10 (तीन स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य) और 2024 में जापान के कोबे में 17 पदक (छह स्वर्ण, पांच रजत, छह कांस्य) जीतकर छठा स्थान हासिल किया था। दीप्ति जीवनजी (महिला 400 मीटर टी20), सचिन खिलारी (पुरुष गोला फेंक एफ46), अंतिल (पुरुष भाला फेंक एफ64), एकता भ्यान (महिला क्लब थ्रो एफ51) और सिमरन शर्मा (महिला 200 मीटर टी12) 2024 में जीते गए अपने स्वर्ण पदकों का बचाव करने की उम्मीद करेंगी।